भोपाल
गुरुवार, 14 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-06
वर्ष : 12, अंक : 135
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 27
न्यून. 23

haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

### एमपी बोर्ड: परीक्षा कार्यक्रम जारी

## 10वीं की 11 और 12वीं की 7 फरवरी से



**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र ने दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दसवीं की परीक्षाएं 11 फरवरी 2026 से शुरू होंगी और पहला पेपर हिंदी का होगा। वहीं कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं 7 फरवरी 2026 से शुरू होंगी। बारहवीं की विद्यार्थी भी पहला पेपर हिंदी का देंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर सुबह 8 बजे तक उपस्थित होना ▸▸ शेष पेज 6 पर

### गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में दोपहर करीब एक बजे हिंद फार्मा फैक्ट्री के पास एडीआईएसएच फैक्ट्री से गैस रिसाव

# क्लोरीन के 30 बैग से रिसाव, गैस इंद्रपुरी तक पहुंची लोगों की आंखों में जलन व सांस लेने में दिक्कत हुई

» आसपास का क्षेत्र कराया खाली, लोगों को करीब 2 घंटे तक सुरक्षित स्थान पर रखा कास्टिक सोडा डालकर गैस को न्यूट्रल किया

» कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सीएमएचओ, नगर निगम और उद्योग विभाग की संयुक्त टीम से जांच रिपोर्ट मांगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸भोपाल

गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में बुधवार दोपहर क्लोरीन गैस रिसाव से अफरा-तफरी मच गई। दोपहर करीब एक बजे हिंद फार्मा फैक्ट्री के पास एडीआईएसएच फैक्ट्री से गैस रिसाव की खबर फैल गई।

दरअसल, फैक्ट्री के आसपास सफेद धुआं उठता देख लोगों ने नगर निगम के फायर कंट्रोल रूम को आग लगने की सूचना दी। फायर फाइटर्स ने पानी का छिड़काव किया, लेकिन पानी पड़ते ही धुआं और अधिक फैल गया, जो हवा के साथ इंद्रपुरी तक पहुंच गया। धुएं से कुछ लोगों की आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत होने लगी। हालात बिगड़ते देख दमकल दल ने आसपास के दफ्तरों को खाली कराकर लोगों को करीब दो घंटे तक सुरक्षित स्थान पर भेजा।

फायर अमले ने सुरक्षा किट पहनकर धुएं की पड़ताल की तो पता चला कि वहां 20 से 30 बैग क्लोरीन के रखे हुए थे, जिनमें रॉ मैटेरियल भरा था। नमी के कारण धुआं उठ रहा था और पानी पड़ने से रासायनिक प्रतिक्रिया तेज होकर धुआं बढ़ गया। टीम ने कास्टिक सोडा डालकर ▸▸ शेष पेज 6 पर

### जांच में दोषी मिले तो कार्रवाई होगी



कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सीएमएचओ, नगर निगम और उद्योग विभाग की संयुक्त टीम से जांच रिपोर्ट मांगी है। एसडीएम ने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सौरभ कुमार पटेल, फायर आफिसर ने कहा कि एडीआईएसएच फैक्ट्री में रखे तीस से अधिक क्लोरीन बैग पर पानी गिरने से रासायनिक क्रिया की वजह से धुआं उठा था। घटना के समय क्षेत्र में बिजली गुल थी। पहले बिजली ऑन कर फैक्ट्री के एग्जास्ट फैन चलवाए गए, जिससे धुआं बाहर निकले।

### फैक्टरी से बाहर निकालकर डिफ्यूज किए क्लोरीन बैग

फायर अमले ने क्लोरीन के बैग बाहर निकालकर डिफ्यूज किए गए। पूरी प्रक्रिया में ढाई से तीन घंटे का समय लगा। गैस रिसाव की आशंका की सूचना मिलते ही नगर निगम, एसडीएम, एसडीईआरएफ, पुलिस और बिजली कंपनी की टीम मौके पर पहुंच गई थी। अधिकारियों ने स्थिति पर काबू पाकर लोगों को आश्वस्त किया कि यह केवल रासायनिक प्रतिक्रिया से उठने वाला धुआं था, कोई बड़ा रिसाव नहीं हुआ।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आईसीसी रैंकिंग: रोहित ने बाबर आजम को पछाड़ा



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बुधवार को पुरुष खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी की है। भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा को बैठे-बिठाए फायदा मिला है। वह वनडे बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान चढ़कर दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम बाबर 751 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर हैं।

### राज्यपाल के हाथों डिग्री लेने से छात्रा का इनकार



**चेन्नई।** तमिलनाडु की मनोनमनियम सुंदरनार यूनिवर्सिटी के 32वें दीक्षांत समारोह में पीएचडी स्कॉलर छात्रा जीन जोसेफ ने राज्यपाल आरएन रवि से अपनी डिग्री लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने स्टेज पर राज्यपाल के बजाए वाइस चांसलर एन. चंद्रशेखर से डिग्री ली। इसका वीडियो भी सामने आया है।

### राहुल की बिना अनुमति याचिका, वापस लेंगे



**नई दिल्ली।** वीर सावरकर पर की गई टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे आपराधिक मानहानि मामले में उनके वकील ने पुणे कोर्ट में एक याचिका दाखिल की है। जिसमें राहुल की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। राहुल के वकील ने कहा है कि मुवक्किल के अनुमति के बिना याचिका दायर की थी। जिसे वे गुरुवार को वापस ले लेंगे।

### मुख्यमंत्री ने कहा- नशे के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के खिलाफ जारी रहेगी ठोस कार्रवाई

# लव जिहाद व नशे के कारोबारियों की हमने ढूंढ-ढूंढ कर 'गर्दन' नापी



हरिभूमि न्यूज ▸▸भोपाल

मुख्यमंत्री ने नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर नशा मुक्ति के लिए दिलाई शपथ

*डॉ. यादव ने कहा कि कोई कितनी भी बड़ी अप्रोच वाला हो, कुछ भी हो, कोई भी मास्टरमाइंड हो, ऐसे कारोबारी को हम छोड़ेंगे नहीं। सरकार समाज से नशे की बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए संकल्पित है।*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की है। कोई कितना भी पहुंच वाला क्यों न हो, आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस नशा कारोबारियों के मास्टरमाइंड पर शिकंजा कस रही है। लव जिहाद व नशे के कारोबारियों को हमने ढूंढ-ढूंढ कर कार्रवाई की है। जहां-जहां जरूरत पड़ रही है, वहां हमारी पुलिस खड़ी दिखाई दे रही है।

कोई कितनी भी बड़ी अप्रोच वाला हो, कुछ भी हो, कोई भी मास्टरमाइंड हो, ऐसे कारोबारी को हम छोड़ेंगे नहीं। सरकार समाज से नशे की बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को रवींद्र भवन स्थित हंसध्वनि सभागार में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर आयोजित राज्य स्तरीय वृहद नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नशा परिवार, ▸▸ शेष पेज 6 पर



### चीन और पाकिस्तान को खुश करने में लगी है कांग्रेस

**इंदौर।** इंदौर में आयोजित तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। 500 से अधिक मंचों पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता चीन और पाकिस्तान को खुश करने में लगे हैं। कांग्रेस के द्वारा की गई गलतियों को आज भी देश भुगत रहा है। कांग्रेस ने नदियों के लिए जो संधियां की उन्हें आज भी हम झेल रहे हैं। इससे दुश्मन ▸▸ शेष पेज 6 पर

» मुख्यमंत्री ने 56.52 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों को 339 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का किया अंतरण

» प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराब दुकानों और बार पर प्रतिबंध लगाया गया

### 339 करोड़ रुपए की पेंशन का सिंगल क्लिक से अंतरण

मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख 52 हजार से अधिक हितग्राहियों के खातों में 339 करोड़ रुपए की पेंशन का सिंगल क्लिक से अंतरण भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने नशा मुक्ति पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने वर्ष 2023-24 के लिए विवेकानंद नशा मुक्ति पुरस्कार भी वितरित किए। इसमे शुद्धि नशामुक्ति केंद्र के अध्यक्ष राजीव तिवारी, शहीद भगत सिंह सेवा समिति से सुजीत कुमार द्विवेदी, अतिरिक्त पुलिस उप-आयुक्त इंदौर राजेश दंडौतिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिशा प्रशांत ▸▸ शेष पेज 6 पर

### नशा मुक्ति के लिए गायत्री परिवार और ब्रह्मा कुमारी के कार्य सराहनीय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि व्यक्ति को सकारात्मक विचारों से प्रेरणा लेकर स्वयं नशा छोड़ते हुए दूसरों को भी नशा से मुक्ति के लिए प्रेरित करने का संकल्प लेना चाहिए। समाज को जागरुक करने के लिए गायत्री परिवार और ब्रह्मा कुमारी संस्था सराहनीय कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने सभागार में उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि ▸▸ शेष पेज 6 पर

### जज वर्मा के पास इस्तीफा देना ही एकमात्र विकल्प

# संसद ने हटाया तो नहीं मिलेंगे पेंशन भत्ते समेत 'अन्य लाभ'

वे मौखिक रूप से भी दे सकते हैं इस्तीफा



एजेंसी ▸▸नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए एक समिति गठित की है। ऐसे में संसद की ओर से हटाए जाने से पहले उनके पास एकमात्र विकल्प इस्तीफा देना ही बचा है। इस समिति में सुप्रीम ▸▸ शेष पेज 6 पर

### क्या कहता है संविधान का अनुच्छेद 217

संविधान के अनुच्छेद 217 के मुताबिक हाईकोर्ट के जज अपने हस्ताक्षर के साथ अपना इस्तीफा दे सकते हैं। जज के इस्तीफे को किसी ▸▸ शेष पेज 6 पर

### आज होगी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# आवारा कुत्तों से जुड़े मामले को सुनेगी तीन जजों की बेंच

» सीजेआई ने कहा था इस मुद्दे पर विचार करेंगे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यों की नई बेंच का गठन किया है।

सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों की यह बेंच गुरुवार को सुनवाई करेगी। इसे पहले बुधवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि वह आवारा कुत्तों से संबंधित मुद्दे पर विचार करेंगे क्योंकि एक वकील ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट की विभिन्न पीठों द्वारा जारी किए गए निर्देश परस्पर विरोधी हैं। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने मामले को सुनने के लिए बड़ी पीठ का गठन किया है। मामले की सुनवाई ▸▸ शेष पेज 6 पर

### पहलवान सुशील कुमार को झटका

## आत्मसमर्पण का दिया आदेश, जमानत रद्द



■ गवाहों को धमकाने का आरोप

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी है और उन्हें एक सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। सुशील जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या का मुख्य आरोपी है और उसे मई 2021 में गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस संजीव नरूला के आदेश पर वह मार्च से जमानत पर बाहर ▸▸ शेष पेज 6 पर

### पूर्व क्रिकेटर रैना की बढ़ी मुश्किलें

## सट्टेबाजी एप में नाम ईडी ने की पूछताछ



■ पीएमएलए के तहत बयान दर्ज किया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष एक कथित अवैध सट्टेबाजी एप से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए पेश हुए। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज किया। यह जांच 1 एक्स बेट नामक एक अवैध सट्टेबाजी एप से जुड़ी है। ऐसा माना जा रहा है कि 38 वर्षीय पूर्व ▸▸ शेष पेज 6 पर

### एनएबीएच की मान्यता प्राप्त

## आरएमएल देश का पहला सरकारी अस्पताल बना



■ डेढ़ हजार बेड वाला अस्पताल

**नई दिल्ली।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल और अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान देश का पहला केंद्रीय सरकारी अस्पताल बन गया है, जिसे नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) से पूर्ण सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। यह मान्यता अस्पतालों के लिए देश में गुणवत्ता का एक महत्वपूर्ण मानक मानी जाती है। अस्पताल के निदेशक ▸▸ शेष पेज 6 पर

### कांग्रेस विधायक मिश्रा के बिगड़े बोल

## भरे मंच से एसपी सिंह को कहा 'अर्धनारीश्वर'



■ पटवारी व सिंघार ने बजाई ताली

**रीवा।** यहां मंगलवार को हुए कांग्रेस के न्याय सत्याग्रह में सेमरिया से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने विवादित बयान देकर सियासत में उबाल ला दिया। कांग्रेस विधायक ने शब्दों की मर्यादा को दरकिनार करते हुए पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह को आधा पुरुष और आधा महिला कहा। उन्होंने भरे मंच से आईपीएस अधिकारी को अर्धनारीश्वर शब्द से संबोधित किया। इतना ही नहीं उन्होंने प्रदेश ▸▸ शेष पेज 6 पर

### पुलिस कस्टडी में युवक की मौत मामले में एक्शन

# सीबीआई ने राघौगढ़ टीआई जुबेर को हिरासत में लिया

देवा पारदी की मौत के मामले में पूछताछ



हरिभूमि न्यूज ▸▸गुना

जिले में चर्चित देवा पारदी की पुलिस कस्टडी में हुई संदिग्ध मौत के मामले में सीबीआई ने जांच को तेज करते हुए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सीबीआई ने राघौगढ़ थाने के थाना प्रभारी जुबेर खान को हिरासत में लिया है। यह मामला 15 जुलाई 2024 की उस घटना से जुड़ा है, जब देवा पारदी को म्याना पुलिस पूछताछ के नाम पर थाने ले गई थी। अगले ही दिन उसकी लाश पोस्टमार्टम हाउस में पाई गई थी, जिससे आक्रोश फैल गया था। सुप्रीम ▸▸ शेष पेज 6 पर

### जया ने शख्स को दिया धक्का तो कंगना ने दी प्रतिक्रिया

बिग बी की पत्नी होने के नाते उनके नखरे किए जाते हैं बर्दाश्त

# सबसे बिगड़ैल व विशेषाधिकार प्राप्त महिला हैं जया बच्चन

एजेंसी ▸▸नई दिल्ली

■ समाजवादी टोपी मुर्गे की कलगी जैसी दिखती है

एक्ट्रेस और समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन का एक शख्स को धक्का मारते हुए वीडियो वायरल हो रहा है, जो दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब का है। जहां एक शख्स उनके साथ सेल्फी ले रहा था और उन्होंने आगबबूला होकर उसे धक्का दे दिया। अब अभिनेत्री और भाजपा की सांसद कंगना रनौत ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया दी है और जया बच्चन को बिगड़ैल बताया है। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया। कैप्शन में उन्होंने लिखा, सबसे बिगड़ैल और विशेषाधिकार प्राप्त महिला। लोग उसके नखरे-बेतुकेपन को सिर्फ इसलिए बर्दाश्त करते हैं क्योंकि वो अमिताभ बच्चन जी की पत्नी है।



वो समाजवादी टोपी मुर्गे की कलगी जैसी दिखती है, जबकि वो मुर्गे जैसी दिखती है! कितनी गलत और शर्मनाक बात है। ऐसा पहली बार नहीं है कि कंगना ने जया बच्चन के बारे में कोई टिप्पणी की है। 2020 में, जया ने कंगना की उस टिप्पणी की निंदा की थी जिसमें उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री की तुलना 'गटर' से की थी।

### 15 से फिर बनेगा सिस्टम, बारिश का आंकड़ा कोटे से 182.5 मिमी दूर

# 12 दिन बाद बारिश का दौर फिर शुरू, 17 जिलों में झमाझम

### प्रदेश की औसत बारिश 925 मिमी है, जबकि 742.5 मिमी पानी गिर चुका

हरिभूमि न्यूज ▸▸भोपाल

प्रदेश में बुधवार को बारिश का दौर जारी रहा। शाम तक 17 जिलों में झमाझम बारिश हुई। भोपाल में भी बारिश हुई। इसके अलावा गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, दमोह, मंडला, नरसिंहपुर, नौगांव, रीवा, सतना, सिवनी, सीधी, शाजापुर, आगर मालवा, शाजापुर समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। प्रदेश की औसत बारिश 925 मिमी है, जबकि 742.5 मिमी पानी गिर चुका है। ऐसे में बारिश का आंकड़ा कोटे से सिर्फ 182.5 मिमी दूर है। अब तक सीजन में हुई बारिश का कोटा 79 प्रतिशत है। इधर पिछले ▸▸ शेष पेज 6 पर



भोपाल के एमपी नगर जोन टू में शाम 6 बजे बारिश

### अगस्त में फुल हो सकता है कोटा

*मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दूसरे पखवाड़े में तेज बारिश का दौर शुरू होगा, जो महीने के आखिरी तक चलता रहेगा। ऐसे में कई जिलों में बारिश का कोटा अगस्त में ही पूरा हो जाएगा। अब तक ग्वालियर समेत 10 जिलों में कोटा पूरा हो चुका है लेकिन इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों की तस्वीर बेहतर नहीं है। जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा संभाग में औसत से 35% और पश्चिमी हिस्से यानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में 22% बारिश अधिक हुई है। अब तक ओवरऑल 29 प्रतिशत बारिश ज्यादा हो चुकी है।*


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
24x7 जन सेवा में समर्पित तकनीक से सशक्त
डायल 112
त्वरित और संवेदनशील आपातकालीन सेवा
शुभारंभ
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा
14 अगस्त 2025, दोपहर 12:00 बजे
कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार, भोपाल
D-11082/25
डायल-100 अब हुई डायल-112
अब तक 1.97 करोड़
से अधिक नागरिकों को समय पर सहायता
19.71 लाख घटनाओं में महिला सुरक्षा के लिए त्वरित प्रतिक्रिया
12.48 लाख सड़क दुर्घटनाओं में सहायता
2.23 लाख वरिष्ठ नागरिकों को सहायता
अब प्रतिक्रिया नहीं, पूरी तैयारी के साथ सुरक्षा का वादा
उन्नत कॉल सेंटर प्रणाली से मात्र 16 मिनट में लोकेशन पर पहुंचेगी सहायता
अग्निशमन, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और विशेष हेल्पलाइन जैसे महिला, साइबर बाल संरक्षण की एकीकृत हेल्पलाइन
गोपनीयता बनाये रखने हेतु नम्बर मास्किंग
चैटबॉट जैसे नॉन-वॉयस माध्यमों द्वारा नागरिकों से संवाद और शिकायतों की ट्रेकिंग
पारदर्शिता हेतु FRVs में डैशबोर्ड कैमरा और बॉडी वॉर्न कैमरा
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 14 अगस्त 2025

5 मप्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए रोड...

12 देश की आजादी में नौसैना विद्रोह की भी प्रमुख...







मप्र के सीबीएसई स्कूलों की 70 टीमें शामिल, प्रत्येक टीम में करीब 18 बच्चे हैं शामिल

# फुटबॉल टूर्नामेंट में 'प्रतिभाओं' को परोसा कच्चा खाना, पानी में कीड़े, गंदगी से भरे शौचालय का उपयोग करने बच्चे हुए मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि पड़ताल

सीबीएसई द्वारा मप्र के विदिशा में आयोजित प्रदेश स्तरीय सीबीएसई क्लस्टर फुटबॉल टूर्नामेंट में अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जिसमें जहां एक ओर बच्चों को अधपका खाना परोसा गया, तो वहीं बच्चों के पीने के पानी फिल्टर में ढेरों इल्लियां नजर आईं। शौचालय में भी साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा गया। बच्चों और उनके कोच द्वारा जब इन अनियमितताओं की जानकारी स्कूल स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. विनय अग्रवाल से की गई तो उन्होंने पूरी तरह से उनकी बातों को अनसुना किया।

यहां तक कि पैरेंट्स द्वारा स्कूल विनय से बातचीत करने पर उन्होंने अपने स्कूल की भरपूर प्रशंसा की। हालांकि मामले में भोपाल स्थित अधिकारियों का कहना है कि यह उनका कार्यक्षेत्र नहीं है। मुख्यालय दिल्ली से इस विषय बात की जाए।

**विदिशा में स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर फुटबॉल टूर्नामेंट**

**करीब 1260 में से आधे से ज्यादा बच्चे घर वापस लौट गए**





### 12 अगस्त से शुरू हुआ फुटबॉल टूर्नामेंट

दरअसल, प्रदेश के विदिशा स्थित स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में 12 अगस्त से सीबीएसई द्वारा क्लस्टर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा गया है। इसमें मप्र के अलग-अलग शहरों के सीबीएसई स्कूल से करीब 70 टीमें भाग लेने गई हैं। जिसमें प्रत्येक टीम में करीब 18 बच्चे शामिल है। इस प्रकार प्रदेशस्तरीय इस फुटबॉल टूर्नामेंट में प्रदेश भर के करीब 1260 बच्चे भाग लेने आए हैं।

### प्रति बच्चा 4400 रुपए वसूल किए गए

आयोजन में पैरेंट्स द्वारा प्रति बच्चा 1450 रुपए दिए गए, साथ ही डेढ़ हजार रुपए रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर वसूली गई। इसके अलावा 1450 रुपए संबंधित स्कूल जहां बच्चा पढ़ रहा है, उनके द्वारा मिलाए गए। इस प्रकार इस टूर्नामेंट के लिए प्रति बच्चा 4400 रुपए दिए गए। लेकिन इतनी बड़ी राशि के बाद बच्चों को अधपका खाना और गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ा।

### अभिभावकों का आरोपः बच्चों को गंदे बिस्तरों पर सुलाया गया

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के इस रवैये पर कई पेरेंट्स ने अपने बच्चों को बिना मैच खिलवाए वापस बुलवा लिया और कहा कि इस तरह का मिसमैनेजमेंट करना एक प्रकार से बच्चों की सेहत से खिलवाड़ करने के समान है। इन अभिभावक का कहना है कि हमने सपने में भी नहीं सोचा था कि बच्चों को गंदे बिस्तरों पर सुलाया जाएगा, पूर्णतः गंदगी से भरे शौचालयों का प्रयोग कराया जाएगा और तो ओर खाने और पानी के नाम पर बच्चों को ऐसा खाना खिलाया, जो हम सपने में भी नहीं सोच सकते हैं।



### व्यवस्थाएं ही नहीं

बच्चों के लिए जो व्यवस्थाएं होनी चाहिए, वह नहीं थी। टूर्नामेंट के लिए तीन-चार दिन के लिए भेजा, लेकिन बच्चे को दो दिन बाद ही वापस लाना पड़ा। जो रात को खाना बना था, वही सुबह बच्चों को नाश्ते में दिया गया। कमरे गंदे थे और मच्छर की भरमार थी। ऐसी स्थिति में बच्चे बहुत ज्यादा परेशान हुए। ऐसे स्कूल में कार्यक्रम आयोजित करना गलत है, जहां व्यवस्थाएं ही नहीं है।

**अभिमन्यु राजपूत, अभिभावक**

### वापस घर बुलाना सही लगा

टूर्नामेंट के लिए बच्चों को भेजा गया था, लेकिन अव्यवस्थाएं इतनी ज्यादा थी कि बच्चों को वापस लाना पड़ा। न खाने के लिए बेहतर व्यवस्था और न ही साफ-सफाई। बच्चों के रूकने के लिए कमरे में कोई बेहतर व्यवस्था नहीं थी। ऐसी स्थिति में बच्चों को वापस घर बुलाना सही लगा। अगर इस प्रकार के बड़े कार्यक्रम होते हैं, तो व्यवस्थाएं भी बेहतर होनी चाहिए।

**रीना मीना, अभिभावक**

### मैं और मेरा पूरा स्टाफ यही खाना खाता है, यही पानी पीता है



जब इन अनियमितताओं की जानकारी बच्चों द्वारा फोन पर पेरेंट्स को दी गई तो पेरेंट्स ने स्कूल प्रशासन, स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. विनय अग्रवाल से बातचीत की। इस दौरान प्रिंसिपल ने पूरी तरह से बच्चों और उनके माता-पिता की बात को खारिज करते हुए कहा कि हमारे द्वारा जो सुविधा बन सकीं, वह हमने प्रोवाइड कराई हैं और मुझे इसमें कोई भी कमी नजर नहीं आती। मैं क्या, मेरा पूरा स्टाफ भी यही खाना खाता है और यही पानी पीता है।

### क्या है सीबीएसई क्लस्टर लेवल टूर्नामेंट?

*सीबीएसई (केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) संबद्ध स्कूलों के लिए क्लस्टर, जोनल और राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन विशिष्ट टूर्नामेंट के रूप में प्रत्येक वर्ष करता है। विभिन्न आयु वर्गों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में इस वर्ष फुटबॉल मैच विदिशा स्थित स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अंडर 14, अंडर 17 और अंडर-19 कैटेगरी जैसी विभिन्न कैटेगरी में मैच का आयोजन विदिशा के स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में किया गया। यह टूर्नामेंट चार दिनों के लिए आयोजित था, जिसमें दूसरे दिन ही करीब 50 फीसदी माता पिता ने अपने बच्चों को घर वापस बुला लिया है।*

**पहला स्कूल जहाँ पर**
**बच्चों को अमरीका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से उच्च शिक्षा प्राप्त डायरेक्टर्स के अनुभव का लाभ मिल रहा है**

### स्कूल के बारे में यह घोषित किया

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के एडवरटाइजमेंट में घोषित किया गया है कि स्कूल में बच्चों को अमेरिका, अस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से उच्च शिक्षा प्राप्त डायरेक्टर्स का अनुभव मिल रहा है।

---

शिकायत पर सीएमएचओ की कार्रवाई

## 'सिटी केयर' को किया बंद, आईसीयू में मिली एक्सपायरी डेट की सामग्री




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मोतिया तालाब रोड स्थित सिटी केयर हॉस्पिटल का संचालन अस्थाई तौर पर बंद किया गया है। अस्पताल के खिलाफ इलाज में लापरवाही की शिकायत मिलने और नोटिस का जवाब न देने पर सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा द्वारा यह कार्रवाई की गई है।

इसके पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा अस्पताल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। साथ ही जांच होने तक अस्पताल की ओपीडी बंद रखने और मरीज भर्ती न किए जाने के निर्देश दिए गए थे। बुधवार को सीएमएचओ कार्यालय की टीम द्वारा अस्पताल का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान अस्पताल संचालित पाया गया।

अस्पताल के संचालक रईस खान निरीक्षण दल का सामना करने से भी कतराते रहे। काफी देर बाद अस्पताल पहुंचने पर भी उन्होंने निरीक्षण दल को बयान देने से स्पष्ट रूप से मना कर दिया। निरीक्षण दल को आईसीयू में एक्सपायरी डेट की सामग्री भी मिली है।

### दस्तावेज मांगे हैं

सिटी केयर अस्पताल प्रबंधन से मृतक मरीज के इलाज संबंधी सभी दस्तावेज मंगाए गए हैं। इलाज में लापरवाही पाए जाने, नोटिस का जवाब न देने या जवाब असमाधानकारक होने पर नर्सिंग होम एंड क्लीनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. मनीष शर्मा, सीएमएचओ**

## तीन महीने में भौंरी और एमपी नगर के प्रॉपर्टी रेट होंगे कम, बढ़ा दिए थे दाम

**भोपाल।** वर्तमान कलेक्टर गाइडलाइन में बेतहाशा बढ़ाए गए दामों के खिलाफ हाईकोर्ट गए लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। 2024-25 की कलेक्टर गाइडलाइन में तय प्रॉपर्टी के सरकारी रेट बहुत ज्यादा बढ़ा दिए गए। इसके चलते कुछ इलाकों में प्रॉपर्टी के सौदे रुक गए हैं। हाईकोर्ट के दखल के बाद उपजिला मूल्यांकन समिति ने इन इलाकों के प्रॉपर्टी रेट पर दोबारा से मंथन शुरु कर दिया है। अगले 90 दिनों में पंजीयन को रिपोर्ट पेश करने का समय दिया है। वार्ड नंबर 3 के भौरी में कृषि भूमि का रेट 1 करोड़ 40 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर था। इसे बढ़ाकर 5 करोड़ 60 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर कर दिया गया। यहीं के मीरपुर में कृषि भूमि के दाम भी बढ़ा दिए गए। इसे 2 करोड़ रुपए प्रति हेक्टेयर कर दिया गया। मानसरोवर कॉम्प्लेक्स में कमर्शियल प्रॉपर्टी के दाम 1 लाख रुपए प्रति वर्ग मीटर थे। ये बढ़कर 10 लाख रुपए प्रति वर्गमीटर हो गए। भौंरी और मीरपुर के रेट जिला मूल्यांकन समिति द्वारा तय कर भेजे गए थे।

एमडी ने कॉरिडोर का लिया जायजा

## मेट्रो स्टेशनों पर तैयार हुए टिकट रूम, एंट्री गेट भी हुए तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अक्टूबर में मेट्रो ट्रेन शुरू करने एमडी मेट्रो एस कृष्ण चैतन्य लगातार प्रायोरिटी कॉरिडोर के कामों की समीक्षा कर रहे हैं। बुधवार को मौके पर पहुंचे एमडी ने कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी से संबंधित प्रमुख साइटों और कार्यों का जायजा लिया। जिससे मेट्रो संचालन को लेकर दी जाने वाली आखिरी परीक्षा में पूरे अंक मिल सकें। इस मौके पर एमडी ने स्टेशन के एंट्री-एग्जिट प्वाइंट, टिकट रूम, विभिन्न सिस्टम रूम, स्टेशन कंट्रोल रूम, पंप रूम, लिफ्ट, एस्केलेटर समेत आंतरिक व बाहरी सुंदरीकरण कार्य शामिल थे।

### डिपो रोड का निरीक्षण किया

एमडी ने इन्स्पेक्शन बे लाइन, रिपेयर बे लाइन, टेस्ट ट्रैक, ट्रैक्शन सब-स्टेशन, एडमिन बिल्डिंग में कंट्रोल रूम, ट्रेनिंग बिल्डिंग, बाउंड्री वाल और डिपो रोड का भी निरीक्षण किया। एमडी ने डिपो में ड्रेनेज व्यवस्था की बारीकी से जांच की और अधिकारियों व कांट्रैक्टर को स्पष्ट निर्देश दिए कि मेट्रो ट्रेन परिचालन को ध्यान में रखते हुए शेष सभी महत्वपूर्ण कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं।

### पटवारी भर्ती परीक्षा विवाद पर हाई कोर्ट ने मांगी विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट

*भोपाल। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने पटवारी भर्ती परीक्षा विवाद में विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट मांग ली है। इस सिलसिले में राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं। जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है। अपीलकर्ता भोपाल निवासी नितिन जैन की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अपीलकर्ता ने पटवारी भर्ती परीक्षा-2022 में भाग लिया था। उनका आरोप है कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षा के सात प्रश्न (प्रश्न क्रमांक 6, 33, 46, 65, 126, 118, 124) को बिना ठोस कारण मनमाने ढंग से रद्द कर दिया। जबकि तीन प्रश्नों (104, 131, 132) की उत्तर कुंजी गलत निर्धारित की, जिसके कारण उन्हें योग्य अंक नहीं मिल सके।*




रतनपुर सड़क से सीहोर रोड पर फंदा कलां तक 35 किमी बनेगा बाईपास

## वेस्टर्न बाईपास बनाने 25 गांवों की जमीन होगी अधिग्रहीत, लोगों से लिए जाएंगे दावे-आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के वेस्टर्न भोपाल बायपास 4 लेन के नए रूट को मंजूरी मिलने के बाद 25 गांवों की जमीनों का अधिग्रहण करने का काम शुरु कर दिया गया है। जिसमें आठ से नौ महीने का समय लगेगा।

जिसके बाद आम लोगों से दावे-आपत्तियां लिए जाएंगे। ये बाइपास कोलार-रातीबड़ होता हुआ भोपाल देवास रोड पर ग्राम फंदा कलां पर जुड़ेगा। इसकी कुल लंबाई करीब 35.60 किलोमीटर होगी। इस बायपास बनने से डेढ़ घंटे का सफर 30 मिनट में पूरा हो सकेगा।



### करीब 557 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा

पहले बनाए गए प्लान के हिसाब से रायसेन कलेक्टर के खाते में जमीन अधिग्रहण के लिए जमा 100 करोड़ रुपए भी अब भोपाल कलेक्टर के खाते में आएंगे। जिसके बाद कोलार तहसील के 7 और हुजूर तहसील के 18 गांव आएंगे। बायपास के लिए करीब 557 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इसके लिए करीब 470 करोड़ रुपए खर्च होगा। इसमें प्रभावित होने वाले लोगों को कलेक्टर गाइडलाइन के रेट से दोगुना मुआवजा दिया जाएगा।

### इन गांवों की जमीन होगी अधिग्रहित

रतनपुर सड़क, गुराड़ी घाट, पिपलिया केशो, सेमरी कलां, पिपलिया बेरखेड़ी, थुआखेड़ा, कालापानी, महाबड़िया, बोरदा, भानपुर केकड़िया, समसगढ़, समसपुरा, आंवला, सरवर, झागरिया खुर्द, मूंडला, नरेला, टीलाखेड़ी, जाटखेड़ी, खोकरिया, हताईखेड़ी, दूबड़ी, पिपलिया धाकड़, फंदा खुर्द, फंदा कलां जैसे 25 गांवों की भूमि रूट पर है। इनमें महाबड़िया व बोरदा वन क्षेत्र में हैं।

## प्रमोशन में आरक्षण के मामले पर सुनवाई आज

**जबलपुर।** आरक्षण के आधार पर पदोन्नति देने के नियम को चुनौती देने के मामले में गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ के समक्ष यह मामला निर्धारित है। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से दिल्ली से वरिष्ठ वकील आ सकते हैं। इस मामले में विगत 7 जुलाई को हाईकोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने अंडरटेकिंग दी थी कि अगली सुनवाई तक उक्त पॉलिसी के तहत किसी को प्रमोशन नहीं दिए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### भजन संध्या में आने के लिए पटवा का दिया आमंत्रण

**औबेदुल्लागंज**। श्री राम श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में बुधवार को अनंत चतुर्दशी के उपलक्ष में विशाल खाटू श्याम भजन संध्या का आमंत्रण विधायक सुरेंद्र पटवा को उनके निवास पर पहुंचकर दिया। इस अवसर पर पटवा ने धार्मिक आयोजन को और भी उत्साह से करने की प्रेरणा दी। इस दौरान पार्षद एवं हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष विक्रम धाड़ी, क्रेशर संघ के अंकित अग्रवाल, बंटी जोशी, कमल नरेश मालवीय, बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर सोनू अग्रवाल आदि शामिल थे।

### मानस कल्याण समिति के चुनाव कराने सौंपा ज्ञापन

**औबेदुल्लागंज**। मानस कल्याण समिति के प्रमुख रमेश गौर, विनोद इरपाचे, कमल नरेश मालवीय, प्रेम नारायण सोनी आदि के नेतृत्व में स्थाई सदस्यों एवं आजीवन सदस्यों ने बुधवार को विधायक सुरेंद्र पटवा, कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव एवं सोसाइटी सहित तहसीलदार को ज्ञापन देकर मानस कल्याण समिति का चुनाव कराए जाने की मांग की। हिंदू उत्सव समिति, व्यापार संघ, किराना व्यापार संघ के सदस्यों ने बताया कि मानस कल्याण समिति का 23 साल से नहीं हुआ है। मानस कल्याण समिति के स्थाई सदस्य अशोक मित्तल एवं उनके साथी पिछले एक साल से मानस कल्याण समिति की जांच कराने की मंग कर रहे हैं।

### टोल प्लाजा से आज निकलेगी तिरंगा रैली

**औबेदुल्लागंज**। मीडिया प्रभारी पंकज कोठरी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, युवा नेता जीतू नंदवंशी, माधव यादव, मनोज चौरसिया, बागिश अग्रवाल, नरेश सेठी, नंदू शर्मा ने बताया कि 14 अगस्त को विधायक सुरेंद्र पटवा के नेतृत्व में दोपहर 12 बजे से टोल प्लाजा से तिरंगा रैली निकाली जाएगी, जो औबेदुल्लागंज स्टेशन रोड पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन होगा। बड़ी संख्या में लोगों को तिरंगा यात्रा में में शामिल होने की अपील की है।

### अब 13 से कम उम्र में भी 9वीं में प्रवेश

**भोपाल**। प्रदेश के स्कूलों में 9वीं में प्रवेश नामांकन के लिए तय आयु सीमा में स्कूल शिक्षा विभाग ने छूट दी है। लोक शिक्षण आयुक्त के प्रस्ताव के आधार पर राज्य शासन ने सत्र 2025-26 के लिए यह फैसला लिया है। अब तक नौवीं में प्रवेश के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने न्यूनतम आयु 13 वर्ष तय की थी। नए नियमों के तहत अब 13 साल से कम उम्र के बच्चे भी नौवीं में प्रवेश ले सकेंगे।

### हत्या के प्रयास के दोषी को 7 वर्ष का कारावास

**भोपाल**। युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी अमन सरदार उर्फ इन्द्रजीत सिंह उर्फ बाबा को अपर सत्र न्यायाधीश प्रहलाद सिंह कैमेथिया ने भादंस की धारा-307 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 7 साल के कठोर कारावास और 2000 रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक सतीश सिमैया द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन अनुसार 4 नवंबर 2022 को रात लगभग 10:40 बजे रेजीमेंट रोड शाहजहांनाबाद पर पुरानी रंजिश पर आरोपी अमन सरदार उर्फ इन्द्रजीत सिंह उर्फ बाबा ने फरियादी मनीष राज होटवानी की हत्या करने के उद्देश्य से चाकू से हमला कर गंभीर घायल कर दिया गया था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 4930 | | |
| दिन: | 278 | 75 | 780 |
| रात: | 299 | 09 | 568 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 256 | 37 | 377 |
| रात: | 350 | 87 | 278 |

# ईंटखेड़ी के गोदाम से करीब 9 लाख रुपए का चावल लेकर गुजरात के लिए निकला ट्रक, ड्राइवर फरार, 15 दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

### ईंटखेड़ी पुलिस ने दर्ज किया अमानत में खयानत का प्रकरण, ट्रक और ड्राइवर की तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी के गोदाम से करीब 9 लाख रुपए का चावल लेकर गुजरात के लिए रवाना हुआ ट्रक चालक 15 दिन बाद भी नहीं पहुंचा। चालक पहले तो गाड़ी खराब होने का बहाना बनाता रहा, लेकिन जब चावल भेजने वाली फर्म के संचालक ने उससे लोकेशन मांगी तो उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अमानत में खयानत की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर ट्रक व आरोपी चालक की खोजबीन शुरू कर दी है।

#### ट्रक में 600 बोरे थे, 310 क्विंटल 70 किलो चावल लोड था



पुलिस के मुताबिकि माया एंक्लेव लांबाखेड़ा निवासी बृजकिशोर दांगी (45) ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि वह मां वैष्णो ट्रेडिंग कंपनी के नाम से फर्म संचालित करते हैं और सभी तरह के अनाज की खरीद-फरोख्त करते हैं। हीमन गुजरात के एक कारोबारी ने चावल सप्लाई का ऑर्डर दिया था। बृजमोहन ने विगत चावल सप्लाई के लिए गणेश रोडवेज ट्रांसपोर्ट मंडीदीप के संचालक देवेन्द्र तिवारी से संपर्क कर 140 रुपए प्रति क्विंटल का भाड़ा तय किया। देवेन्द्र तिवारी ने ट्रक क्रमांक एमपी 04 टीएम 7527 के मालिक तालिब और उसके ड्राइवर तेहसीम के बारे में जानकारी दी। विगत 28 जुलाई को तेहसीम ट्रक लेकर पीटू होटल के पीछे बायपास रोड पर पहुंचा और अपने मजदूर अनीस वगैरह की मदद से ट्रक में 600 बोरे चावल लोड कर दिया। विगत 29 जुलाई को ट्रक व लोड माल का कांटा राजपूत धर्मकांटे पर कराया गया तो माल 310 क्विंटल 70 किलो निकला। इसका कुल भाड़ा 43 हजार 498 रुपए हुआ। फरियादी ने अग्रिम भाड़े के रूप में 30 हजार रुपए ट्रांसपोर्टर देवेन्द्र तिवारी को फोन-पे पर कर दिए। इस के बाद चावल से भरा ट्रक गुजरात जाने के लिए रवाना हो गया।

#### लोकेशन मांगी तो बंद कर लिया मोबाइल

विगत एक अगस्त को फरियादी बृजमोहन दांगी ने ट्रांसपोर्टर देवेन्द्र से संपर्क कर पूछा कि गाड़ी कहां तक पहुंची। उसने बताया कि गुजरात बॉर्डर पर गाड़ी खराब हो गई है। इंजन में खराबी है, लिहाजा वारंटी होने के कारण कंपनी वाले आकर ही रिपेयरिंग करेंगे। इसके बाद 4 अगस्त को फरियादी ने ड्राइवर तेहसीम से गाड़ी के बारे में पूछा। इस बार उसने बताया कि गाड़ी ठीक हो गई है। एक पार्टस कम पड़ रहा है। कल गाड़ी रवाना हो जाएगी। संदेह होने पर बृजमोहन दांगी ने गाड़ी की लोकेशन मांगी, लेकिन ड्राइवर तेहसीम ने लोकेशन नहीं भेजी। संदेह गहराने पर फरियादी ने कहा कि समय ज्यादा लग रहा है। इसलिए मेरा माल किसी दूसरे ट्रक में क्रासिंग करा दें। इस पर वह बोला कि ठीक है, इंदौर से दूसरा ट्रक बुलाकर माल क्रासिंग करवा देता हूं। इसके बाद 6 अगस्त से ड्राइवर तेहसीम का फोन लगातार बंद आ रहा है। बृजमोहन ने गुजरात के कारोबारी से फोन पर बात की तो उसने भी माल नहीं आने की बात बताई। फरियादी ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि आरोपी ड्राइवर तेहसीम ने 8 लाख 69 हजार 960 रुपए का उनका 310 क्विंटल 70 किलो चावल गुजरात न पहुंचाकर कहीं और जगह बेचकर हेराफेरी की है।

### कोलार थाना क्षेत्र स्थित आशीर्वाद कॉलोनी का मामला

# दसवीं के छात्र ने इंस्टाग्राम पर मैसेज में लिखा, जा रहा हूं तारों के पास और कमरे में लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित आर्शीवाद कॉलोनी में दसवीं कक्षा के छात्र ने मंगलवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले उसने अपने ताऊ के बेटे को इंस्टाग्राम पर मैसेज भी किया था। मैसेज में उसने बार-बार सॉरी लिखा और लिखा मैं जिंदगी से हार चुका हूं। भाई तुम शादी कर लेना, मैं तुम्हारी शादी में डांस करने आऊंगा। जिंदगी में बस एक ही उम्मीद थी कि आईफोन मिलेगा पर वह भी नहीं मिला। अनुमान है कि वह आईफोन लेना चाहता था और आईफोन नहीं मिलने से दुखी होकर उसने यह कदम उठाया है।

एसआई कमल सिंह चौहान ने बताया कि आदर्श धाकड़ पिता वैधनाथ धाकड़ (15) गहल गांव, थाना देवरी, जिला रायसेन का था। वह तीन साल से आर्शीवाद कॉलोनी में राधेश्याम शर्मा के मकान में किराए से रह रहा था और मदर टैरेसा स्कूल में कक्षा दसवीं में पढ़ रहा था। उसके साथ उसका ताऊ का बेटा गोलू धाकड़ और एक अन्य भाई रह रहे थे। आदर्श अभी रक्षा बंधन में गोलू के साथ गांव से लौट आया, जबकि एक अन्य भाई गांव में ही है।

गोलू का सीआईएसएफ का पेपर निकल चुका है। गोलू मंगलवार सुबह शारीरिक दक्षता की तैयारी करने ग्राउंड गया था। इसी बीच आदर्श का इंस्टाग्राम पर मैसेज आया। इसके बाद गोलू ने आदर्श को कॉल किया तो उसका मोबाइल बंद हो गया था। गोलू ने पड़ोसियों से घर जाकर देखने का कहा। पड़ोसी घर पहुंचे तो गोलू रस्सी का फंदा बनाकर फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। गोलू ने परिजन और पुलिस को सूचना दी।

#### खास बातें

- बार-बार सॉरी के साथ लिखा मैं जिंदगी से हार चुका हूं, भाई तुम शादी कर लेना, मैं डांस करने आऊंगा
- आदर्श के स्टेटस के मैसेज से अनुमान है कि आईफोन नहीं मिलने से था दुखी

#### टूटा हुआ मोबाइल मिला



एसआई कमल सिंह चौहान ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण करने पर गोलू का रेडमी कंपनी का टूटा हुआ मोबाइल बरामद हुआ है। उसने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर लिखा है कि मैं तारों के पास जा रहा हूं। इसके अलावा उसने यह भी लिखा कि आखिरी उम्मीद आईफोन की थी कि मिल जाएगा, पर नहीं मिला। आदर्श के पिता गांव में खेती किसानी करते हैं। वह परिवार का इकलौता था। मंगलवार को ही पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। परिजन उसका शव लेकर अपने गांव चले गए। वहां उसका अंतिम संस्कार किया गया।

#### नव विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर सेमरा में नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार मोनिका पति सोनू (19) मूलतः शमशाबाद, जिला विदिशा की रहने वाली थी। उसकी शादी गत वर्ष ही सोनू से हुई थी। सोनू और मोनिका राजीव नगर सेमरा में किराए के मकान में रहते थे। सोनू ने पुलिस को बताया कि वह प्राइवेट काम करता है। मंगलवार शाम मोनिका ने उसे मार्केट चलने की जिद की थी। सोनू ने कहा कि वह काम पर जाकर लौटकर मार्केट ले चलेगा। शाम करीब 7 बजे तक सोनू काम से घर नहीं लौटा तो मोनिका ने उसे कॉल किया और कहा कि यदि मुझे मार्केट लेकर नहीं चले तो मैं फांसी लगा लूगी। डर के कारण सोनू तत्काल घर पहुंचा। इस दौरान मोनिका फांसी लगा चुकी थी। उसने किसी तरह मोनिका को फंदे से उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचा। अस्पताल में बुधवार सुबह इलाज के दौरान मोनिका की मौत हो गई। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी को सौंपी गई है।

### पत्नी के मायके से नहीं लौटने से दुखी पति ने लगाई फांसी

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित न्यू जेल रोड पलासी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वर्ष तीन साल से उसकी पत्नी मायके में अलग रह रही थी। अनुमान है कि इसी बात से दुखी होकर उसने आत्महत्या की है। पुलिस ने बताया कि सोहन सिंह सिसोदिया पिता हरिसिंह सिसोदिया (30) मकान नंबर-50, न्यूज जेल रोड पलासी थाना निशातपुरा में रहता था और मोबाइल सिम पोर्ट करने का काम करता था। सोहन की वर्ष 2019 में खजूरी कलां अवधपुरी में रहने वाली युवती से शादी हुई थी। शादी के बाद कुछ दिन वह साथ रही फिर मायके चली गई। करीब तीन साल हो गए पर वह मायके से ससुराल नहीं लौटी। सोहन जिद पर अड़ा था कि वह उसे लेने नहीं जाएगा। इधर परिजन बहू को लेने जा चुके थे, लेकिन उसने चलने से मना कर दिया।

#### रात में साथ खाया था खाना

मंगलवार शाम काम से लौटने के बाद सोहन सिंह ने परिवार के साथ खाना खाया और अपने कमरे में जाकर सो गया था। सुबह करीब आठ बजे परिजन उसके कमरे में पहुंचे तो सोहन का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### पत्नी बेहोश होने पर लोगों ने बुलाई एंबुलेंस

# समूह लोन की किस्त जमा करने को लेकर हुआ विवाद, पत्नी हुई बेहोश डर के कारण पति ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कोलार थाना क्षेत्र स्थित गेहूंखेड़ा समूह लोन की किस्त नहीं चुका पाने के कारण दंपती में विवाद हो गया। विवाद के बाद पत्नी यह कहा कि जहर खा लूंगी और बाहर निकल गई। वह बेसुध होकर गिरी तो लोगों ने शोर मचाते हुए कहना शुरू कर दिया कि उसने जहर खा लिया है। यह बात सुनते ही डर के कारण पति ने पत्नी की साड़ी से फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था। बुधवार को शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया गया है।

एसआई कमल सिंह चौहान ने बताया कि मूलतः गुना निवासी समंदर मालवीय (30) गेहूंखेड़ा में रहता था। उसके परिवार में पत्नी के अलवार चार बच्चे हैं। समंदर मजदूरी करता था। उसने पत्नी के नाम से मंडीदीप की एक संस्था से 35 हजार रुपए का समूह लोन ले रखा था। उक्त लोन उसने अपने परिचित को दे दिया। समंदर अस्सी फीसदी लोन की किस्त दे चुका था, लेकिन चार पांच महीने से आर्थिक स्थिति बिगड़ने के कारण करीब पांच किस्त जमा नहीं हो सकी थी। लिहाजा मंगलवार को रिकवरी करने उसके घर एजेंट पहुंचे। रिकवरी एजेंट ने समय दिया और चले गए। इधर रिकवरी एजेंट के जाने बाद दंपती में शाम को विवाद हो गया। मृतक की पत्नी और भाभी का कहना था कि जिसे लोन की रकम दी है उसी के साथ जाकर रहो। इस बात को लेकर विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर पत्नी घर से बाहर निकल गई। वह कह रही थी कि जहर खाकर आत्महत्या कर लूंगी।

#### बाहर जाकर हुई बेहेश

समंदर की पत्नी घर से थोड़ी दूर पहुंची और बेसुध होकर गिर गई। मोहल्ले की महिलाएं कहने लगी कि इसने कोई जहर खा लिया है, जल्दी एंबुलेंस को बुलाया। यह सुनते ही समंदर ने झुग्गी का दरवाजा बंद किया और पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। इधर एंबुलेंस पहुंची तो समंदर की भाभी समंदर को बुलाने झुग्गी पर पहुंची। इस दौरान पता चला कि झुग्गी का दरवाजा अंदर से बंद है। उन्होंने खिड़की की से झांककर देखा तो समंदर फांसी के फंदे पर लटका नजर आया।



## हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंडी परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**औबेदुल्लागंज**। हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को भाजपा मंडल औबेदुल्लागंज द्वारा मंडी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा ने भी झाड़ू लगाई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, कन्हैया नंदवंशी, नरेंद्र शर्मा, देवेंद्र सिंह राजू, सुरजीत सिंह बिल्ले, वचन लोधी, जीतू नंदवंशी, राहुल प्रजापति, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, आरती यादव, माधव यादव, दशरथ गुर्जर, पूजा लोधी, नरेश सेठी, रवि शंकर राय, राजेंद्र गुड्डू साहू आदि लोग ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

### घर-घर जाकर तिरंगा रैली में शामिल होने के लिए की अपील





**औबेदुल्लागंज**। अर्जुन नगर में वचन लोधी, राहुल प्रजापति, पदम चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, माखन सेन, आरती यादव, पूजा लोधी, रवि शंकर राय, इंग्लिश यादव ने घर-घर जाकर तिरंगा रैली में शामिल होने के लिए अपील की। स्वच्छ भारत, एकता अखंडता और भाईचारे के साथ अर्जुन नगर में विकास करने, भोजपुर नारी शक्ति के भजन मंडल में जुड़ कर श्री राम नाम का जाप करने एवं नशे से दूर बनाने की अपील की है।

## सातवें दिन भी तहसीलदार रहे हड़ताल पर, नहीं किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पिछले एक हफ्ते से चल रही तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों की कलमबंद हड़ताल को सात दिन का लंबा समय हो गया है। वहीं तहसीलदारों ने निर्णय लिया है कि वह हड़ताल तो जारी रखेंगे, लेकिन स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को दी गई जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे। बता दें कि मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी (कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा) संघ द्वारा सात अगस्त से अपनी मांगों को लेकर पूरी तरह से काम बंद कर रखा है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि राजस्व अधिकारियों के न्यायिक और गैर न्यायिक विभाजन के विरोध में हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। जिले में हुजूर, कोलार, बैरसिया तहसील के साथ ही टीटी नगर,एम पीनगर,गोविंदपुरा, शहर, संत हिरदाराम नगर वृत्त हैं। इन तहसील और वृत्तों में तहसीलदार, नायब तहसीलदार द्वारा सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, फौती नामांतरण, ईडब्ल्यूएस, आय, जाति, मूल निवासी प्रमाण पत्र सहित अन्य मामलों का निराकरण किया जाता है। छह अगस्त से शुरू हुई हड़ताल से अब तक करीब चार हजार मामले इन न्यालयों में लंबित हो गए हैं।

## पिता ने दिलाया दूसरा मकान, बेटे ने किया पिता के मकान पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**दूसरे मामले में बेटे ने पिता पर बनाया मकान बेचने का दबाव**

बेटे को मिनाल रेसीडेंसी में अलग से मकान दिला दिया, बावजूद इसके बेटा मेरे मकान पर कब्जा करना चाहता है। अब बेटे को पिता का मकान तीस दिन में खाली करना पड़ेगा। यह आदेश गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने दिया है। ओल्ड सुभाष नगर शिव मंदिर के पास गोविंदपुरा के रहने वाले रामाधार कोधरे ने बताया कि उन्होंने बेटे रमेश कोधरे को मिनाल रेसीडेंसी में मकान दिलवाया था। इसके बाद भी वह उनके घर आकर परेशान करता है। मकान खाली कर कब्जा करना चाहता है। मामले में एसडीएम ने बेटे रमेश और माता-पिता के बयान लिए। सुनवाई के बाद आदेश दिए हैं कि रमेश अपने परिवार सहित 30 दिन के अंदर स्वयं के निवास की व्यवस्था मिनाल रेसीडेंसी वाले मकान या अन्य स्थान पर कर लें।

#### संतोष शर्मा पंजाब से 8 मई को वापस आया

कर्मवीर नगर जेके रोड रहने वाले ईश्वर दयाल शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका बेटा संतोष शर्मा पंजाब से 8 मई को वापस आया है। वह उन पर मकान बेचने का दबाव बना रहा है। मकान के अलावा कोई अन्य संपत्ति भी नहीं है। पूर्व में बेटे को 8 लाख रुपए दे चुके हैं। एसडीएम ने संतोष से अन्य किसी स्थान पर इंतजाम करने के आदेश दिए हैं।

### नवजात की देखरेख के लिए मानवीय आधार पर दी गई राहत

# समय से पूर्व सर्जरी से पैदा हुए जुड़वा बच्चे हाई कोर्ट ने दी पिता को अंतरिम जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

**परिवहन विभाग में करोड़ों के भ्रष्टाचार मामले में पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा का साथी है चेतन**



मप्र हाईकोर्ट ने परिवहन विभाग में करोड़ों के भ्रष्टाचार मामले में पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के साथी को मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत का लाभ प्रदान किया है। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने यह निर्देश दिया। आईवीएफ उपचार के बाद पत्नी ने गर्भधारण करने के बाद दो जुड़वा बच्चों को सर्जरी से जन्म दिया है। बच्चों व पत्नी की देखरेख के बिंदु पर आरोपित चेतन सिंह को राहत दी गई है।

जेल में बंद चेतन सिंह की ओर से अंतरिम जमानत के लिए दायर आवेदक में कहा गया था, जिसमें कहा गया था कि उसका विवाह वर्ष 2012 में हुआ था। गर्भधारण के लिए पत्नी का दो बार आईवीएफ उपचार करवाया था। पत्नी ने समय से पूर्व 14 जून को जुडवा बच्चों को जन्म दिया है। जुड़वा बच्चों को कड़ी चिकित्सीय निगरानी में एनआईसीयू में भर्ती कराया गया है। आवेदक अपनी पत्नी और बच्चों का एकमात्र देखभालकर्ता है और उन्हें आवेदक की शारीरिक उपस्थिति की तत्काल आवश्यकता है। उसकी पत्नी स्वयं भी सर्जरी करवा रही है। आवेदक के साथ चिकित्सा संबंधित दस्तावेज भी पेश किए गए थे। सरकारी अधिवक्ता की ओर से अंतरिम जमानत आवेदन का विरोध किया। हाई कोर्ट ने अंतरित जमानत का लाभ प्रदान करते हुए अपने आदेश में कहा है कि आवेदक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती समय से पहले जन्मे जुड़वां बच्चों का पिता है। उनकी देखभाल के लिए आवेदक की शारीरिक उपस्थिति आवश्यक है। गुण-दोष पर विचार किए बिना मानवीय आधार पर आवेदन को 27 अगस्त, 2025 तक अंतरिम जमानत का लाभ प्रदान किया जाता है। आवेदन को 28 अगस्त 2025 से पहले संबंधित निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करना होगा। आवेदन निर्धारित समय अवधि में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो निचली अदालत उसे हिरासत में लेने के लिए स्वतंत्र होगी।

### दुष्कर्म के दोषी वाणिज्य कर कमिश्नर को 10 वर्ष का कारावास

**भोपाल**। सहकर्मी महिला के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग करने के मामले के आरोपी वाणिज्य कर विभाग गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के डिप्टी कमिश्नर पंकज कुमार सिंह पिता दुर्गपाल सिंह आयु 40 वर्ष निवासी सेक्टर 72 गौतम बुद्ध नगर नोएडा उत्तर प्रदेश वर्तमान पता वाणिज्य कर भवन सिविल लाईन झांसी उत्तर प्रदेश को विशेष अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती पल्लवी द्विवेदी ने दोषी ठहराते हुए के 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 11000 रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर जिला लोक अभियोजक राजेश सिंह द्वारा पैरवी की गई थी। पीड़िता ने 6 अगस्त 2018 को थाना कमला नगर भोपाल में लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी।

## राष्ट्रवीर दुर्गदास राठौर की जयंती पर निकाली भव्य तिंरगा रैली

### पर्यावरण को बचाने बांटे जूट के बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बुधवार को राठौर क्षत्रिय समाज न्यू भोपाल और राठौर एकता मंच, राठौर संघ द्वारा राष्ट्रवीर दुर्गदास राठौर की 387वीं जयंती पर तिंरगा रैली निकाली गई। इस अवसर पर समाज के नागरिकों ने पर्यावरण बचाने के लिए बाटे जूट के बैग, एक जिंदगी एक पौधा लगाने के लिए फलदार पौधों का भी वितरण किया।

अध्यक्ष अनूप राठौर, महामंत्री रमेश राठौर, संजय राठौर और प्रेम नारायण राठौर ने बताया कि राष्ट्रवीर दुर्गदास राठौर के जयंती पर ग्यारह सौ क्वार्टर स्थित प्रतिमा स्थल पर राठौर क्षत्रिय समाज ने बांसखेडी शाहपुरा से राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर प्रतिमा स्थल तक तिंरगा रैली निकाली। लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए जूट के थैले बांटे जिससे लोग पॉलिथीन का उपयोग न करें, एक पौधा एक जिंदगी अभियान के तहत समाज के सभी लोगों को फलदार पौधे दिए। समाज के सभी लोगों को पर्यावरण बचाने और समाज में व्याप्त कुरूतियों को मिटाने के लिए शपथ दिलाई।

चरणबद्ध तरीके से कराया जाएगा क्रियान्वयन

# मप्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए रोड नेटवर्क का मास्टर प्लान होगा तैयार

## 15 अगस्त तक कार्य योजना होगी तैयार, 20 अगस्त को होगी पहली बैठक, दूसरी बैठक 30 से होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार सभी संभागों व जिलों में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए प्रदेश में रोड नेटवर्क मास्टर प्लान तैयार करने जा रही है। इसके तहत प्रथम चरण में वर्ष 2028 तक की कार्य योजना एवं द्वितीय चरण में विजन-2047 को दृष्टिगत रखते हुए कार्य योजना बनाई जा रही है।

इसमें विभिन्न चुनौतियों व पहलुओं को शामिल किया जाएगा। इसे 15 अगस्त तक पूरी कर पहली बैठक 20 अगस्त को रखी गई है। दूसरी बैठक 30 अगस्त से पूर्व रखी जाएगी। सरकार ने तय किया है कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए सड़कों के एकीकृत समग्र विकास की योजना के लिए मास्टर प्लान (रोड मैप) तैयार की जाए। इसमें प्रदेश में सड़क नेटवर्क को सुदृण करने के लिए राजधानी भोपाल, समस्त संभाग, समस्त जिले एवं समस्त तहसील को आवश्यकतानुसार 4 या 6-लेन, 2-लेन मय पेव्हड शोल्डर एवं फीडर सड़कों को कम से कम 2-लेन किया जाएगा।

### विस्तृत कार्य योजना इन बिंदुओं को समावेश कर बनाई जाएगी



विद्यमान राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच), राज्य राजमार्ग (एसएच ) एवं मुख्य जिला मार्ग (एमडीआर) श्रेणी के मार्गों के मैप तैयार किया जाए। तैयार किए गए मैप पर एक्सप्रेस-वे, हाई-स्पीड कॉरिडोर, एक्सेस कंट्रोल कॉरिडोर, जो भारत सरकार की ओर से प्लान किए गए हैं, उन्हें अंकित किया जाए। प्रदेश से गुजरने वाले समस्त एक्सप्रेस-वे एवं राष्ट्रीय राजमार्गो से महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ने के लिए स्पर कनेक्टिविटी को चिन्हित करना होगा। जिला मुख्यालय, नगर निगम और नगर पालिकाओं के मुख्यालय को ट्रैफिक घर्नत्व एवं जनसंख्या के आधार पर रिंग रोड एवं एवं बायपास के निर्माण के लिए चिन्हित करना होगा।

### औद्योगिक, पर्यटन एवं धार्मिक, राष्ट्रीय उद्यान को मिलेगी कनेक्टिविटी

प्रदेश के महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र, पर्यटन एवं धार्मिक महत्व के क्षेत्र, बड़ी कृषि उपज मण्डी एवं राष्ट्रीय उद्यान को सुगम कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए मास्टर प्लान की आवश्यकता है। इसके लिए प्रथम चरण में वर्ष 2028 तक की कार्य योजना एवं द्वितीय चरण में विजन-2047 को दृष्टिगत रखते हुए कार्य योजना बनाई जाएगी। इसका क्रियान्वयन चरणबद्ध तरीके से कराया जाएगा।

#### नगर पालिका और नगर पंचायत को 2 लेन रोड से जोड़ा जएगा

*सभी नगर-निगमों को 4-लेन रोड एवं नगर पालिका, नगर पंचायत को 2 लेन रोड से जोड़ा जाएगा। शहरी क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाने के लिए आरओबी, फ्लाई ओवर, एलिवेटेड कोरिडोर के निर्माण के लिए चिन्हित किया जाएगा। प्रदेश के क्षेत्रीय, प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय महत्व के पर्यटन स्थल एवं धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर कनेक्टिंग कॉडिोर बनाया जाएगा। इसमें खासतौर पर प्रदेश के समस्त नेशनल पार्क को जोड़ने के लिए कनेक्टिंग कॉरिडोर बनाना, औद्योगिक क्षेत्र को चिन्हित कर इन की कनेक्टिविटी नेशनल हाईवे एवं रेलवे से करने के लिए मागों को चिन्हित करना शामिल है।*

---

भारतीय स्टेट बैंक और पुलिस के जागरुकता अभियान को सराहा

# सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का कारगर हथियार : मुख्यमंत्री डॉ.

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि डिजिटल सुविधाओं के साथ साइबर खतरे भी तेजी से बढ़े हैं। हमें जो डिजिटल सुविधा मिलती हैं, वह कभी-कभी चुनौती बन जाती हैं। डिजिटल फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट जैसी कई घटनाएं सामाजिक और आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा सकती हैं। ऐसी स्थिति में प्रत्येक ऑनलाइन उपयोगकर्ता के लिए जरूरी है कि वे अपने बैंक अकाउंट और सोशल मीडिया का सावधानी से उपयोग करें।

डॉ. यादव ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस के सहयोग से चलाए जा रहे साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के लिए अपने संदेश में यह बात कही। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से अभियान के अंतर्गत जिलों में जाने वाले जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया।

**खास बातें**

- सीएम ने झंडी दिखाकर किया साइबर सुरक्षा जागरूकता रथ को रवाना
- सीएम हाउस में हुआ आयोजन




### साइबर सुरक्षा एक सामाजिक जिम्मेदारीः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैंक खातों की सुरक्षा के उपाय बताने और ग्राहकों को साइबर अपराधियों से बचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे भारतीय स्टेट बैंक के साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान की सराहना की। डॉ. यादव ने कहा कि साइबर सुरक्षा वर्तमान समय में सामाजिक जिम्मेदारी बन चुकी है। तकनीक के उपयोग के साथ ही साइबर अपराधियों की सक्रियता भी बढ़ गई है। एसबीआई अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने के साथ उन्हें ऑनलाइन डिजिटल खतरों से भी बचाने का कार्य कर रही है।

#### प्रेरक संदेश किया प्रसारित

*मुख्यमंत्री और एसबीआई चेयरमैन सीएस सेट्टी का प्रेरक संदेश स्थानीय प्रधान कार्यालय में आयोजित समारोह में प्रसारित किया गया। इस मौके पर ए.साईं मनोहर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (साइबर), हरिनारायणचारी मिश्र, पुलिस कमिश्नर, प्रणय एस. नागवंशी, पुलिस अधीक्षक, चंद्र शेखर शर्मा, डीएमडी एवं भोपाल सर्कल एसबीआई, शिवकुमार बोस, स्वदेश सिंह, डीजीएम आरबीआई आदि मौजूद रहे।*

---

चुनाव आयोग ने बंद कर दी अपनी वेबसाइटः पटवारी

सिर्फ 2 महीने में डेटा डिलीट कर रहा आयोगः सिंघार

# लोकतंत्र, संविधान की रक्षा की निर्णायक लड़ाई लड़ रहे राहुल गांधीः हरीश चौधरी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा है कि केंद्र सरकार लगातार देश के नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रही है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त की चयन प्रक्रिया में किए गए बदलाव को लेकर जो आशंकाएं पहले जताई गई थीं, आज वे सत्य सिद्ध हो रही हैं। चौधरी बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा मौजूद थे।




### भाजपा की कठपुतली बन चुका चुनाव आयोगः सिंघार

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि चुनाव आयोग कहता है कि 'वोट आपका है, वोट देना आपका अधिकार है' लेकिन भाजपा का नारा बन गया है 'फर्जी वोट हमारा, फर्जी जनादेश की सरकार हमारी'। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग सिर्फ 2 महीने में ही डेटा डिलीट कर रहा है, जो संविधान का उल्लंघन के बराबर है। आज चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली बन चुका है। राहुल गांधी ने पूरे देश में वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई शुरू की है। यह सिर्फ कांग्रेस की नहीं, बल्कि हर नागरिक के अधिकार की लड़ाई है।

#### कांग्रेस ने हमेशा लड़ी सत्य और न्याय की लड़ाईः तन्खा

राज्यसभा सांसद विवेक तनखा ने कहा कि कांग्रेस ने सत्य और न्याय की लड़ाई लड़ी है। आज देश जानना चाहता है कि चुनाव आयोग संविधान, लोकतंत्र के साथ खड़ा है, या किसी एक राजनीतिक दल के पक्ष में। आयोग का कार्य जनसुविधा सुनिश्चित करना है।

#### डिजिटल वोटर लिस्ट जारी करने से बच रहा आयोगः पटवारी

*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैशलेस अर्थव्यवस्था और ई-पेपरलेस की बात करते हैं, तो चुनाव आयोग डिजिटल वोटर लिस्ट जारी करने से क्यों बच रहा है। राहुल गांधी के सवाल का जवाब चुनाव आयोग को देना चाहिए, लेकिन बार-बार भाजपा के नेता ही बचाव में उतर आते हैं। उन्होंने कहा कि जब से वोट चोरी का खुलासा हुआ है, डरे हुए चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट तक बंद कर दी है। यह केवल कांग्रेस का नहीं, बल्कि पूरे देश का मुद्दा है।*

---

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष छिंदवाड़ा में तिरंगा यात्रा में हुए शामिल

# प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा, भाजपा परिवार में सभी कार्यकर्ता हैं, समय-समय पर दायित्व बदलता रहता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत छिंदवाड़ा में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल होकर भाजपा जिला कार्यालय में स्वागत कार्यक्रम को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने तिरंगा यात्रा के समापन और जिला कार्यालय में स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश का एक मात्र ऐसा दल है, जिसने अपनी विचारधारा व उसूलों से कभी समझौता नहीं किया।

आप सभी पार्टी कार्यकर्ता और आम जनता भारतीय जनता पार्टी संगठन को जितना अधिक मजबूत बनाएंगे, यह राष्ट्र उतना अधिक मजबूत बनेगा। देश के सामने आने वाली चुनौतियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही निपट सकते हैं, इसलिए भाजपा को और मजबूत बनाएं।




भाजपा एक परिवार है, यहां कोई छोटा या बड़ा नहीं होता, सभी कार्यकर्ता होते हैं। समय-समय पर पार्टी नेतृत्व दायित्व बदलता रहता है। खण्डेलवाल ने चंदनगांव माता मंदिर के सामने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। यह तिरंगा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों, चौक-चौराहों से होते हुए छह किलोमीटर की दूरी तय करके बस स्टैंड के पास अमित ठेंगे चौक पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में हजारों कार्यकर्ता और लोग शामिल हुए।

#### पौधरोपण, कार्यकर्ताओं से मुलाकात की

*प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान तहत के तहत वार्ड क्रमांक-16 में पौधरोपण और भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और मंडल अध्यक्षों की बैठक को भी संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने महिला कार्यकर्ताओं से राखी बंधवाई और उन्हें उपहार दिया।*

***कांग्रेस अंग्रेजों की बनाई पार्टी***

*खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की कोई विचारधारा नहीं है। कांग्रेस आजादी से पहले अंग्रेजों का बनाया संगठन है।*



## पेज एक का शेष...

### 10वीं की 11 और...

अनिवार्य होगा। परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व के बाद किसी छात्र को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। 8:45 के बाद किसी विद्यार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 12 बजे रहेगा। कक्षा दसवीं की परीक्षाएं 2 मार्च को सामाजिक विज्ञान के पेपर के साथ समाप्त होंगी। वहीं बारहवीं की परीक्षा 3 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएंगी। अंतिम पेपर भूगोल, क्रॉप प्रोडेक्शन एण्ड हार्टिकल्चर, स्टिल लाईफ एण्ड डिजाइन, शरीर रचना क्रिया-विज्ञान एवं स्वास्थ्य का होगा।

### क्लोरीन के 30 बैग...

गैस को न्यूट्रल किया। इधर, घटना की जानकारी के बाद गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर रिसाव रोकने के इंतजाम देखे।

### लव जिहाद व नशे...

समाज और देश की खुशहाली और समृद्धि को कई गुना पीछे ले जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत 5 वर्ष पहले की थी। नशा मुक्त मप्र के संकल्प की सिद्धि के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इसी के तहत प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराब दुकानों और बार पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस की ओर से 15 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रदेश में नशे से दूरी है जरूरी अभियान का सफल संचालन किया गया।

### 339 करोड़ रुपए ...

चौबे और उप पुलिस अधीक्षक हॉकफोर्स बालाघाट संतोष पटेल को पुरस्कार प्रदान किया गया।

### नशा मुक्ति के....

राज्य सरकार भगवान बलराम और श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को प्रदेशस्तर पर हर्षोल्लास के साथ मनाएगी। सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि अगस्त माह में नशे के खिलाफ देशव्यापी जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जन सहयोग से हम विकसित भारत, समृद्ध भारत के संकल्प को पूर्ण करेंगे।

### चीन और पाकिस्तान...

देशों को फायदा हो रहा है। इससे पहले सीएम ने अपने निवास पर तिरंगा फहराकर 'हर घर तिरंगा' अभियान में भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह अभियान आज हर भारतीय के गौरव और सम्मान का प्रतीक बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में देशभक्ति का उत्साह चरम पर है। मैंने भी अपने निवास पर तिरंगा फहराया है।

### संसद ने हटाया....

कोर्ट के जज अरविंद कुमार, मद्रास हाईकोर्ट चीफ जस्टिस मनींद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील बीवी आचार्य शामिल हैं। बिरला ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि यह समिति जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। तब तक वर्मा को हटाने का प्रस्ताव लंबित रहेगा। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को 146 लोकसभा सदस्यों ने जज वर्मा को हटाने की मांग की थी, जिसमें भाजपा के रवि शंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल थे। वर्मा अगर संसद के सामने अपना पक्ष रखने जाते हैं, तो वह मौखिक रूप से इस्तीफा दे सकते हैं, जिसमें इस्तीफा माना जाएगा। अगर वह इस्तीफा देते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त जज के रूप में पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद की ओर से हटाया गया, तो उन्हें ये लाभ नहीं मिलेंगे।

### क्या कहता है ..

स्वीकृति की जरूरत नहीं होती। केवल एक पत्र ही काफी होता है। जज इस्तीफे के लिए एक संभावित तारीख भी दे सकते हैं और इस तारीफ से पहले वे इस्तीफा वापस भी ले सकते हैं।

### आवारा कुत्तों से...

अब 14 अगस्त को जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ द्वारा की जाएगी। आवारा कुत्तों से जुड़े एक मामले को बुधवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए पेश किया गया। याचिका कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) नाम के एक संगठन की ओर से 2024 में दायर की गई थी। इसमें दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियमों के अनुसार दिल्ली में आवारा कुत्तों के नसबंदी और टीकाकरण के निर्देश देने की मांग वाली उनकी जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया गया था।

**वकील ने ये दी दलील:** वकील ने न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की अध्यक्षता वाली पीठ की ओर से मई 2024 में पारित एक आदेश का हवाला दिया, जिसके तहत आवारा कुत्तों के मुद्दे से संबंधित याचिकाओं को संबंधित उच्च न्यायालयों में स्थानांतरित कर दिया गया था। वकील ने न्यायमूर्ति माहेश्वरी की पीठ की ओर से पारित आदेश का का जिक्र किया, जिसमें कोर्ट ने कहा था कि हम बस इतना ही कहना चाहते हैं कि किसी भी परिस्थिति में कुत्तों की अंधाधुंध हत्या नहीं की जा सकती। अधिकारियों को मौजूदा कानूनों और भावना के अनुसार कार्रवाई करनी होगी। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि सभी जीवों के प्रति करुणा प्रदर्शित करना संवैधानिक मूल्य और जनभावना है। इसे बनाए रखना अधिकारियों का दायित्व है।

### आत्मसमर्पण का दिया...

है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा वाली सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने सागर धनखड़ के पिता अशोक धनखड़ की अपील पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। अशोक धनखड़ ने दिल्ली हाई कोर्ट के सुशील कुमार को जमानत देने वाले आदेश को चुनौती दी थी। दिल्ली हाई कोर्ट ने सुशील कुमार को जमानत देते हुए कहा था कि मुकदमा शुरू होने के बाद से तीन वर्षों में अभियोजन पक्ष के 186 गवाहों में से केवल 30 से ही पूछताछ की गई है। अशोक धनखड़ ने गवाहों को धमकाने का आरोप लगाते हुए जमानत को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। यह तर्क दिया गया कि जब सुशील कुमार को पहले अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया था, तो उन्होंने एक प्रमुख गवाह को धमकी दी थी।

### सट्टेबाजी एप में...

भारतीय क्रिकेटर कुछ विज्ञापनों के माध्यम से इस एप से जुड़े हुए हैं। ईडी पूछताछ के दौरान इस ऐप से उनके संबंधों को समझना चाहता है। एजेंसी अवैध सट्टेबाजी ऐप्स से जुड़े कई ऐसे मामलों की जांच कर रही है, जिन पर कई लोगों और निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी करने या भारी मात्रा में कर चोरी करने का आरोप है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये बेटिंग प्लेटफॉर्म बड़े-बड़े नामों का इस्तेमाल कर लोगों के पैसे लूटने का काम कर रहे हैं। विज्ञापनों में दिए गए क्यूआर कोड सीधे सट्टेबाजी साइटों पर ले जाते हैं, जो भारतीय कानून का उल्लंघन है। जांच में यह भी सामने आया है कि ये प्लेटफॉर्म अक्सर खुद को स्किल-बेस्ड गेमिंग के रूप में पेश करते हैं, लेकिन फर्जी एल्गोरिद्म के जरिए अवैध सट्टेबाजी को बढ़ावा देते हैं।

### आरएमएल देश ....

डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि यह प्रत्यायन मरीजों की सुरक्षा, बुनियादी ढांचे, नैदानिक प्रोटोकॉल और प्रशासनिक प्रणालियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित मानकों के अनुरूप अस्पताल को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है। एनएबीएच क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया का हिस्सा है, अस्पतालों के लिए 500 से अधिक मापनीय मानक तय करता है, जिनमें संक्रमण नियंत्रण, आपातकालीन देखभाल, दस्तावेजीकरण, मरीजों के अधिकार और स्टाफ प्रशिक्षण जैसे प्रोटोकॉल शामिल हैं। दिल्ली के कुछ ही सरकारी अस्पतालों को पूर्ण एनएबीएच सर्टिफिकेट प्राप्त है और अब तक किसी भी केंद्रीय सरकारी अस्पताल ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की थी। उन्होंने बताया कि यह 1,500 बिस्तरों वाला अस्पताल है, जहां रोजाना 8,000 ओपीडी मरीज और 100–150 आपातकालीन मामले आते हैं। इस पैमाने पर 561 मानकों को पूरा करना अपने आप में एक मिशन है।

### भरे मंच से...

के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला को लेकर भी विवाद बयान दिया। इस दौरान मंच में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित डेढ़ दर्जन कांग्रेस विधायक थे, जो इस अमर्यादित शब्दों के प्रयोग पर ताली बजाते नजर आए। गौर हो कि कुछ दिन पूर्व विधायक पर उनके घर में काम करने वाले नौकर ने बंधक बनाकर मारपीट का आरोप लगाया था और चोरहटा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले को लेकर केपी त्रिपाठी और उनके समर्थकों ने घेराव किया था। फिर विधायक अभय मिश्रा पर एफआईआर दर्ज हुई थी। अभय मिश्रा ने इस मामले में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला पर साजिश का आरोप लगाया था।

### सीबीआई ने राघौगढ़ ....

कोर्ट के आदेश पर चल रही इस जांच में अब तक कई पुलिस अधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में आ चुकी है। जुबेर खान की हिरासत से मामले ने नया मोड़ ले लिया है। मंगलवार सुबह से ही सीबीआई टीम गुना में सक्रिय रही। देर रात राघौगढ़ टीआई को हिरासत में लेकर टीम इंदौर पहुंची। हालांकि, जुबेर खान पर किन आरोपों के तहत कार्रवाई की गई है, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है।

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जांच:** देवा की मां ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। मई 2025 में कोर्ट ने इस केस को सीबीआई को ट्रांसफर करते हुए 1 महीने में आरोपियों की गिरफ्तारी का आदेश दिया था। इसी आदेश पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने एक महीने पहले एसआई देवराज सिंह परिहार को हिरासत में लिया था।

### 12 दिन बाद बारिश...

12 दिन से भोपाल समेत कई जिलों में तेज बारिश का दौर थमा हुआ था। दमोह, नर्मदापुरम के पिपरिया और इटारसी में देर रात तक रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। प्रदेश के जबलपुर, सागर, शहडोल और रीवा संभाग में औसत से 35 प्रतिशत और पश्चिमी हिस्से भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में 22 प्रतिशत बारिश अधिक हुई है। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि 15 अगस्त से बारिश का मजबूत सिस्टम सक्रिय हो जाएगा। इसकी वजह से पूरे प्रदेश में फिर से तेज बारिश शुरू हो सकता है।

गुरुवार को सीहोर, हरदा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। यहां अगले 24 घंटे में 125 मिमी तक पानी गिर सकता है।

अब तक कोटे का 79 प्रतिशत पानी: प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में अब तक औसत 29.7 इंच बारिश हो चुकी है, जो कोटे की 79 प्रतिशत है। पिछले 12 दिन से भोपाल समेत कई जिलों में तेज बारिश का दौर थमा हुआ था। इंदौर-उज्जैन संभाग में सूखे जैसे हालात हैं। यहां सोयाबीन की फसल खराब हो रही है। हालांकि, जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग के जिले बेहतर स्थिति में हैं।

दमोह में बुधवार सुबह करीब 4 बजे शुरू हुई बारिश 8 बजे तक जारी रही। घने बादलों की वजह से अंधेरा छाया रहा। नर्मदापुरम के पिपरिया में भी करीब एक घंटे तक बारिश हुई। इटारसी में 8 बजे बादल छा गए और रिमझिम बारिश हुई।

## आरकेबी डिविजन का खात्मा

# बंडा पहाड़ में मुठभेड़, मारे गए नक्सलियों के दो टॉप लीडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/ मोहला

उत्तर बस्तर कांकेर की सीमा से सटे मानपुर मोहला जिला के बंडा पहाड़ में मानपुर पुलिस और नक्सलियों के बीच 13 अगस्त को मुठभेड़ हुई। इस टीम की मदद के लिए आईटीबीपी के जवान और कांकेर से भी सपोर्टिंग टीम भी पहुंची थी। भीषण मुठभेड़ में आरकेबी डिविजन के प्रमुख एवं एसजेडसी सदस्य विजय रेड्डी और आरकेबी डिविजन कमांडर लोकेश सलामे के ढेर होने की पुष्टि मानपुर पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने की है। दोनों नक्सली अपने साथ एके 47 हथियार रखते थे।

जानकारी के अनुसार आरकेबी यानी राजनांदगांव कांकेर बार्डर के नाम से नक्सलियों के संगठन का प्रमुख विजय रेड्डी और कोतरी एरिया कमेटी का कमांडर लोकेश सलामे पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते पहले अबूझमाड़ के बार्डर चले गए थे, उस तरफ जब दबाव बढ़ा, तो यह दोनों कांकेर जिले की सीमा से लगे मानपुर जिले के बंडा पहाड़ पर शरण लिए हुए थे। मानपुर पुलिस को लोकेशन मिलने पर मानपुर की डीआरजी टीम बंडा पहाड़ गई थी और उसकी सपोर्टिंग के लिए आईटीबीपी एवं कांकेर जिला की पुलिस बल सक्रिय था। दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी हुई, जवानों को एसजेडसी विजय रेड्डी और लोकेश सलामे को मारने में सफलता मिल गई है। इलाके में भारी बारिश हो रही है, इसके बाद भी जवानों ने ऑपरेशन जारी रखा है। समाचार लिखे जाने तक टीम बंडा पहाड़ से मोहला मानपुर मुख्यालय नहीं पहुंच पाई है।

### मृतक नक्सली एसजेडसी एवं डीवीसी सदस्य


विजय रेड्डी

*कांकेर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने घटनी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों नक्सली कांकेर जिले के कई इलाकों में लंबे समय से सक्रिय थे। मृतक विजय रेड्डी एसजेडसी सदस्य था और उस पर 25 लाख और लोकेश सलामे डीवीसी सदस्य था, जिस पर 8 लाख का ईनाम घोषित है। दोनों नक्सलियों के खिलाफ कांकेर जिले में कई अपराध दर्ज हैं।*

### दोनों नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि

*मोहला मानपुर पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने हरिभूमि से बात करते हुए पुष्टि की है कि एसजेडसी विजय रेड्डी और कोतरी एरिया कमेटी का कमांडर लोकेश सलामे ढेर हो गए हैं। टीम वापस नहीं आई है, टीम के वापिस आने के बाद ही घटना की विस्तृत जानकारी मिली सकेगी।*

**मानपुर में ली थी शरण** आरकेबी डिविजन का प्रमुख विजय रेड्डी था और उत्तर बस्तर में भी इसकी अच्छी पकड़ थी, यही कारण था कि ये कांकेर पुलिस की हिट लिस्ट में था। कई बार पुलिस ने इसके लिया घेराबंदी की, लेकिन यह बच निकल रहा था। कांकेर में पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण ही यह अपनी टीम के साथ मानपुर मोहला की ओर शरण लिए हुआ था, ऐसी संभावना जताई जा रही है। केंद्रीय कमेटी मेंबर विजय रेड्डी के संबंध में बताया गया कि तेलंगाना महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ के बस्तर तथा मोहला मानपुर अंबागढ चौकी जिले में बड़ा नाम है। लोकेश सलामे मानपुर विकास खंड के ग्राम आमाकोडो निवासी है जो पिछले 20 वर्षों से नक्सली संगठन में डीवीसी रेंक मे बस्तर के माड तथा मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले मे सक्रिय था।

## 'वोट चोरी' का मुद्दा बिहार से केरल तक पहुंचा,

# मंत्री के बाद मेयर के भी दो एपिक नंबर तेजस्वी ने किया गड़बड़ी का नया खुलासा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



एसआईआर का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है और इधर बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं। जल्दबाजी में कराए गए एसआईआर में गड़बड़ी का नमूना भी पेश कर रहे हैं। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के दो वोटर आईडी दिखाने के बाद अब उन्होंने मुजफ्फरपुर की मेयर निर्मला देवी के भी दो एपिक नंबर होने का खुलासा किया है। उन्होंने मीडिया के सामने मेयर निर्मला देवी के दो एपिक नंबर REM1251917 और GSB183516 दिखाए। निर्मला देवी ही नहीं उनके दो देवर हैं। दोनों देवर के दो-दो एपिक आईडी हैं। साथ ही कहा कि पुरजोर तरीके से चुनाव आयोग भाजपा का मदद कर रहा है।

### मृत सूची में लोगों के नाम

*तेजस्वी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है और कल एक अहम सुनवाई हुई, जिन लोगों का नाम मृत सूची में डाला गया उन्हें अदालत में पेश किया गया है। यह एक गंभीर मामला है और चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर वोट की डकैती कर रहा है। आज यह उन लोगों के लिए आईना का काम कर रहा है जो लोग कहते थे कि मोदी का यह करिश्मा है, जिससे वह विभिन्न राज्यों में चुनाव जीत रहे हैं।*





हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION* College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
**Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


### नाम परिवर्तन

मैं पंकज रावल(pankaj rawal) पिताश्री हरिहर रावल(Harihar Rawal) निवासी एमआईजी 276, E-7, 11 नंबर बस स्टॉप अरेरा कॉलोनी भोपाल, मेरा नाम पंकज रावल पिता श्री हरिहर रावल है जो कि मेरे आधार कार्ड व शैक्षणिक दस्तावेजों में अंकित है, मेरे कुछ अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम पंकज हरिहर रावल त्रुटिवस दर्ज हो गया है, जो दोनों नाम मेरे ही है भविष्य में जो भी आपत्ति आएगी उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा मुझे आज से पंकज रावल पिता श्री हरिहर रावल के नाम से जाना व पहचाना जावे शपथ पत्र क्रमांक BT3333308


आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू





### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।


## शब्द पहेली - 5958



**बाएँ से दाए**
1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5


**ऊपर से नीचे**
1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 5957 का हल



## सूडोकु नवताल - 5968


★★★★★ कठिनतम



MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल - 5967 का हल



## खबर संक्षेप

### श्रीजी शिपिंग ग्लोबल का आईपीओ 19 को खुलेगा

**अहमदाबाद।** श्रीजी शिपिंग ग्लोबल लिमिटेड का आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि उसका आईपीओ मंगलवार 19 अगस्त को खुलेगा और गुरुवार, 21 अगस्त को बंद होगा। बड़े निवेशक सोमवार 18 अगस्त को बिडिंग कर सकेंगे। बोली कम से कम 58 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 58 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। आईपीओ के लिए शेयर के मूल्य का दायरा 240 से 252 रुपए प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है।

### ऑप्टिमस ने पेश किया बीआईएस स्टैंडर्ड टैंपर्ड ग्लास

**नई दिल्ली।** दूरसंचार क्षेत्र की विनिर्माण कंपनी ऑप्टिमस इंफ्राकॉम ने बुधवार को देश का पहला बीआईएस स्टैंडर्ड माइक्रोबियल टेंपर्ड ग्लास पेश किया। लांच के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में ऑप्टिमस समूह के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि राइनोटेक के ब्रांड नाम से यह टेंपर्ड ग्लास बाजार में उतारा जाएगा। इस पर कंपनी 365 दिन की अनलिमिटेड गारंटी दे रही है।

### बाणगंगा पेपर को हुई 21.17 करोड़ की आय

**नई दिल्ली।** बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के अपने अनऑडिटेड परिणाम घोषित किए हैं। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही (कंसोलिडेटेड) में कुल आय 21.17 करोड़ रही, जबकि एबिटा 1.57 करोड़ दर्ज किया गया। एबिटा मार्जिन 7.42 फीसदी रहा। वहीं शुद्ध लाभ 0.65 करोड़ रुपए और नेट प्रॉफिट मार्जिन 3.08 फीसदी रहा। प्रति शेयर आय 0.05 रही।

### डीएसपी ने लांच किया फ्लेक्सीकैप इंडेक्स फंड

**मुंबई।** डीएसपी म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए डीएसपी निफ्टी 500 फ्लेक्सीकैप क्वालिटी 30 इंडेक्स नामक एक नया फंड लांच किया है। यह फंड कम लागत वाली पहली फ्लेक्सीकैप निवेश रणनीति है। भारत में पहली बार बनाए गए फ्लेक्सीकैप इंडेक्स का प्रदर्शन इस फंड की प्रगति में परिलक्षित होगा। इसे निवेशकों को बदलते शेयर बाजार में आगे बढ़ने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है।

### वॉर्नर ने की नई ओरिजिनल डॉक्यू-सीरीज घोषणा

**नई दिल्ली।** वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी एक नयी इंडियन ओरिजिनल डॉक्यू-सीरीज 'एक था राजा विद अकुल त्रिपाठी' लांच करने जा रहा है, जो रात 9 बजे डिस्कवरी चैनल और डिस्कवरी प्लस पर विशेष रूप से प्रसारित होगी। यह शो दिलचस्प कहानी कहने के अंदाज़ को समृद्ध ऐतिहासिक किस्सों के साथ जोड़ता है और भारत के मशहूर और गुमनाम राजाओं-रानियों की बहादुरी और हिम्मत को फिर से ज़िंदा करता है।

### रसना ने आइकॉनिक ब्रांड 'जंपिन' को उतारा

**मुंबई।** रसना प्रायवेट लि. ने नया फ्रूट जूस जंपिन लांच किया है। यह 100 फीसदी भारत में बना रेडी-टू-ड्रिंक फ्रूट जूस है। इसे भारत के 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर लॉन्च किया गया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'बी इंडियन, बाय इंडियन' अभियान के तहत स्वदेशी को बढ़ावा देने के संदेश से जुड़ा है। इस लांच के साथ रसना ने आरटीडी सेगमेंट में कदम रखा और देश में बने आत्मनिर्भर उत्पादों को बढ़ावा देने का अपना वादा दोहराया।

### रवि नारायणन बने क्रेडिट के नए सीईओ

**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एसएफएमजी इंडिया क्रेडिट ने रवि नारायणन को अपना नया सीईओ नियुक्त किया है। कंपनी ने बताया कि नारायणन की नियुक्ति 28 अगस्त से प्रभावी होगी। वह एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक में वरिष्ठ पदों पर काम कर चुके हैं। उनके पास रिटेल बैंकिंग और ब्रांच डिस्ट्रीब्यूशन में तीन दशक का अनुभव है। वह एक्सिस सिक्योरिटीज और एक्सिस म्यूचुअल फंड के निदेशक मंडल में भी रह चुके हैं।

### ट्रांसपोर्टरों ने किया वाहनों पर लगी रोक हटाने का स्वागत

# कहा-यह एक सकारात्मक कदम है पुराने वाहन बदलने का समय मिला

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी, सहित मध्यप्रदेश और देशभर के ट्रांसपोर्टरों और वाहन मालिकों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा वाहनों पर लगी रोक हटाने का स्वागत किया है। ट्रांसपोर्ट संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहाकि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से वाहन मालिकों को बड़ी राहत मिली है। लोग अब बिना रोक के वाहन का उपयोग कर सकेंगे।

ट्रांसपोर्टरों ने सरकार द्वारा उठाए इस कदम का स्वागत करते हुए कहाकि उनके व्यवसाय के लिए यह एक सकारात्मक कदम है, और इससे उन्हें अपने काम को बेहतर ढंग से करने में मदद मिलेगी। क्योंकि इससे उन्हें अपने पुराने वाहनों को बदलने के लिए अधिक समय मिलेगा। ट्रांसपोर्टर ठाकुर लाल राजपूत और राजेन्द्र सिंह बग्गा ने कहा कि यह फैसला उनके व्यवसाय के लिए फायदेमंद होगा, क्योंकि उन्हें अब अपने वाहनों को बदलने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा।



**कोई कठोर कार्रवाई न करने का आदेश**

इससे उनके व्यवसाय में स्थिरता आएगी और वे अपने वाहनों को बेहतर तरीके से बनाए रख सकेंगे। हालांकि कुछ लोगों का मानना है कि यह फैसला पर्यावरण के लिए हानिकारक हो सकता है, क्योंकि पुराने वाहन अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। सरकार को इस बात पर विचार करना चाहिए कि कैसे पुराने वाहनों को पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाए या उन्हें बदलने के लिए प्रोत्साहन दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई न करने का आदेश दिया है।



ठाकुरलाल राजपूत



राजेंद्र सिंह बग्गा

**गाड़ियों की उम्र के आधार पर कोई जबरन कार्रवाई नहीं की जाएगी**

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जब तक इस मामले पर आगे की सुनवाई नहीं हो जाती, तब तक 10 साल पुराने डीजल वाहनों और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के मालिकों के खिलाफ उनकी गाड़ियों की उम्र के आधार पर कोई जबरन कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसके साथ ही कोई दंडात्मक कार्रवाई भी नहीं की जाएगी। अब सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से इन वाहनों को राहत मिली है।*

### बीआईएस ने जारी किया आदेश

# चांदी के जेवरों पर 1 सितंबर से होगी हॉलमार्किंग

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल



भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) जारी आदेश में यह सुनिश्चित किया है कि चांदी के जेवरों पर 6 डिजिट वाले एचयूआईडी अब 1 सितंबर 2026 से हालमार्किंग होगी। इसके तहत पुरानी व्यवस्था पूरी तरह से बंद हो जाएगी।

इससे सराफा कारोबारियों के साथ ही ग्राहकों को शुद्धता का प्रमाण मिलेगा। सराफा एसोसिएशन के संजीव गर्ग गांधी ने आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि इससे किसी भी तरह की धोखाधड़ी होने की आशंका नहीं होने के साथ ही अंतराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता होगी। साथ ही ग्राहकों को शुद्ध ज्वेलरी मिलेगी।

**चांदी में भी फर्जीवाड़ा रुकेगा और ग्राहकों में विश्वास बढ़ेगा**

*भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने जारी निर्देश के क्रियान्वयन शुरू होने के बाद सितंबर से चांदी गहनों में हालमार्किंग अनिवार्यता के साथ खरीदी बिक्री होगी। इससे फायदा यह होगा कि शुद्धता के प्रमाण से धोखाधड़ी से बचा जा सकेगा, विश्वास मजबूत होगा और अंतरराष्ट्रीय मान्यता रहेगी।*

**विश्वास और बढ़ेगा, अंतरराष्ट्रीय बाजार के हिसाब से एकरुपता आएगी**

सराफा व्यापारी आनंद सोनी ने कहाकि इसमें ग्राहक बीआईएस के केयर ऐप में हॉलमार्क का डिजिट अपलोड कर आसानी से शुद्धता परख सकेंगे। बीआईएस की ओर से बताया गया है कि 6 ग्रेड चांदी ज्वेलरी पर हालमार्क 90.0, 80.0, 83.5, 92.5, 97.3, 99.0 पर लागू होगी। पहले सोने में 14, 18, 20, 22, 23 व 24 कैरेट के गहने हॉलमार्क वाले ही बिका करते थे। अब बीआईएस ने 9 कैरेट वाले सोने को भी इस ग्रेड में ला दिया है। हालांकि पहले यह जरूरी नहीं था। अब सोने व चांदी के गहनों में हॉलमार्क लागू हो जाने से शुद्धता पूरी तरह से प्रमाणित होगी, व्यापारी व ग्राहक के बीच विश्वास और बढ़ेगा और अंतरराष्ट्रीय बाजार के हिसाब से एकरूपता रहेगी।


### ऑनलाइन पैसा ट्रांसफर करने वालों को झटका

# एसबीआई लगाएगा 15 अगस्त से आईएमपीएस पर चार्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 15 अगस्त 2025 से ऑनलाइन आईएमपीएस ट्रांजैक्शन चार्जेस में बदलाव करेगा। 25,000 तक ऑनलाइन ट्रांसफर फ्री रहेंगे, लेकिन उससे ऊपर के लेनदेन पर मामूली फीस लागू होगी।

सैलरी अकाउंट होल्डर्स को छूट मिलेगी। जानकारी के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने खासकर ऑनलाइन और ब्रांच से होने वाले लेनदेन को लेकर जहां कुछ ट्रांजैक्शन पहले की तरह मुफ्त रहेंगे, वहीं कुछ पर अब मामूली फीस लगेगी। 25 हजार तक के ऑनलाइन ट्रांसफर अब भी बिलकुल फ्री रहेंगे और अगर सैलरी अकाउंट है, तो हर ऑनलाइन आईएमपीएस ट्रांजैक्शन पर पूरी छूट का फायदा उठा सकेंगे, लेकिन 25,000 से ऊपर के ऑनलाइन ट्रांजेक्शन पर अब 15 अगस्त 2025 से नॉमिनल चार्ज लगेंगे।




**एसबीआई में अब कितना लगेगा चार्ज**

*एसबीआई ने ऑनलाइन चैनल के जरिए होने वाले 25,000 रुपये तक के आईएमपीएस ट्रांजैक्शन कोई चार्ज नहीं लगेगा। लेकिन 25,000 रुपए से ऊपर के ट्रांजैक्शन पर अब नए चार्ज लागू होंगे।*

- ▶▶ *25,000 से 1 लाख रुपए तक – 2 रुपए + जीएसटी*
- ▶▶ *1 लाख से 2 लाख रुपए तक – 6 रुपए + जीएसटी*
- ▶▶ *2 लाखसे 5 लाख रुपए तक – 10 रुपए+ जीएसटी*

### देश की 1522 मंडियां राष्ट्रीय कृषि बाजार पोर्टल में हुईं एकीकृत

**नई दिल्ली।** सरकार के मुताबिक ई-नाम किसानों को बिचौलियों के बिना, सीधे खरीदारों को अपनी उपज बेचने में सक्षम बनाता है। जिससे किसानों को पारदर्शिता के साथ बेहतर मूल्य दिलाने में मदद होती है। यह प्लेटफार्म व्यापक बाजारों, वास्तविक समय मूल्य निर्धारण जानकारी और ई-भुगतान प्रणालियों तक पहुंच प्रदान करता है, जिससे किसानों को समय पर भुगतान प्राप्त होता है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने बताया कि 30 जून 2025 तक 1522 मंडियों को राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) पोर्टल के साथ एकीकृत किया जा चुका है।

# बैंककर्मियों ने किया निजीकरण और विदेशीकरण के खिलाफ प्रदर्शन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सार्वजनिक संस्थानों पर हमला करने वाली, निजीकरण को बढ़ावा देने वाली और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ तथा कॉरपोरेट लूट के विरोध में बुधवार राजधानी में ट्रेड यूनियनों का संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश, जिसमें केंद्रीय श्रमिक संगठनों के अलावा बैंक, बीमा, राज्य ,केंद्र दूरभाष एवं अन्य संस्थानों की की यूनियन शामिल है, के बैनर तले होशंगाबाद रोड भोपाल स्थित डाक भवन चौराहा के सामने सैकड़ों मजदूर, कर्मचारी अधिकारी और किसान अपने-अपने संगठनों के झंडे एवं बैनर्स के साथ एकत्रित हुए उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में प्रभावी प्रदर्शन कर सभा का आयोजन किया।

प्रदर्शन के पश्चात सभा विभिन्न ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारियों वी के शर्मा, शिव शंकर मौर्या , के के नेमा,पूषण भट्टाचार्य, विनोद भाई, विद्या बंजारी मोहम्मद नजीर कुरैशी, भगवान स्वरूप कुशवाहा, एसपी मालवीय आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने बताया कि हाल ही में 9 जुलाई 2025 को इस विशाल श्रमिक हड़ताल और किसानों के विरोध प्रदर्शन के बावजूद, केंद्र सरकार ने अपनी श्रमिक-विरोधी और किसान-विरोधी नीतियों को नहीं छोड़ा है ।




### सरकारी बैंकों ने 5 साल में 5.82 लाख करोड़ से ज्यादा कर्ज राइटऑफ किया

**नई दिल्ली।** पिछले 5 वित्त वर्षों के दौरान सरकारी बैंकों ने 5.82 लाख करोड़ से ज्यादा के कर्ज को राइट-ऑफ कर दिया है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि 2024-25 के दौरान सरकारी बैंकों से राइट ऑफ की गई ऋण की राशि 91,260 करोड़ रुपये थी। पिछले पिछले वित्त वर्ष में यह 1.15 लाख करोड़ रुपएहो गई। चौधरी ने कहाकि राइट-ऑफ का मतलब कर्ज माफ करना नहीं होता, बल्कि बैंक इस रकम को वसूल करने की कोशिश इसके बाद भी जारी रखते हैं।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगे झंडे का किया निःशुल्क वितरण



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प हर घर तिरंगा अभियान को साकार करने राजधानी की 25 साल पुरानी संस्था शीला एड मेकर के संचालक अजय अग्रवाल ने अपनी घोषणा के अनुसार 15 अगस्त का पर्व धूमधाम से मनाने के लिए राजधानी वासियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंड़े का निः शुल्क कर भारत सरकार के अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई है। गौरतलब है कि राजधानी के सात नंबर बस स्टॉप,भाजपा कार्यालय के समीप और न्यूमार्केट स्थित प्रचार-प्रसार सामग्री विक्रेता फर्म शीला एड मेकर्स के संचालक अजय अग्रवाल ने इस 15 अगस्त को हर घर-घर तिरंगा और हर हाथ में राष्ट्रीय ध्वज पहुंचे। शहर की अग्रणी और 25 साल पुरानी प्रचार -प्रसार सामग्री विक्रय करने वाली फर्म शीला एड मेकर्स के दोनों ही आउटलेट (न्यूमार्केट पत्रकार भवन के सामने और सात नंबर बस स्टॉप भाजपा कार्यालय के ठीक बगल में) पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ तमाम तरह के बैनर-पोस्टर, तिरंगा झंडा के अलावा झंडा, मफलर, पगड़ी, बिल्ले, रिबिन, टी-शर्ट सहित तिरंगा युक्त सभी सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध है जो होलसेल और मार्केट से बहुत कम कीमत दाम पर ग्राहकों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री तवा परियोजना संभाग इटारसी**
ई-मेल:- exentawawrditarsi@gmail.com फोन नं. 07572-266134

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है तवा कालोनी तवानगर स्थित शासकीय आवासों कुल 55 भवनों को भूमिदौज किया जाना है जिसमें भूमिदौज करते हुये मलवे एवं स्क्रैप की नीलामी हेतु बोली दाताओं को निम्नलिखित शर्तों के साथ आमंत्रित किया जाता है। (1) कुल 55 क्षतिग्रस्त भवनों की डिस्मेंटल मटेरियल की स्क्रैप वैल्यू राशि 3,87,845/- (शब्दों में तीन लाख सत्यासी हजार आठ सौ पैतालीस) मात्र के स्थान पर अपनी बोली दिनांक 27.08.2025 को समय दोपहर 12:00 की जावेगी। (2) बोली दाताओं को धरोहर राशि रू. 10,000/- (शब्दों में दस हजार) बोली सम्मिलित होने हेतु पहले जमा करनी होगी। (3) उच्चतम बोली दाता को कार्य प्रदान किया जावेगा एवं शेष बोली दाताओं को धरोहर राशि वापिस कर दी जावेगी। (4) उच्चतम बोली दाता को अपनी बोली की 25 प्रतिशत राशि तुरंत जमा करनी होगी तथा शेष राशि 10 दिवस में जमा करनी होगी। संपूर्ण राशि जमा करने के उपरांत ही किसी भी प्रकार मलवा एवं स्क्रैप स्थल से ले जाने की अनुमति होगी। बोली दाता न्यूनतम राशि एक लाख से अपनी बोली की प्रारंभ कर सकेगें। (5) उच्चतम बोली दाता को 90 दिवस के अंदर मलवे को हटाकर भूमि को समतल करके देना होगा। (6) बोली दाताओं की बोली को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का संपूर्ण अधिकारी कार्यपालन यंत्री को होगा। (7) भवनों को भूमिदौज करने समय अन्य भवनों को नुकसान / जनहानि होने पर भुगतान की समस्त जिम्मेदारी पात्र बोली दाता की होगी। (8) यदि किसी कारण से बोली स्थागित की जाती है तो इन्हीं शर्तों के साथ आगामी दिनांक की सूचना कर दी जावेगी।

(अंकित सर्राफ)
कार्यपालन यंत्री
तवा परियोजना संभाग
इटारसी

जी - 17193/25 स्वच्छा ही सेवा है।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में गूंजा 'नो टू रैगिंग' का संदेश, छात्रों ने ली रैगिंग खत्म करने की शपथ




**भोपाल।** राजधानी में इस हफ्ते शिक्षा जगत का सबसे सशक्त संदेश गूंजा ₹रैगिंग को जड़ से खत्म करना है। 12 से 18 अगस्त तक चल रहे रैगिंग विरोधी सप्ताह के तहत एलएनसीटी यूनिवर्सिटी परिसर में रैगिंग विरोधी दिवस मनाया गया कार्यक्रम में संकाय सदस्यों और सैकड़ों की संख्या में स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में शपथ ली, कि वे न केवल खुद रैगिंग से दूर रहेंगे, बल्कि अपने कैंपस को 100 फीसदी रैगिंग फ्री बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। रैगिंग विरोधी समिति की अध्यक्ष एवं एलएन मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. नलिनी मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहाकि रैगिंग एक गंभीर अपराध है, जो न केवल पीड़ित की मानसिक और शारीरिक सेहत को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि शिक्षा के माहौल को भी प्रभावित करता है। रैगिंग विरोधी समिति के सचिव डॉ. डीके सत्यापति ने कहाकि रैगिंग का कोई भी रूप चाहे मजाक के तौर पर ही क्यों न हो कभी स्वीकार्य नहीं है। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के सदस्य डॉ. डी.के. पाल, डॉ. राजेंद्र कुमार निगम, डॉ. संगीता चौहान, एन.के. सूर्यवंशी, डॉ. रश्मि बाजपेई और डॉ. शिवम दीवान भी मौजूद रहे। इन सभी की मौजूदगी में छात्रों को रैगिंग खत्म करने और मित्रवत शिक्षा वातावरण बनाने की शपथ दिलाई गई।

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने लांच किया द बैंड 15 फेस्ट




**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपना नया कैम्पेन-'द बैंड 15 फेस्ट' पेश किया है। एलजी अपने होम एप्लायंसेज और एंटरटेनमेंट प्रोडक्ट्स पर कई शानदार ऑफर्स और बंडल डील्स दे रहा है। यह ऑफर्स 20 अगस्त 2025 तक जारी हैं, जिसमे ग्राहक एलजी के प्रीमियम प्रोडक्ट्स से अपने घर की अपीड कर सकते हैं। इस कैंपेन के तहत, ग्राहकों को चुनिंदा मॉडल्स पर 26 फीसदी तक कैशबैक का फायदा मिलेगा। यहां कैशबैक की अधिकतम सीमा 50,000 रुपए तक है। साथ ही, सिर्फ 15 रुपए का डाउन पेमेंट देकर आप अपने पसंदीदा एलजी प्रोडक्ट्स घर ले जा सकते हैं और बाकी पैसा आसान ईएमआई में भर सकते हैं। इसके अलावा, चुनिंदा आइटम्स पर ईएमआई की शुरुआत सिर्फ 888 रुपए से है।

### 'एसबीआई लाइफ स्मार्ट शील्ड प्लस' लांच

**भोपाल।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने अपने सुरक्षा प्रोडक्ट एसबीआई लाइफ स्मार्ट शील्ड प्लस को लांच करने की घोषणा की है। यह व्यक्तिगत, नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग,शुद्ध जोखिम जीवन बीमा उत्पाद है, जिसे आज के उपभोक्ताओं की बदलती सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। भविष्य-उन्मुख दृष्टिकोण के साथ, यह प्लान जीवन के विभिन्न अहम पड़ावों पर बढ़ती जिम्मेदारियों के अनुसार लचीला और स्केलेबल टर्म इंश्योरेंस प्रदान करता है। एसबीआई लाइफ– स्मार्ट शील्ड प्लस को इस तरह डिजाइन किया गया है कि लंबी अवधि के सुरक्षा प्रबंधन को आसान और सार्थक बनाया जा सके। इसमें तीन विकल्प उपलब्ध है।

### मोशन एजुकेशन ने 'शिक्षा का महाउत्सव' के दूसरे संस्करण की शुरुआत की

**जयपुर।** मोशन एजुकेशन ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रमुख अभियान 'शिक्षा का महाउत्सव 2025' के दूसरे संस्करण की शुरुआत की है। यह सात दिवसीय डिजिटल पहल विशेष रूप से जेईई और नीट अभ्यर्थियों को प्रेरित करने, मार्गदर्शन देने और सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। अभियान आज से 15 अगस्त तक चलेगा और इसका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अधिक सुलभ, समावेशी और लोकतांत्रिक बनाना है। इस महाउत्सव के तहत मोशन एजुकेशन छात्रों को कोर्स पर 80 फीसदी तक की विशेष छूट भी प्रदान कर रहा है, ताकि हर विद्यार्थी अपने सपनों को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम बढ़ा सके। शिक्षा का महोत्सव अभियान 30 से 80 फीसदी तक की आकर्षक छूट के साथ विशेष ऑनलाइन ऑफर लाता है, जो कूपन कोड शिक्षा के माध्यम से उपलब्ध हैं।

### हैरियर और सफारी का ऑल-न्यू एडवेंचर एक्स पर्सोना लांच, कीमत 18.99 लाख से शुरू



**भोपाल।** टाटा मोटर्स ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी, हैरियर और सफारी के लिए नए एडवेंचर एक्स₹ संस्करण लांच किए हैं। हैरियर एडवेंचर एक्स की शुरुआती कीमत 18.99 लाख रुपए है, जबकि सफारी एडवेंचर एक्स+ की कीमत 23.09 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) है। यह नया संस्करण कई नए फीचर्स और एक विशिष्ट डिजाइन के साथ आता है। इंडिया टुडे ने बताया है हैरियर एडवेंचर एक्स में 10.25-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, पूरी तरह से डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, पैनोरमिक सनरूफ, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, वायरलेस चार्जिंग, 360-डिग्री कैमरा और लेवल 2 एडास सूट जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

### बेहतर फीचर्स के साथ नई सिट्रोएन सी3एक्स लांच



**नई दिल्ली।** फ्रांस की कार कंपनी सिट्रोएन ने भारतीय बाजार में अपवी सिट्रोएन 2.0 पहल शुरू की है और इसके तहत कंपनी ने अपनी नई कार सिट्रोएन सीथ्रीएक्स लांच की। सी3एक्स सिट्रोएन की एसयूवी जैसी दिखने वाली कार का नया मॉडल है। कंपनी ने सीथ्री रेंज को महज 5.25 लाख की शुरुआती इंट्रोडक्ट्री प्राइस में पेश कर बाकी हैचबैक कारों के लिए इतनी बड़ी चुनौती पेश कर दी है कि ग्राहकों के सामने बड़ा कनफ्यूजन आ गया है। महज 5.25 लाख रुपए की शुरुआती एक्स शोरूम प्राइस वाली सिट्रोएन सी3 हैचबैक सेगमेंट में इस प्राइस रेंज में सबसे बड़ी और फीचर लोडेड कार है।

### मैक्स हॉस्पिटल ने बैतूल में शुरू की विशेष ओपीडी सेवाएं

**भोपाल ।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल नागपुर ने बैतूल में राठी हॉस्पिटल के साथ मिलकर कार्डियोलॉजी और न्यूरोलॉजी के लिए विशेष ओपीडी सेवाएं शुरू करने की घोषणा की। यह ओपीडी सेवाएं डॉ. पुष्कराज गडकरी, सीनियर कंसल्टेंट, कार्डियोलॉजी और डॉ. ललित महाजन, सीनियर कंसल्टेंट न्यूरोसाइंसेज, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नागपुर की मौजूदगी में शुरू की गईं। दोनों डॉक्टर हर महीने के दूसरे बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। डॉ. पुष्कराज गडकरी, सीनियर कंसल्टेंट, कार्डियोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल नागपुर ने कहा, "हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की समय पर पहचान बहुत जरूरी है, ताकि दिल की धमनियों (कोरोनरी आर्टरी डिजीज) की बीमारी शुरू होने से रोका जा सके।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक का राजस्व बढ़कर 3 हजार करोड़ रु. से अधिक हुआ

**नई दिल्ली ।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने 30 जून, 2025 को समाप्त हुई तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम जारी कर दिए। इस तिमाही में भी बैंक का प्रदर्शन काफी मजबूत रहा। बैंक का वार्षिक राजस्व 3,000 करोड़ रुपए को पार कर गया, जिससे यह देश में सबसे ज्यादा तेजी से विकसित होते हुए डिजिटल बैंकों की कतार में आ गया। वित्तवर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने 27.5 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 777.4 करोड़ रुपए का राजस्व दर्ज किया, वहीं शुद्ध लाभ 44.4 प्रतिशत बढ़कर 10.4 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। मजबूत ऑपरेटिंग परफॉर्मेंस और ग्राहकों के बीच तेज एडॉप्शन के चलते एबिटडा 30 प्रतिशत साल-दर-साल वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर 81.8 करोड़ रुपए हो गया। ग्राहक जमा राशि में साल-दर-साल 27.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 3,743 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। बैंक की वार्षिक ग्रॉस मर्चेंडाईज वैल्यू 4,260 बिलियन डॉलर हो गई। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने यूज़र बेस के आधार पर भारत में तीसरे सबसे बड़े मोबाईल बैंक के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर ली है, जिससे शहरी और ग्रामीण सेगमेंट्स में ग्राहकों की गहरी सहभागिता प्रदर्शित होती है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के एमडी एवं सीईओ, बिस्वास ने कहाकि हमें वित्तवर्ष 2026 की मजबूत शुरुआत करने की खुशी है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग हरदा**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 12/व.ले.लि./2025-26, हरदा, दिनांक 11/08/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mpetenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु.राशि (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_PWDRB_443851_1 | हरदा | मरम्मत कार्य | संभाग हरदा अंतर्गत कलेक्टर बिल्डिंग का मरम्मत कार्य। | प्रथम आमंत्रण | रू. 62.11 लाख |

उपरोक्त निविदा वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 26.08.2025 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग भ / स संभाग हरदा

जी - 17187/25 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 40/2025-26/लेखा / का.यं. / लो.स्वा.यां. खंड / राजगढ़ / दि

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑन लाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर आमंत्रित की गई है। राजगढ जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड एवं उपखण्ड राजगढ, खिलचीपुर, नरसिंहगढ में आउट सोर्स पर कुल 01 स्वीपर एवं 5 सुरक्षागार्ड रखने की निविदा निम्नानुसार आमंत्रित है ।

| निविदा क्र. / दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकास खण्ड | ग्राम का नाम | निविदा की कुल लागत रू. लाख में | धरोहर राशि रू. में | निविदा प्रपत्र का मुल्य | समयावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 40/25-26 दि. 08. 08.25 | 2025_PHED_43469_packl | राजगढ़ खिलचीपुर एवं जीरापुर | राजगढ जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड एवं उपखण्ड राजगढ, खिलचीपुर, नरसिंहगढ में आउट सोर्स पर कुल 01 स्वीपर एवं 05 सुरक्षागार्ड रखने की निविदा । | 8.46 लाख | 16920.00 | 2000.00 | 365 दिवस | |

ऑन लाईन निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि - 20.08.2025
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि - 22.08.2025

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
राजगढ (ब्यावरा) म.प्र.

जी - 17178/25 स्वच्छता ही सेवा

**POLICE TELECOM HEADQUARTERS, MADHYA PRADESH**
Bhadbhada Road, Bhopal-462003
Fax No. 0755-2443674, E-mail: ssp_radio@mppolice.gov.in

NIT No.: PTHQ/CCTV-39/PUR/GIS/D-13210/2025, Bhopal, Date: 08/08/2025

Notice Inviting e-Tender

e-Tenders are invited by the Senior Superintendent of Police (Radio) MP Bhopal on behalf of DGP MP Bhopal for the following items :-

| Sr.No | Name of Work | Required EMD |
|---|---|---|
| 1. | Tender For GIS Map, Geotagging Application Integration Software Solution | 27,00,000/- |

1. Required EMD Must be paid online on Gem Portal at the time of filling tender.
2. Tender documents can also be download from the website of Gem Portal & MP Police (www.mppolice.gov.in).
3. The Tender Should be submitted online on Gem Portal within scheduled date and time.
4. This is a turn-key Project.
5. GeM Portal Schedule Date & Time:

| S.No. | Activity of Tender | Date | Day | Time |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Documents Publish/download/Sale Start Date | 08/08/2025 | | 22:00 Hrs |
| 2. | Bid Submission Start Date | 08/08/2025 | | 22:30 Hrs |
| 3. | Bid Submission End Date | 25/08/2025 | | 17:00 Hrs |
| 4. | Opening of PQ Bid | 25/08/2025 | | 17:30 Hrs |

(Vijay Kumar Khatri)
Deputy Inspector General/S.S.P. (R)
Madhya Pradesh, Bhopal

जी - 17201/25 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# सिंधु जल संधि पर कड़ा रुख अपनाए रखे भारत

पाकिस्तान की गीदड़भभकियों, धमकियों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। सिंधु जल संधि को भारत ने जिस मकसद के लिए निलंबित किया है, उसके पूरे होने तक भारत को अपने रुख पर कायम रहना चाहिए। इधर तीन दिन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ, पाक फौज प्रमुख जनरल असीम मुनीर और पीपीपी नेता बिलावल भुट्टो ने भारत के खिलाफ उकसावे वाले बयान दिए हैं। पाकिस्तान बेशक अमेरिकी कठपुतली बनकर खेल रहा है और भारत के खिलाफ जहर उगल रहा है, लेकिन इससे भारत को न ही विचलित होने की जरूरत है और न ही प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। भारत ने सिंधु जल समझौता तब निलंबित किया है, जब पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों से बाज नहीं आ रहा था और पाक स्थित आतंकी गुट ने पहलगाम में हिंसा को अंजाम दिया। भारत के अनेक बार सबूत देने के बावजूद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ आतंकवादी हरकतें बंद नहीं की। पहलगाम घटना के बाद भारत का सब्र जवाब दे गया और सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए, जिसमें ट्रेड पूर्ण रूप से बंद करने, अटारी व वाघा बॉर्डर बंद करने से लेकर सिंधु जल समझौते को निलंबित करने जैसे एक्शन हैं। भारत ने 1960 के सिंधु जल समझौते को 23 अप्रैल को स्थगित कर दिया था। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। अब जब सिंधु, चिनाब व झेलम से पानी का बहाव पाकिस्तान में कम हुआ है और पाकिस्तान को जल संकट आसन्न दिखाई दे रहा है, तो बौखलाहट में पाकिस्तान सरकार के पदेन लोग भारत के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। पाक फौज प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने अमेरिका की धरती से भारत को परमाणु बम की धमकी दी कि अगर इस्लामाबाद को भारत से अस्तित्व का खतरा महसूस हुआ, तो वह आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। खेदजनक है कि अमेरिका ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंधु दरिया के पानी पर कहा कि अगर भारत ने युद्ध थोपा, तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। उसके बाद अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत को खुली धमकी दी है कि वह पाकिस्तान का एक बूंद पानी भी किसी को छीनने नहीं देंगे। सवाल है कि ये लोग किस हैसियत से भारत को धमकियां दे रहे हैं, न तो यह कूटनीति की भाषा है और न किसी राष्ट्र की भाषा है। भारत का रुख साफ है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को खत्म नहीं करता है, तब तक भारत पाक से न कोई वार्ता करेगा और न ही सिंधु जल संधि को बहाल करेगा। पाकिस्तान अमेरिका व चीन के दम पर अगर भारत के खिलाफ उकसावे वाला बयान दे रहा है, तो वह ऐसा करता रहे। भारत अपनी आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप ही कार्य करेगा। भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सीमा पार से पाकिस्तान की कोई भी आतंकी व सैन्य हरकत युद्धघोष मानी जाएगी। भारत स्पष्ट कर चुका है कि वह न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग को बर्दाश्त नहीं करेगा, पाक आतंकवाद खत्म करे, फिर वार्ता टेबल पर आए। पाक जिस अमेरिका व चीन के बल पर कूद रहा है, उसी से पाक को पानी मांगना चाहिए। भारत का सिंधु जल समझौते को निलंबित करना न किसी अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में आता है और न ही यह संयुक्त राष्ट्र के चार्टर का उल्लंघन है। भारत वर्षों से पाक प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित है और इसलिए उसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाने का अधिकार है। भारत जिम्मेदार परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र है, वह यूं ही किसी को धमकी नहीं देता है।



## विभाजन विभीषिका

बृजमोहन अग्रवाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज़ादी के जश्न के साथ-साथ बंटवारे के असहनीय दर्द को भी याद रखने को काफी अहम समझा और समूचे देश में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का निर्णय लिया। इस साहसिक फैसले के बाद अगर देश की जनता आज़ादी के ठीक एक दिन पहले हुए लोगों के खौफनाक विस्थापन और उससे हुई उनकी निर्मम दुर्गति, उनके रक्त रंजित संघर्ष और बलिदान के बारे में सुन, समझकर देश में मानवता और भाईचारे की मिसाल कायम करती रहे तो ग़्रह उस दौरान असमय मारे गए लोगों को हम सब की तरफ़ से एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारत का विभाजन अभूतपूर्व मानव विस्थापन और मजबूरी में पलायन की एक दर्दनाक कहानी है।

# निर्मम बंटवारे को भुला नहीं सकते

देश के धार्मिक रूप से हुए बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहन और भाईयों को इसमें लापता होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी। लाखों लोग बेघर हुए, अपनों से बिछड़ते हुए असमय काल का शिकार हो गए। महिलाओं पर हुए नाहक अत्याचार, उनकी अस्मिता का मर्दन, भूख से बिलखते बच्चे और बीमारी में भी वृद्धावस्था में अपने लिए सुरक्षित ठिकाने की तलाश में भटकते वरिष्ठ लोगों को मिले भीषण दंश की पीड़ा का अंदाजा लगाना आज के आधुनिक और अर्थकरी रंग-बिरंगी दुनिया में बहुत कठिन है। आजकल ज्यादातर लोग इतिहास को भूलकर आगे बढ़ने पर विश्वास रखते हैं। ऐसे आधुनिक युग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज़ादी के जश्न के साथ-साथ बंटवारे के असहनीय दर्द को भी याद रखने को काफी अहम समझा और समूचे देश में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ऐतिहासिक और साहसिक फैसले के बाद अगर देश की जनता आज़ादी के ठीक एक दिन पहले हुए लोगों के खौफनाक विस्थापन और उससे हुई उनकी निर्मम दुर्गति, उनके रक्त रंजित संघर्ष और बलिदान के बारे में सुन, समझकर देश में मानवता और भाईचारे की मिसाल कायम करती रहे तो ग़्रह उस दौरान असमय मारे गए लोगों को हम सब की तरफ़ से एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारत का विभाजन अभूतपूर्व मानव विस्थापन और मजबूरी में पलायन की एक दर्दनाक कहानी है। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लाखों लोग अजनबियों के बीच एकदम विपरीत वातावरण में नया आशियाना तलाश रहे थे। विश्वास और धार्मिक आधार पर एक हिंसक विभाजन की कहानी होने के अतिरिक्त यह इस बात की भी कहानी है कि कैसे एक जीवन शैली तथा वर्षों पुराने सह-अस्तित्व के दौर का अचानक और नाटकीय रूप से अंत हो गया। इस विभीषिका में मारे गए लोगों का आंकड़ा अनुमानतः पांच से 10 लाख के बीच है। लॉर्ड माउंटबेटन 31 मई, 1947 को लंदन से सत्ता के हस्तांतरण पर मंजूरी लेकर नई दिल्ली लौटे थे। 2 जून, 1947 की ऐतिहासिक बैठक में विभाजन की योजना पर मोटे तौर पर सहमति बनी थी। भारत के विभाजन का निर्णय एक पूर्व शर्त की तरह था। सामान्य तौर पर इस योजना का व्यापक विरोध हुआ और विशेष रूप से इस विचार का कि भारत जैसे देश का विभाजन धार्मिक आधार पर किया जा रहा था। ऐसा कहा जाता है कि इस विभाजन के लिए वे ही नेता मानसिक रूप से तैयार थे, जिन्हें इस विभाजन में अपना हित और उज्ज्वल भविष्य दिख रहा था। विभाजन के फलस्वरूप 1.3 करोड़ लोग अपनी जड़ों से उखड़ कर विस्थापित होने के लिए बाध्य कर दिए गए थे। भारत के विभिन्न हिस्सों को दहला देने वाली 1946 और 1947 में हुई सांप्रदायिक हिंसा की व्यापकता और क्रूरता पर विस्तार से लिखा गया है। इस हिंसा की प्रकृति न केवल लोगों के जीवन को नष्ट करने, बल्कि दूसरे समूह की सांस्कृतिक और भौतिक उपस्थिति को भी मिटा देने की थी। यह यथार्थ है कि जिन क्षेत्रों ने इस हिंसा को देखा, उन्होंने उन्हीं समुदायों को सदियों से सह अस्तित्व में रहते देखा था। पंजाब, बिहार, संयुक्त प्रांत और निश्चित रूप से बंगाल कुछ ऐसे उदाहरण हैं,



जहां सह - अस्तित्व जीवन का एक तरीका रहा है। 1947 से पूर्व के पंजाब में एक भी ऐसे गांव की पहचान कठिन होगी, जिस पर किसी खास समुदाय द्वारा विशिष्टता के साथ दावा किया जा सके। यह सब 4 मार्च 1947 को शुरू हुआ। पुलिस ने हिंदुओं और सिखों के एक जुलूस पर, जो बहुत बड़ा नहीं था, गोली चलाई। करीब 125 छात्र गंभीर रूप से घायल हुए थे तथा 10 छात्र, जो सभी डीएवी कॉलेज, लाहौर के थे, मारे गए थे। 6 मार्च की सुबह तक अमृतसर, जालंधर, रावलपिंडी, मुल्तान और सियालकोट समेत पंजाब के मुख्य शहर दंगों की लपटों में घिर गए थे। शरणार्थियों को न केवल सड़क पर हिंसा का सामना करना पड़ा, बल्कि वे सदी की सबसे भीषण बाढ़ में से एक के शिकार भी हुए। इस खतरनाक यात्रा में लोगों को भूख, बीमारी, थकावट और प्रकृति की कठोर परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। उपमहाद्वीप के मूसलाधार मानसून को सहन करते हुए वे गीली दलदली भूमि और भारी संकट से गुजरे। लोग विकट परिस्थितियों से होकर पंजाब पहुंचे थे। विभाजन के दौरान सिन्ध के अल्पसंख्यकों (हिन्दू एवं सिख) को जितनी विकराल एवं भयावह त्रासदी सहनी पड़ी, उसका कटु अनुभव सिन्ध छोड़कर आए लोगों के मन में आज भी जीवन्त है। कराची में हुए भयावह दंगों ने अल्पसंख्यकों को इस हद तक भयभीत कर दिया था कि नवम्बर 1947 तक 2,50,000 लोग, जनवरी 1948 तक 4,78,000 तथा जून 1948 तक 10 लाख से अधिक लोगों को सिन्ध छोड़कर जाना पड़ा। बंटवारे के समय भारत और पाकिस्तान के बीच पलायन करने वाले लोगों ने रेलगाड़ियों का व्यापक रूप से उपयोग किया था। भारत और पाकिस्तान के बीच आपसी परामर्शी रेल सुविधा को जारी रखा गया था। हर दिन 5-6 ट्रेनें दोनों ओर से चलती थीं। ऐसी कई डरावनी कहानियां भी हैं, जिनमें रेलगाड़ियां जब अपने अंतिम गंतव्य स्थान पर पहुंचती तो उनमें केवल लाशें और घायल व्यक्ति ही मौजूद रहते। विभाजन के दौरान महिलाओं को भारी नुकसान उठाना पड़ा। विभाजन एवं उसके आघात का उनका अनुभव पुरुषों से बहुत अलग था। उनका अपहरण और बलात्कार किया गया। बहुतों को अपना धर्म बदलने और उन्हीं पुरुषों से शादी करने के लिए मजबूर किया गया, जिन्होंने शायद उनके परिवार का वध किया हो। भारत सरकार ने 33,000 महिलाओं के अपहरण की सूचना दी, जबकि पाकिस्तान सरकार ने 50,000 महिलाओं के अपहरण का अनुमान लगाया।

सबसे बड़ी संख्या में लोगों ने काफ़िले में पलायन किया। इन काफिलों की लंबाई 10 मील से लेकर 27 मील तक हुआ करती थी, जिनमें हजारों-हज़ार लोगों की तादाद होती थी। ये काफ़िले विशेष रूप से भीड़ के हमले की चपेट में थे। लोग बिना आश्रय, स्वच्छता, भोजन या पानी के बिना चलते रहे। इस कारण हज़ारों बुजुर्गों और बच्चे थकावट, भुखमरी और बीमारी से मर गए। पाकिस्तान द्वारा सौंपे गए पीड़ितों की संख्या बहुत कम है। दूसरे बहुत कम युवतियों को खोजा गया है। सीमांतप्रांत में युवा लड़कियों को दास के रूप में बेचे जाने की भी जानकारी है। कभी जहां बाज़ार आबाद हुआ करते थे, वहां खंडहर पनाह भी नहीं दे पा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चों को गोद में ली हुई माताएं जैसे विभाजनकारी शक्तियों को कोसते जा रहीं थीं। विस्थापित लोगों की ताजातरीन जानकारी लाउड स्पीकर से दी जा रही थी साथ ही लोगों की दयनीय अवस्था का हवाला देते हुए उनके पड़ोसियों और परिजनों को भी लोगों की स्थिति से अवगत कराया जा रहा था। धर्म के आधार पर किसी देश के विभाजन की ऐसी दुःखद त्रासदी दुनिया में इससे पहले कहीं ओर नहीं देखी गई थी। विभाजन की ऐसी त्रासदी के शिकार सभी निर्दोष लोगों को मेरा पुण्य कोटि-कोटि नमन।

*( लेखक लोकसभा सांसद भाजपा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

विवेक शुक्ला




# मुस्लिम लीग ने आग में घी डालने का किया था काम

मोहम्मद अली जिन्ना 7 अगस्त, 1947 को दिल्ली के सफदरजंग एयरपोर्ट से कराची के लिए रवाना हो रहे थे। उनके साथ उनकी बहन फातिमा जिन्ना भी थीं। तब यहां सांप्रदायिक दंगे भड़के हुए थे। पर मजाल है कि उन्होंने दिल्ली को हमेशा-हमेशा के लिए छोड़ने से पहले एक बार भी दंगाग्रस्त क्षेत्रों में जाकर शांति बहाली की जरूरत महसूस की हो। हालांकि जिस जिन्ना ने 16 अगस्त 1946 को 'डायरेक्ट एक्शन डे' का आह्वान किया था, उससे इस तरह की उम्मीद नहीं की जा सकती थी कि वह नफरत की आग को बुझाने का काम करेगा। जिन्ना के आह्वान के चलते कोलकाता में इस दिन शुरू हुई हिंसा में हजारों बेगुनाह लोग मारे गए। इसे 'ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स' कहा गया। जिन्ना या मुस्लिम लीग ने खून-खराबे को रोकने की बजाय आग में घी डालने का ही काम किया था। जब कोलकात्ता जल रहा था तब हुसैन शहीद सुहरावर्दी बंगाल के मुख्यमंत्री थे। उन पर आरोप लगे कि उन्होंने पुलिस को निर्देश दे दिए थे कि वह आंखें बंद करके बैठी रहे। इन दंगों में हिंदुओं को विशेष रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ा। 16 से 20 अगस्त 1846 तक चली हिंसा में, अनुमानित 10 हजार लोग मारे गए। घायलों का आंकड़ा भी हजारों में था। खैर, सुहरावर्दी आगे चलकर पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री भी बने। वरिष्ठ लेखक त्रिलोक दीप 1947 के बंटवारे पर बातें करने से बचते हैं। उन्हें बंटवारे ने बहुत गहरे घाव दिये हैं। इसरार करने पर बताने लगते हैं कि "मैं तब दस साल का था और अपने माता-पिता के साथ अगस्त, 1947 से कुछ पहले ही रावलपिंडी से लाहौर होता हुआ लखनऊ पहुंच गया था। रावलपिंडी के हालात लगातार खराब हो रहे थे। इसलिए हमने इंतजार करना मुनासिब नहीं समझा। पर मेरे नाना अमीचंद और नानी भाग्यवती को भीड़ ने उनके गांव में मार दिया था।" ये सब बताते हुए 90 साल के त्रिलोक दीप की आंखें भीगने लगती हैं। भारत के विभाजन को अब एक अरसा गुजर गया है, पर अब भी हमारे आसपास इस तरह के तमाम लोग मौजूद हैं, जिन्होंने उस दौर में हुए दंगों में अपनों को खोया। देश के बंटवारे के कारण लगभग 1.5 करोड़ लोग एक देश से दूसरे में गए। इस दौरान हिंदू-सिख और मुस्लिम समुदायों के बीच भयंकर सांप्रदायिक दंगे हुए। पंजाब, बंगाल और दिल्ली जैसे क्षेत्रों में हिंसा चरम पर थी। स्वीडन में रहने वाले पाकिस्तान मूल के राजनीतिक चिंतक डॉ. इश्तियाक अहमद अपनी किताब में लिखते हैं कि मोहम्मद अली जिन्ना की बयानबाजी ने सांप्रदायिक तनाव को और बढ़ाया। वे कभी साम्प्रदायिक दंगों को रोकने के लिए दंगाइयों के बीच में नहीं गए। दरअसल 1947 में जब विभाजन की प्रक्रिया शुरू हुई, तब पंजाब और बंगाल में हिंसा अपने चरम पर थी। तब जिन्ना का ध्यान मुख्य रूप से सत्ता पर काबिज होना था। उन्होंने 11 अगस्त 1947 को कराची में दिए अपने भाषण में पाकिस्तान को धर्मनिरपेक्ष मुल्क बनाने का वादा किया। वे जब इस तरह का दावा कर रहे थे तब कराची जल रहा था। वहां अल्पसंख्यकों का कत्लेआम होने लगा था। जिन्ना के पास दंगों को रोकने की कोई इच्छाशक्ति नहीं थी। जिन्ना की तरह मुस्लिम लीग में उनके नंबर दो समझे वाले लियाकत अली खान और बाकी नेताओं का भी ध्यान दंगों को रोकने की तरफ नहीं था। वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी में सुखो खालसा स्कूल है। प्रख्यात रचनाकार भीष्म साहनी ने अपनी अमर रचना तमस में सुखो का उल्लेख किया है। ये एक छोटी सी तहसील है रावलपिंडी जिले की। पंजाब में महाराजा रणजीत सिंह के राज के दौरान सुखो में अनेक गुरुद्वारे भी बने। सुखो बेहतरीन जगह थी। उसका चरित्र समावेशी था। पर देश के बंटवारे का समय आपसी नफरत का दौर था। जो दोस्त और पड़ोसी सदियों से एक-दूसरे के साथ रह रहे थे, वे भी एक-दूसरे की जान के प्यासे हो गये थे। आजादी के ठीक पहले सांप्रदायिकता की बैसाखियां लगाकर पाशविकता का जो नंगा नाच सुखो में खेला गया था, उसका मार्मिक चित्रण भीष्म साहनी तमस में करते हैं। खैर, जिन्ना के विपरीत, महात्मा गांधी हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में जाकर शांति स्थापित करने की कोशिश कर रहे थे। गांधी जी 7 सितंबर 1947 को अंतिम बार कोलकाता से दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन पर उतरते हैं। दिल्ली सांप्रदायिक दंगों के कारण धू-धू करके जल रही थी। गांधी जी दंगा प्रभावित जगहों में गए, सभाएं की और हिंदू, मुस्लिम और सिख समुदायों के बीच सुलह की अपील की। वे इन सब जगहों में दंगाइयों से मुसलमानों को बचा रहे थे। गांधी के अलावा, नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना आजाद भी दंगों को रोकने के काम में दिन- रात लगे हुए थे। काश, जिन्ना और मुस्लिम लीग के नेताओं ने भी यही किया होता।

*( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित
## दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है।

# मन का भोजन हमारे विचार



संकलित
## प्रेरणा

एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों और अन्य लोगों को उपदेश दे रहे थे। सत्संग में काफी लोग बैठे हुए थे। भीड़ में से एक व्यक्ति उठा और उसने बुद्ध से पूछा कि तथागत मैं जब ध्यान करने बैठता हूं तो मेरा मन ध्यान में नहीं लग पाता है। कृपया बताइए, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध के साथ ही सत्संग में बैठे हुए लोगों ने भी ये प्रश्न सुना, लेकिन बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि कृपया फिर से अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने फिर से कहा कि मेरा मन ध्यान में नहीं लगता है, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध ने कहा कि एक बार और अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने एक बार और अपनी बात कह दी। बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार मन के लिए भोजन हैं। जब तक मन को विचारों का भोजन मिलता रहेगा, हम ध्यान नहीं कर सकते हैं। जब हम ध्यान करने बैठे, तब मन को विचारों का भोजन नहीं देना चाहिए, यानी सोच-विचार करना बंद कर देना चाहिए। तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। जब मन विचारों से खाली हो जाएगा, तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। बुद्ध ने उस व्यक्ति से ध्यान के बारे में प्रश्न तीन बार पूछा था और बुद्ध ने भी तीन बार इस प्रश्न का उत्तर दिया। बुद्ध ने तीन बार उत्तर दिया तो लोगों ने पूछा कि आपने इस व्यक्ति से तीन बार प्रश्न पूछा और उत्तर भी तीन बार ही दिया, ऐसा क्यों? बुद्ध ने लोगों को समझाया कि मैं इन सज्जन से तीन बार प्रश्न पूछा, क्योंकि मैं प्रश्न के लिए इनकी गंभीरता को परखना चाहता था। जब मुझे लगा कि ये अपने प्रश्न के लिए गंभीर हैं, तब मैंने उत्तर भी तीन बार दिया, ताकि मेरी बात इन्हें अच्छी तरह समझ आ जाए।

## सटाका




## आज की पाती

### भारत विभाजन की त्रासदी

1947, 14 अगस्त भारत का विभाजन एक अभिशाप था। यह केवल मात्र भारत की आत्मा पर चोट नहीं थी, बल्कि प्रत्येक भारतीय की अखंडता पर चोट थी, लाखों परिवार जो पंजाब-सिंध से नाता रखते थे, एक झटके में बेघर हो गए। इन परिवारों की आत्मा भारत माता के साथ जुड़ी थी। उनकी जमीन पाकिस्तान में जाते हुए पंजाब, सिंध, सियालकोट, गुजरांवाला में रह गई। परदादा, परदादी, दादा, दादियों द्वारा सुनाई गई कहानियों पर वह विभाजन का इतिहास सभी स्मरण करते हैं। वह पंजाब की गलियां, घोड़ा गाड़ियां, रेलवे स्टेशन, ईंटों के घर, आज भी सभी को याद है। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एक ऐसा दिन है जब विभाजन के समय हुए सभी अत्याचारों को हम स्मरण करते हैं।

*– मनोज जोशी, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### कनेक्टिविटी का विस्तार



देशभर में कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने लखनऊ मेट्रो के फेज-1B को मंजूरी दी है। इससे यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। इसके साथ ही शहर में लोगों का सफर और सुविधाजनक होगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### एसआईआर पर चर्चा हो



बिहार से एसआईआर की शुरुआत की गई है, जो अब पूरे देश में करने जा रहे हैं। हमारी मांग है कि एसआईआर पर चर्चा हो, लेकिन भाजपा सरकार चर्चा से भाग रही है। विपक्ष चाहता है कि सदन चले, लेकिन भाजपा सरकार सदन नहीं चलने दे रही है।

**- मल्लिकार्जुन खड़के, कांग्रेस अध्यक्ष**

### मोदी का करिश्मा नहीं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहीं कोई करिश्मा नहीं है, ये चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के बल पर चुनाव जीत रहे हैं। 2020 में इन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में हमें 12,756 वोट के अंतर से 10 से अधिक सीटें जबरन हराईं।

**- तेजस्वी यादव, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार**

### फैसले पर विचार



यह जानकर बहुत खुशी हुई कि मुख्य न्यायाधीश ने एनसीआर में आवारा कुत्तों से संबंधित फैसले पर विचार करने की सहमति दे दी है। कानून पारित करना और उसे लागू करना सबसे पहले मानवीय होना चाहिए।

**- रणदीप हुड्डा, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# अमेरिका में हिंदू मंदिर की नाम पट्टिका तोड़ी गई


अमेरिका के इंडियाना शहर में एक हिंदू मंदिर के नामपट्ट को विरूपित कर दिया गया जिसे भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'निंदनीय' बताया है। मंदिर के आधिकारिक जनसंपर्क हैंडल ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि यह 'घृणित कृत्य'' ग्रीनवुड शहर स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में हुआ। इसमें कहा गया है कि एक साल से भी कम समय में यह चौथी बार है जब किसी बीएपीएस मंदिर को निशाना बनाया गया है। शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इस कृत्य पर कड़ा संज्ञान लिया और इसे 'निंदनीय' बताया। उसने 'एक्स' पर कहा, 'इंडियाना के ग्रीनवुड स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर के मुख्य नामपट्ट का अपमान निंदनीय है।' दूतावास ने कहा कि उसने 'शीघ्र कार्रवाई' के लिए कानून प्रवर्तन अधिकारियों के समक्ष यह मामला उठाया है। इसमें कहा गया है कि महावाणिज्य दूत ने ग्रीनवुड के मेयर सहित श्रद्धालुओं और स्थानीय नेतृत्व की एक सभा को भी संबोधित किया और 'वहां एकता एवं एकजुटता तथा उपद्रवियों के विरुद्ध सतर्कता बरतने का आह्वान किया।' मंदिर प्रशासन ने अपने पोस्ट में यह भी कहा कि इस कृत्य ने ' हमारे समुदाय के संकल्प को मजबूत किया है और हम धर्म-विरोधी व्यवहार के विरुद्ध एकजुट हैं।'



## ऑफ बीट

# दौड़ने से नशे की लत से मिल सकता है छुटकारा

शोध से पता चलता है कि व्यायाम लत से छुटकारा पाने में मदद कर सकता है। यह एक नशामुक्त आनंद है, जो मूड को बेहतर कर सकता है, लालसा (क्रेविंग्स) और मानसिक स्वास्थ्य के लक्षणों को कम कर सकता है, जिससे दोबारा नशे में लौटने से बचाव हो सकता है। हालांकि, अमेरिका में विशेष रूप से नशे से छुटकारा पाने के लिए दौड़ने वाले लोगों के समूह मौजूद हैं, लेकिन अधिकतर शोध नशा-उपचार के दौरान क्लीनिक में ट्रेडमिल पर किए गए हैं। इससे कई सवाल अनुत्तरित रह जाते हैं जैसे लोग समय के साथ लत से उबरने की अपनी प्रक्रिया में दौड़ का उपयोग कैसे करते हैं, इससे किसे लाभ होता है और क्यों। हम यह समझना चाहते थे कि दौड़ने से लोगों को नशीले पदार्थ या शराब के इस्तेमाल से नशामुक्त जीवन की ओर बढ़ने में कैसे मदद मिलती है। अधिकांश लोगों ने शराब को नशे का मुख्य स्रोत बताया। नतीजे बताते हैं कि नशीले पदार्थ या शराब के इर्द-गिर्द सिमटा जीवन धीरे-धीरे दौड़ने से व्यवस्थित हो गया। शुरुआत में ज्यादातर प्रतिभागी वजन घटाने के लक्ष्यों से प्रेरित थे, न कि स्वास्थ्य लाभ से। वे दौड़ने की तैयारी के दौरान भी मादक पदार्थों का सेवन करते रहे, कभी-कभी लंबी दौड़ शुरू करने से पहले थोड़ी शराब पी लेते थे।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान अहम टिप्पणी

# ‘सर’ प्रक्रिया मतदाताओं के अनुकूल और हितदायक, यह गलत नहीं

## बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में और ज्यादा विकल्प दिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर से सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में मतदाताओं से मांगे गए दस्तावेजों की संख्या 11 है, जबकि मतदाता सूची के सारांश पुनरीक्षण में 7 दस्तावेज पर विचार किया जाता था। यह दर्शाता है कि यह मतदाता हितैषी है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए मतदाता के पास 11 दस्तावेज का विकल्प है, जबकि पहले किए गए संक्षिप्त पुनरीक्षण में सात दस्तावेज मांगे गए थे, इससे यह साफ दिखता है कि प्रक्रिया मतदाताओं के लिए अनुकूल है।

**प्रक्रिया में स्पष्टता दिख रही**



### 36 लाख पासपोर्ट धारकों का कवरेज ठीक दिखाई दे रहा

पीठ ने कहा कि राज्य में 36 लाख पासपोर्ट धारकों का कवरेज ठीक दिखाई देता है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि अधिकतम कवरेज सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों से फीडबैक लेने के बाद आमतौर पर दस्तावेज की सूची तैयार की जाती है।

### ‘आधार’ की जगह अन्य दस्तावेज शामिल किए गए

इससे पहले न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की इस दलील के बावजूद कि आधार को स्वीकार न करना अनुचित था, लेकिन अन्य दस्तावेज के विकल्प भी दिए गए थे, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रक्रिया वास्तव में सबको साथ में लेकर चलने वाली है।

### विवाद में काफी हद तक विश्वास की कमी का मुद्दा

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह विवाद काफी हद तक विश्वास की कमी का मुद्दा है। आयोग ने दावा किया है कि चुनावी राज्य बिहार में कुल 7.9 करोड़ मतदाता आबादी में से लगभग 6.5 करोड़ लोगों को या उनके माता-पिता को 2003 की मतदाता सूची में शामिल होने के लिए कोई दस्तावेज दाखिल करने की आवश्यकता नहीं थी।

### 11 में से कोई 1 ही मांगा, पहले तो केवल 7 थे

पीठ ने कहा कि राज्य में पहले किए गए संक्षिप्त पुनरीक्षण में दस्तावेज की संख्या 7 थी और एसआईआर में यह 11 है, जो दिखाता है कि यह मतदाता के लिए ठीक या उचित है। हम आपकी दलीलों को समझते हैं कि आधार को स्वीकार न करना ठीक नहीं है, लेकिन दस्तावेज की अधिक संख्या वास्तव में समावेशात्मक है। सूची में शामिल 11 दस्तावेज में से कोई 1 जमा करना जरूरी था।

### एसआईआर को वोटर फ्रेंडली माना

बिहार में चल रहे चुनाव आयोग के एसआईआर को सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता हितैषी बताया है। शीर्ष अदालत ने बुधवार को यह टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि पूर्व में हुए संक्षिप्त पुनरीक्षण में 7 दस्तावेज मान्य थे, मगर अभी के विशेष गहन पुनरीक्षण में 11 दस्तावेजों का विकल्प मतदाताओं को दिया गया है।

**अदालत ने सिंघवी को टोका**



### बिहार को ऐसे मत प्रोजेक्ट कीजिए ज्यादा अधिकारी यहीं से निकले

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि आधार को स्वीकार न करना अपवादात्मक था, ऐसा प्रतीत होता है कि दस्तावेजों की बड़ी संख्या ‘वास्तव में समावेशी’ थी। जस्टिस कांत ने कहा कि बिहार को इस तरह से प्रोजेक्ट मत कीजिए। सबसे ज्यादा बड़े अधिकारी यही से हैं।

### सिंघवी की दलील को नकारा



वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी नेकहा कि दस्तावेज की संख्या भले ही ज्यादा हो, लेकिन उनका कवरेज सबसे कम है। उन्होंने मतदाताओं के पास पासपोर्ट की उपलब्धता का उदाहरण दिया। सिंघवी ने कहा कि बिहार में यह केवल 1-2प्रतिशत है। राज्य में स्थायी निवासी प्रमाण पत्र देने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां जस्तावेज की कवरेज बहुत कम है। इसे कोर्ट ने नकार दिया। सभी के पास पासपोर्ट नहीं होते।

---

## खबर संक्षेप

### राहुल संग पक रही चंद्रबाबू की ‘खिचड़ी’

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और वाईएसआरसीपी के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी ने दावा किया कि सीएम चंद्रबाबू नायडू मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के जरिए राहुल गांधी के संपर्क में हैं। रेड्डी ने राहुल पर भी निशाना साधा और सवाल किया वे वोट चोरी का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहे हैं, लेकिन वे आंध्र प्रदेश में यह मुद्दा क्यों नहीं उठा रहे हैं?



### डॉक्टर ने सास की हत्या कर शव के टुकड़े किए

**तुमकुरु।** कर्नाटक के तुमकुरु के कोराटागेरे में एक दंत चिकित्सक ने सास की हत्या कर दी। उसने 2 साथियों संग शव के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। एसपी अशोक केवी ने बताया कि 7 अगस्त को हमें थाने की सीमा में मानव शरीर के अंगों के टुकड़े मिले। अलग-अलग जगहों पर 2 हाथ, मांसपेशियां और आंत के कुछ हिस्से मिले थे।



### 15 को दिल्ली में रेल यातायात रहेगा निलंबित

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए 15 अगस्त को सुबह 6:45 से 9 बजे तक दिल्ली जंक्शन और दिल्ली शाहदरा जंक्शन रेलवे स्टेशनों के बीच रेल यातायात अस्थायी रूप से निलंबित रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि इस अवधि में ट्रेनों के संचालन में परिवर्तन किए गए हैं।



### यूट्यूबर अरमान को पूरे परिवार समेत समन

**मुंबई।** फेमस यूट्यूबर अरमान मलिक एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए हैं। पर्सनल लाइफ और सोशल मीडिया के कारण सुर्खियों में रहने वाले अरमान मलिक इस बार परिवार के साथ कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। पटियाला कोर्ट ने मलिक, उनकी दोनों पत्नियों को समन किया है।



---

## नेता प्रतिपक्ष राहुल के बयान पर अनुराग का करारा जवाब

# भारतीय नागरिक बनने से पहले मतदाता सूची में था सोनिया का नाम, यह ‘ब्लंडर’

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर आरोपों पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जमकर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कुछ कांग्रेस के लोग कह रहे थे कि राहुल और विपक्ष के नेताओं ने बवंडर खड़ा किया। बवंडर नहीं, ब्लंडर है। जितने आरोप आज तक लगाए, मैं राहुल को यही कहूंगा कि धूल चेहरे पर थी और आप आईना साफ करते रहे।

ठाकुर ने कहा कि अगर किसी के नेतृत्व में 90 बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड है, तो वह राहुल के नेतृत्व में है। जब वे चुनाव हारते हैं, तो ईवीएम पर सवाल उठाते हैं या मतदाताओं को दोषी ठहराते हैं। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा के लिए ईवीएम में हेराफेरी की गई है। फिर उन्होंने कहा कि ईवीएम पर प्रतिबंध लगाओ, मतपत्र वापस लाओ। ईवीएम हैक किया जा सकता है। हर हार के बाद कांग्रेस नए बहाने ढूंढती रही। बिहार चुनाव हारते देख कांग्रेस पहले ही विपक्षी दलों के साथ मिलकर झूठे आरोप लगाने में जुट गई है। सोनिया गांधी तो पहले ही वोटर बन गई, बाद में नागरिकता ली।

*धूल चेहरे पर थी और वे आईना साफ करते रहे*

*1980 से 1982 तक दिल्ली की मतदाता सूची में था, सोनिया को भारतीय नागरिकता 1983 में मिली*

*विपक्ष के नेताओं ने जबरन बवंडर खड़ा किया, कभी ईवीएम हटाओ तो कई हैकिंग बोल रहे*





### सोनिया के नाम की वोटर लिस्ट का अंश भी दिखाया



भाजपा ने सोनिया पर गंभीर आरोप लगाया है कि उनका नाम भारतीय नागरिक बनने से पहले ही वोटर लिस्ट में शामिल कर दिया गया था। यह घटना 45 साल पहले की है, जब सोनिया का नाम 1980 से 1982 तक दिल्ली की मतदाता सूची में था, जबकि उन्हें भारतीय नागरिकता 1983 में मिली थी। ठाकुर ने दावा किया कि 1946 में इटली में जन्मी सोनिया, जो 1968 में राजीव गांधी से विवाह कर भारत आईं। इसके बाद उनका नाम 1980 लोकसभा चुनाव से पहले नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र की वोटर लिस्ट में दर्ज किया गया था। यह नियमों का उल्लंघन था क्योंकि किसी भी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में तभी दर्ज हो सकता है जब वह भारतीय नागरिक हो। अमित मालवीय ने भी सूची का कथित अंश साझा करते हुए इसे ‘स्पष्ट चुनावी गड़बड़ी’ करार दिया।

### विवाद पर सोनिया का नाम हटाया फिर जोड़ा गया

भाजपा का कहना है कि विरोध के बाद 1982 में सोनिया का नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया, लेकिन 1983 में दोबारा शामिल किया गया। आरोप है कि यह भी नियमों के खिलाफ था क्योंकि उस साल नागरिकता मिलने की तारीख अप्रैल थी, जबकि मतदाता सूची में नाम जोड़ने की अंतिम तारीख एक जनवरी थी। ठाकुर ने ‘वोटर फ्रॉड’ आरोपों से जोड़ते हुए कहा कि राहुल झूठ बोल रहे हैं।

### बाबा साहेब को कांग्रेस ने गलत करके हराया

ठाकुर ने कहा कि अगर हम 1952 से शुरुआत करें तो कांग्रेस और सीपीआई ने मिलकर संविधान निर्माता और संत समान नेता डॉ. भीमराव आंबेडकर को चुनाव में हराया था। कांग्रेस ने 1952 के पहले ही चुनाव में चुनावी भ्रष्टाचार की नींव रखी थी। रिकॉर्ड देखें- 74,333 वोट खारिज हुए, जबकि आंबेडकर सिर्फ 14,561 वोटों से हारे।

### इंदिरा ने मतदाताओं को मूर्खों का समूह बताया था

ठाकुर ने कहा कि इस परिवार और पार्टी में शुरू से ही एक परंपरा रही है कि अगर आप चुनाव हार जाते हैं, तो आप चुनाव आयोग, मतदाताओं या चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हैं। इंदिरा ने कहा था कि मतदाता मूर्खों का समूह हैं। जब राजीव गांधी चुनाव हार गए, तो उन्होंने बैलेट पेपर को दोष दिया। राहुल गांधी के पिता कहते थे कि वोटिंग मशीनों से चुनाव कराओ और राहुल गांधी कहते हैं कि बैलेट पेपर से चुनाव कराओ।

**तब तो ममता ने अवैध बांग्लादेशी कहा था**

मैं ममता बेनर्जी से एक सवाल पूछना चाहता हूं। 2005 में लोकसभा में उन्होंने यह दावा करते हुए दस्तावेज फेंके थे कि मतदाता सूची में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के नाम शामिल हैं।

### तांत्रिक से इलाज कराएं राहुल ताकि ठीक रहे दिमागः सैनी



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान राहुल पर ताबड़तोड़ हमले बोले। पिपली की अनाजमंडी में प्रजापति परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरण समारोह के बाद कहा कि राहुल तांत्रिक से इलाज कराएं। दिमाग सुधरेगा।

**कांग्रेस का पलटवार**

### भाजपा मुद्दों से भटका रही

कांग्रेस ने इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि भाजपा मौजूदा मुद्दों पर जवाब देने से बचने के लिए 45 साल पुरानी बात उठा रही है। पार्टी सूत्रों ने आरोपों को गैर-जरूरी करार दिया और कहा कि यह जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास है। लेकिन साफ जवाब नहीं दिया।

---

## शहबाज की गीदड़भभकी पर ओवैसी बोले

# ब्रह्मोस है हमारे पास, पाक को बकवास नहीं करनी चाहिए



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार पाकिस्तान को जमकर खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने पाकिस्तान और उनके प्रधानमंत्री समेत अनाप-शनाप बयान देने वाले लोगों को चेतावनी भी दी। पाक पीएम शहबाज शरीफ के कथित बयान ‘कोई पाकिस्तान से पानी की एक बूंद भी नहीं छीन सकता’ पर ओवैसी ने कहा कि ‘ब्रह्मोस है हमारे पास’... उन्हें ऐसी बकवास नहीं करनी चाहिए। ऐसी धमकियों का भारत पर कोई असर नहीं होगा। बहुत हो गया।

### हम उस देश के लोगों के साथ क्रिकेट क्यों खेलें?

एशिया कप में भारत बनाम पाकिस्तान के बीच संभावित क्रिकेट मैंच पर ओवैसी ने कहा कि हमें उस देश के लोगों के साथ क्रिकेट क्यों खेलना है, जो हमें हर दिन धमकी दे रहे हैं?

### फर्जी वोट पर कहा ये चुनावी कीड़े हैं

ओवैसी ने कांग्रेस नेता फिरोज खान की ओर से 2023 के तेलंगाना चुनावों के दौरान कथित तौर पर 6लाख से अधिक फर्जी वोट डाले जाने का आरोप लगाने पर कहा कि उनके जैसे कई ठुकराए हुए प्रेमी हैं। ये चुनावी कीड़े हैं। वे चुनाव के दौरान जागते हैं और उसके बाद फिर से सो जाते हैं। मैंने तेलंगाना में मुसलमानों और दलितों से विशेष रूप से कहा है कि वे अपने जन्म प्रमाण पत्र बनवा लें। अपने सभी निवास प्रमाण-पत्र व्यवस्थित कर लें। सर का खतरा पैदा कर रहे हैं।

**दलित और मुसलमान अपनी ‘पहचान’ बना लें**

सर विवाद पर ओवैसी ने कहा कि दलित और मुसलमान सबसे गरीब हैं। अगर उनका नाम शामिल नहीं किया गया, तो कल यही भाजपा कहेगी कि ये लोग देश के नागरिक नहीं हैं। सर प्रक्रिया गरीब समुदाय के लिए सबसे मुश्किल काम है।

### ट्रंप तय नहीं कर सकते तेल का व्यापार

अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ पर ओवैसी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति को यह तय करना होगा कि वह उस देश के साथ व्यापार करेंगे, जहां आतंकवाद एक व्यापार है, या भारत के साथ, जो उनका रणनीतिक सहयोगी रहा है। ट्रंप कौन होते हैं, यह कहने वाले कि हमें तेल नहीं खरीदना चाहिए? पीएम नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से एक सख्त बयान आना चाहिए था, लेकिन विदेश मंत्रालय की ओर से केवल एक बयान आया।

---

## नूंह में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प

# मारपीट-पथराव, आगजनी, बाइक व दुकानें जलाईं, बोतलें भी फेंकी

### बहस और धक्का-मुक्की के बाद की पत्थरबाजी, 10 घायल

एजेंसी ▶▶ नूंह

हरियाणा के नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका थाना इलाके के गांव मुंडाका में मंगलवार शाम को उस समय तनाव फैल गया, जब मामूली विवाद ने दो समुदायों के बीच हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते बहस और धक्का-मुक्की ने मारपीट और पत्थरबाजी का रूप ले लिया। कुछ ही देर में हालात बिगड़ते चले गए। दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के लगभग 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से कई को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।



### फिलहाल स्थिति नियंत्रण में


फिरोजपुर झिरका थाना पुलिस के अन्य थानों से भी पुलिस बल मौके पर भेजा गया। पुलिसकर्मी स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे रहे और दोनों समुदायों के लोगों को अलग-अलग क्षेत्रों में रोका गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन माहौल पूरी तरह सामान्य नहीं हुआ है।

---

**कबूतरों को दाना डालने का मामला**

### बीएमसी ने हाई कोर्ट में कहा हम कुछ शर्तों के साथ तैयार

**मुंबई।** कबूतरों को दाना खिलाने पर लगे प्रतिबंध के मामले में बुधवार को बॉम्बे हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि कबूतर खाने पर दाना डालना अभी भी प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने पक्षी प्रेमियों को राहत देने वाला रुख बताया। बीएमसी ने कहा कि शर्तों के साथ सुबह 6 से 8 बजे तक कबूतरों को दाना डालने की परमिशन देने को हम तैयार हैं। जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ ने कहा कि आप ऐसे ऑर्डर कैसे निकाल सकते हैं? पहले आपने पब्लिक इंटरेस्ट में फैसला लिया, अब कोई एक शख्स आकर कुछ कह रहा है तो आपने अपना फैसला बदल दिया। अगर आपको अपना फैसला बदलना है तो आप नोटिस निकालिए।



---

## श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन का अध्यादेश पारित

# अब मंदिर के चढ़ावे, दान व चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का ही अधिकार होगा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तरप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में बांके बिहारी मंदिर निर्माण आर्डिनेंस को मंजूरी मिल गई। सदन में बुधवार को बांके बिहारी कॉरिडोर आर्डिनेंस विधेयक भी पास हो गया है। अब मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा। इसमें मंदिर में स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर और प्रसीमा के भीतर देवताओं के लिए दी गई भेंट/उपहार, किसी भी पूजा-सेवा-कर्मकांड-समारोह-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण तथा डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक तक शामिल हैं।



इसमें मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियां सम्मिलित

### पूरी जिम्मेदारी न्यास की होगी

सरकार ने कहा न्यास का गठन स्वामी हरिदास की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है। स्वामी हरिदास के समय से चली आ रही रीति-रिवाज, त्योहार, समारोह और अनुष्ठान बिना किसी परिवर्तन के जारी रहेंगे। इन सभी पर हक न्यास का होगा।

---

## एटा के श्रद्धालुओं की पिकअप दुर्घटनाग्रस्त

**बैसई थाना क्षेत्र में यह हादसा हो गया**

# खाटू श्याम मंदिर से लौट रहे 7 बच्चों समेत 11 की मौत व 12 लोग घायल

### 2 पिकअप वाहनों में 42 लोग गए थे दर्शन करने

एजेंसी ▶▶ दौसा

यहां के कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव असरौली पर गम का पहाड़ टूट पड़ा। राजस्थान के दौसा में सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। इनमें 9 असरौली और दो फिरोजाबाद निवासी रिश्तेदारों की हादसे में जान चली गई। गांव से दो पिकअप वाहनों में 42 लोग खाटू श्याम के दर्शन करने गए थे। दर्शन करने के बाद सभी लौट रहे थे। एक पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हुई, जिसमें महिलाएं-बच्चे बैठे हुए थे। 7 बच्चों और 4 महिलाओं की मौत हो गई। 12 लोग घायल हैं।

### प्रशासनिक अमला पहुंचा

सूचना मिलने के बाद डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी श्याम नारायण सिंह, एएसपी राजकुमार सिंह, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश सहित तमाम प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी गांव में पहुंच गए। डीएम ने बताया कि मृतकों, घायलों की सूची तैयार की गई है। एक टीम भी वहां भेजी गई है।



**टैंकर के पीछे टकराई पिकअप**

### वाहन कंटेनर से टकराया

राजस्थान के बैसई थाना क्षेत्र में यह दुर्घटना हुई है। इसमें यात्रियों से भरी पिकअप कंटेनर के पीछे वाले हिस्से से टकराई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बेहद व्यस्त रोड है। संभवतः रात में नींद की झपकी से यह हादसा हो गया। पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर कंटेनर से पीछे से टकरा गई।

---

## हर घर तिरंगाः गृहमंत्री शाह ने अपने आवास पर फहराया तिरंगा

# आजाद भारत के ‘सपने’ को व्यक्तिगत और आत्मीय बनाएं

### ‘हर घर तिरंगा’ में उमड़ा देशभक्ति का जज्बा, योगी समेत कई ने किया आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देशभर में ‘हर घर तिरंगा’ अभियान जोश और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दिल्ली स्थित अपने आवास पर पत्नी सोनल शाह के साथ तिरंगा फहराया। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ यह अभियान आज एक जन-आंदोलन बन चुका है, जो राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोता है और देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है। यह दर्शाता है कि 140 करोड़ देशवासी उस स्वतंत्र भारत को विकसित और सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए संकल्पित हैं, जिसका सपना असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने त्याग, तप और समर्पण से देखा था।



### इसका उद्देश्य- देशभक्ति की भावना जगाना

गृहमंत्री शाह ने कहा कि ‘हर घर तिरंगा’ अभियान की शुरुआत आजादी का अमृत महोत्सव के तहत की गई थी इस अभियान का उद्देश्य हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि इस सोच के पीछे यह विचार है कि अब इसे व्यक्तिगत और आत्मीय बनाने की जरूरत है।

### योगी ने वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता जताई

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अपने आवास पर तिरंगा फहराया। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारे वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता है। यह तिरंगा भारत की शान, सम्मान और गौरव का प्रतीक है, जिसे हर भारतीय के घर पर फहरना चाहिए।

### शिवराज, धामी और सैनी समेत कई नेताओं ने तिरंगा फहराया

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित अपने आवास पर तिरंगा फहराया और कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज देश की शान और सम्मान है। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में अपने आवास पर तिरंगा फहराया। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में अपने आवास पर तिरंगा फहराया। केरल में भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने तिरुवनंतपुरम में तिरंगा यात्रा की शुरुआत करते हुए ध्वज फहराया। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर स्थित आवास पर ध्वज फहराया। जम्मू-कश्मीर के डोडा में जिला प्रशासन ने 1 लाख राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए।

## भारत-सिंगापुर तीसरी मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक

# सरकार और उद्योग जगत के बीच सहयोग बढ़ाने की दिशा में अहम कदम, द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक बनाएंगे, साझेदारी करेंगे मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि सरकार और उद्योग के बीच तालमेल भारत-सिंगापुर संबंधों के अगले चरण को खोलने की कुंजी है। बैठक के दौरान, मंत्रियों ने याद दिलाया कि 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया

भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय राउंड टेबल सम्मेलन (आईएसएमआर) की तीसरे दौर की बैठक बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित हुई। यह बैठक दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और रेल तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ इस गोलमेज सम्मेलन का नेतृत्व किया।

कौशल विकास स्थिरता स्वास्थ्य सेवा पर चर्चा

दोनों देश संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे

### प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई सार्थक बातचीत



सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सिंगापुर के डिप्टी पीएम और व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम यंग ने किया। उनके साथ राष्ट्रीय सुरक्षा एवं गृह मामलों के समन्वय मंत्री के. शन्मुगम, विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन, डिजिटल विकास एवं सूचना मंत्री जो टियो, श्रम मंत्री डॉ. टैन सी लेंग और परिवहन मामलों के कार्यवाहक मंत्री जेफरी सिओ ने भाग लिया।

### बैठक भारत-सिंगापुर संबंधों की कुंजी

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि नई दिल्ली में तीसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन आईएसएमआर में भाग लेकर प्रसन्नता हुई। प्रतिनिधिमंडल को हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि आईएसएमआर की भारत-सिंगापुर व्यापार गोलमेज सम्मेलन (आईएसबीआर) प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्थक बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि सरकार और उद्योग के बीच तालमेल भारत-सिंगापुर संबंधों के अगले चरण को खोलने की कुंजी है। बैठक के दौरान, मंत्रियों ने याद दिलाया कि 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया है।

### छह स्तंभों पर किया विचार-विमर्श: विदेश मंत्रालय

भारत के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि दोनों पक्षों ने आईएसएमआर के तहत पहचाने गए छह स्तंभों पर विचार-विमर्श किया, जिनमें डिजिटलीकरण, कौशल विकास, स्थिरता, स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा, उन्नत विनिर्माण और कनेक्टिविटी शामिल हैं। मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन भारत-सिंगापुर सहयोग के लिए एक नया एजेंडा निर्धारित करने का एक अनूठा तंत्र है। भारत और सिंगापुर एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं और मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन का तीसरा दौर हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और व्यापक एवं गहन बनाने के अवसरों की पहचान करेगा।

---

## खबर संक्षेप

### तहव्वुर राणा की हिरासत 8 सितंबर तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के प्रमुख आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत को दिल्ली की विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) अदालत ने बुधवार को 8 सितंबर तक बढ़ा दिया। अदालत ने राणा को अगस्त महीने में तीन बार अपने भाई से फोन पर बात करने की अनुमति दी है। इस दौरान राणा के फोन कॉल रिकॉर्ड किए जाएंगे। यह बातचीत जेल अधिकारियों की मौजूदगी में होगी। राणा को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया।

### बादशाह के क्लब में बम फेंकने वाला गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने चंडीगढ़ स्थित मशहूर रैपर और गायक बादशाह के नाइट क्लब के बाहर हुए बम धमाकों के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंजाब के फरीदकोट के रहने वाले दीपक के रूप में हुई है। दीपक को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल आरोपी से पूछताछ कर रही है। जांच में सामने आया है कि दीपक गैंगस्टर गोल्डी बरार के संपर्क में था।

---

## टैरिफ तनाव के बीच पीएम मोदी-ट्रंप की हो सकती है मुलाकात!

# यूएनजीए समिट के लिए अगले महीने जाएंगे अमेरिका, 26 को करेंगे संबोधित

**अक्टूबर में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए ट्रंप को भारत आने का दे सकते हैं निमंत्रण**

वैश्विक नेताओं के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी अगले महीने अमेरिका दौरे पर जा सकते हैं, जहां वे न्यूयॉर्क सिटी में होने वाली यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली (यूएनजीए) की बैठक में शामिल होंगे। इस दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात कर व्यापार से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की योजना बनाई जा रही है।

भारत-अमेरिका रिश्तों में हाल के टैरिफ तनाव के बीच यह संभावित मुलाकात अहम मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी अन्य वैश्विक नेताओं से भी उच्च-स्तरीय बैठकें करेंगे, जिनमें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी शामिल हो सकते हैं। यूएनजीए का शिखर सम्मेलन सितंबर में होगा। सूत्रों की मानें तो ट्रंप चाहते हैं कि पीएम मोदी आएं और उनसे मिलें। इसलिए पीएम दोहरे मकसद से न्यूयॉर्क की यात्रा पर जा सकते हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो पीएम व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रपति ट्रंप को क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का निमंत्रण देंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन अक्टूबर में हो सकता है।



फाइल फोटो

### सात महीनों में दूसरी बैठक

अगर पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात हो जाती है, तो यह दोनों नेताओं की सात महीनों में दूसरी बैठक होगी। इससे पहले पीएम मोदी ने फरवरी में व्हाइट हाउस का दौरा किया था। ट्रंप के पहले कार्यकाल में दोनों नेताओं के बीच व्यक्तिगत संबंध मजबूत हुए थे, लेकिन दूसरे कार्यकाल में टैरिफ को लेकर ट्रंप के कड़े रुख ने रिश्तों में खटास ला दी है, बावजूद इसके कि ट्रंप कई बार पीएम मोदी को 'दोस्त' कह चुके हैं।

### 80वें सत्र में
### पीएम मोदी विश्व नेताओं को संबोधित करेंगे

*पीएम नरेंद्र मोदी सितंबर में न्यूयॉर्क में यूएनजीए के 80वें सत्र में विश्व नेताओं को संबोधित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी अस्थायी सूची के अनुसार, पीएम मोदी 26 सितंबर की सुबह सभा को संबोधित कर सकते हैं। इस दौरान भारत के साथ-साथ इजराइल, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश सरकार के प्रमुख भी अपनी बात रखेंगे। यह सत्र दुनिया में चल रहे कई संकटों, जैसे इजराइल-हमास युद्ध और यूक्रेन संकट के बीच हो रहा है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी 23 सितंबर को यूएनजीए को संबोधित करेंगे। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यूएनजीए में ये ट्रंप का पहला संबोधन होगा।*

**डोभाल के बाद जयशंकर भी रूस जाएंगे**

### मॉस्को में रूसी विदेश मंत्री के साथ करेंगे मुलाकात

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर 21 अगस्त को रूस के मॉस्को मे रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात करेंगे। रूसी विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव के बीच 21 अगस्त को मॉस्को में बैठक होगी। इस बैठक में अंतरराष्ट्रीय ढांचे के अंतर्गत कई अहम मुद्दों पर सहयोग को लेकर चर्चा होगी। साथ ही दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर भी बातचीत होगी।



फाइल फोटो

**चीनी विदेश मंत्री अगले हफ्ते भारत आएंगे**

### एनएसए डोभाल से भारत चीन सीमा मुद्दे पर करेंगे बात

चीनी विदेश मंत्री वांग यी इस हफ्ते भारत आएंगे। यहां वे भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से मिलकर भारत-चीन सीमा विवाद पर बात करेंगे। यह दौरा पीएम नरेंद्र मोदी की चीन यात्रा से पहले हो रहा है। पीएम मोदी इस महीने के आखिर में शंघाई सहयोग संगठन (एसीओ) की बैठक के लिए चीन के तियानजिन जाएंगे। यह उनकी 2018 के बाद पहली चीन यात्रा होगी, जहां वे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलेंगे।



फाइल फोटो

---

## सेना को मिली बड़ी कामयाबी

# बारामूला के उरी में आतंकियों की घुसपैठ नाकाम, एक जवान शहीद



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के बारामूला के उरी सेक्टर में आतंकियों की एलओसी से घुसपैठ करने की कोशिश जुड़ा हुआ है। जिसे इलाके में पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात भारतीय सेना के जवानों ने नाकाम कर दिया। इस दौरान चलाए गए अभियान में हालांकि सेना का एक जवान हवलदार अंकित कुमार शहीद हो गया है। वहीं, आतंकियों को पकड़ने के लिए सेना व अन्य सुरक्षाबलों का इलाके में सघन तलाशी अभियान जारी है।

सेना की चिनार कोर ने एक्स पोस्ट में बताया कि उरी में एलओसी पर परिचालन ड्यूटी करते वक्त हवलदार अंकित कुमार के सर्वोच्च बलिदान का सेना सम्मान करती है। शोक संतप्त परिवार के प्रति हम अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हैं और दुख की इस घड़ी में उनके साथ पूरी एकजुटता से खड़े हैं। बताते चलें कि शुरुआत में उरी की आतंकी घुसपैठ की कोशिश को पाकिस्तानी बैट टुकड़ी का कारनामा माना जा रहा था।

### हीरानगर सेक्टर में पाक घुसपैठिया ढेर

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर कर दिया है। घुसपैठिए की पहचान की जा रही है। सोमवार शाम करीब छह बजे हीरानगर सेक्टर की बीओपी चांदवां और बीओपी कोठे पोस्ट के बीच जवानों ने संदिग्ध हलचल देखी थी। बीएसएफ जवानों ने पाकिस्तानी पोस्ट पप्पू चक की ओर से भारतीय सीमा में घुस रहे कुछ लोगों को चेतावनी दी। चेतावनी के बावजूद जब वे नहीं हटे तो जवानों ने कुछ राउंड गोलियां चलाईं। इस कार्रवाई में एक पाकिस्तानी नागरिक घायल हो गया, जिसे बाद में बीएसएफ ने हिरासत में ले लिया। घायल को गंभीर हालत में विजयपुर एम्स में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, बीएसएफ की ओर से मामले की जांच की जा रही है।

### कुपवाड़ा में हथियार बरामद

बुधवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना ने खुफिया जानकारी के आधार पर कुपवाड़ा में एलओसी के साथ सटी आवूरा घाटी के जंगल में तलाशी अभियान चलाया। लगभग 6 घंटे बाद जवानों ने एक जगह बने आतंकी ठिकाने का पता लगाया। वहां से नौ कारतूस व दो मैगजीन समेत एक नौ एमएम की पिस्तौल, एके 47 राइफल की तीन मैगजीन, 260 कारतूस, चार यूबीजीएल ग्रेनेड, एक आइईडी, पांच मीटर माइन वायर, तीन हैंड ग्रेनेड (पाकिस्तान निर्मित), एक पिट्ठू बैग और उर्दू में पाकिस्तानी पता लिखा एक हैंडबैग, दो डेटोनेटर, तार के साथ 30 माइन फ्यूज व 16 पैकेट ब्राउन शुगर बरामद किए।

---

## हिमाचल में पांच जगह फटे बादल

# 5 गाड़ियां, 4 कॉटेज और गानवी में 2 शेड बहे, 3 पुल टूटे, कोई हताहत नहीं



एजेंसी ▶▶ शिमला

बुधवार को हिमाचल में पांच जगह बादल फटे हैं। श्रीखंड के भीमडवारी एवं नंती, किन्नौर के पूह, लाहौल के मयाड़ और कुल्लू की तीर्थन घाटी में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। भीमडवारी और नंती में बादल फटने से आई बाढ़ में गानवी में दो शेड बह गए, जबकि छह पानी में डूब गए। यहां एक पुल क्षतिग्रस्त हो गया।

बाढ़ की जद में आई पुलिस चौकी में पानी घुस गया। तीर्थन घाटी के बंजार में टिल्ला और दोगड़ा पुल भी क्षतिग्रस्त हुआ है। निरमंड की कुर्पण खड्ड उफान पर होने से बागीपुल बाजार खाली करवा लिया गया है। कुल्लू की तीर्थन घाटी में पांच गाड़ियां एवं चार कॉटेज बह गए। इस दौरान कॉटेज में कोई नहीं था।

### दो नेशनल हाईवे और 323 सड़कें बंद

लाहौल की मयाड़ घाटी में करपट गांव को खाली करवाकर 22 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। किन्नौर के पूह में बादल फटने से होजो नाले में आई बाढ़ में आईटीबीपी कैंप के लिए ऋषि डोगरी सड़क निर्माण में लगी कंपनी की मशीनरी बह गई। कंपनी के पांच कर्मचारी भी फंस गए हैं, उन्हें रेस्क्यू किया जा रहा है। पांच जगह बादल फटने के साथ ही बुधवार को शिमला समेत प्रदेश के कई इलाकों में झमाझम बादल बरसे। भारी-बारिश और भूस्खलन के चलते प्रदेश में दो नेशनल हाईवे समेत 323 सड़कें बंद हो गई हैं। इसके साथ ही 70 बिजली के ट्रांसफार्मर और 130 पेयजल योजनाएं ठप हो गई हैं।

### इंडिगो की दिल्ली से कांगड़ा उड़ान रद्द

कुल्लू जिले के बंजार की तीर्थन घाटी के बठाहड़ क्षेत्र में मशियार पंचायत के मझल्ली गांव के पास बादल फटा। इससे फलाचन खड्ड में बाढ़ आ गई। इससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। यहां दो पुल टूटे हैं। मयाड़ घाटी में बादल फटने से करपट, छिंगुट और उदगोसे गांव प्रभावित हुए हैं। लोगों की जमीनें पानी के सैलाब में बह गई हैं। प्रशासन ने प्रभावितों को राहत सामग्री के तौर पर हर परिवार को 10,000 रुपए की अंतरिम सहायता दी है। मयाड़ घाटी में मंगलवार रात को आई बाढ़ से भी जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ है। करपट गांव को प्रशासन ने खाली करवाकर सभी 22 प्रभावित परिवार सुरक्षित स्थान पर ठहरा दिए हैं। कांगड़ा जिले में बुधवार को सुबह से हल्की बारिश का दौर जारी रहा। खराब मौसम और कम दृश्यता के चलते इंडिगो की दिल्ली से कांगड़ा हवाई अड्डा के लिए एक उड़ान रद्द रही। जिले में तीन कच्चे मकान जमींदोज हो गए, जबकि 16 अन्य घरों और 21 गोशालाओं के साथ दो रसोई घरों को नुकसान पहुंचा है।

---

### ग्रोक ने ट्रंप को बताया सबसे कुख्यात अपराधी




**वॉशिंगटन।** एलन मस्क के एआई चैटबॉट 'ग्रोक' ने डोनाल्ड ट्रंप को वॉशिंगटन डीसी का 'सबसे कुख्यात अपराधी' बताया, यह कहते हुए कि ट्रंप 34 गंभीर अपराधों में दोषी ठहराए गए हैं। यह टिप्पणी तब आई जब एक्स प्लेटफॉर्म पर एक यूजर ने राजधानी में अपराध की स्थिति और वहां के सबसे कुख्यात अपराधी के बारे में पूछा। ग्रोक ने जवाब में कहा कि 2025 में वॉशिंगटन डीसी में हिंसक अपराध 26% घटे हैं और यह 30 साल का सबसे निचला स्तर है। उसने यह भी कहा कि ट्रंप को न्यूयॉर्क में 34 गंभीर अपराध के मामलों में दोषी ठहराया है।

---

## युद्धाभ्यास करेंगी भारत-यूएस की सेनाएं

# 1 से 14 सितंबर तक अलास्का में आयोजित किया जाएगा अभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका संबंधों में जारी तनाव के बीच जल्द ही दोनों देशों की सेनाएं संयुक्त युद्धाभ्यास करती हुई नजर आएंगी। मौका होगा इस वर्ष 1 से 14 सितंबर तक होने वाली जॉइंट एक्सरसाइज 'युद्ध-अभ्यास-2025' का। जिसका आयोजन अमेरिका के अलास्का में किया जाएगा। रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारत की तरफ से इस सैन्य अभ्यास में भागीदारी करने के लिए कुल करीब 400 सैन्य कर्मियों का विशाल दस्ता अमेरिका की यात्रा करेगा। यह भारतीय सेना का एक व्यापक दस्ता होगा। जिसमें पैदल सेना से लेकर बल की अन्य इकाइयों की भी अहम भूमिका देखने को मिलेगी। अभ्यास में भाग लेने वाले सेना के



दस्ते की अगुवाई संभवतः मद्रास रेजिमेंट करेगी। मौजूदा साल में युद्धाभ्यास का 21वां संस्करण होगा। इसका पिछला संस्करण राजस्थान में महाजन फील्ड फायरिंग में विदेशी प्रशिक्षण नोड में आयोजित किया गया था। वर्ष 2004 से युद्ध-अभ्यास को क्रमवार ढंग से भारत और अमेरिका में आयोजित किया जाता है। इसमें आतंकवादी रोधी अभियान और विषम परिस्थितियों में सेनाओं के बीच तालमेल बनाया जाता है।

---

रूसी रक्षा मंत्रालय का बड़ा खुलासा

# ट्रंप-पुतिन की कल होगी मुलाकात यूक्रेन 'हमले' की रच रहा साजिश

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद पहली बार डोनाल्ड ट्रंप रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने वाले हैं। इस मुलाकात से पहले रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर बड़ा आरोप लगाया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि कीव 15 अगस्त को अलास्का में डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन के बीच होने वाली बैठक को बाधित करने के लिए योजना बना रहा है। टेलीग्राम पर एक पोस्ट में, मंत्रालय ने कहा कि कई माध्यमों से मिली जानकारी से पता चला है कि यूक्रेन सरकार 15 अगस्त 2025 को होने वाली रूसी-अमेरिकी वार्ता को विफल करने के लिए तैयारी कर रही है।

### यूक्रेन घनी आबादी को बनाएगा निशाना



### खारकीव में यूक्रेनी सेना हमला करेगी

मंत्रालय का दावा है कि इसी मकसद से यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने विदेशी पत्रकारों के एक समूह को खारकीव के चुगुएव भेजा है। यह इलाका यूक्रेन के कब्जे में है। पत्रकारों को वहां सीमावर्ती इलाके के निवासियों पर रिपोर्ट बनाने के बहाने भेजा गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेनी सेना शहर पर हमला करेगी और इसका जिम्मेदार रूस को ठहरा देगी।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 15 अगस्त को होने वाले शिखर सम्मेलन से ठीक पहले, यूक्रेन के सशस्त्र बल घनी आबादी वाले किसी आवासीय क्षेत्र या अस्पताल पर यूएवी और मिसाइलों की सहायता से हमले की योजना बना रहे हैं। विदेशी पश्चिमी पत्रकार तुरंत इसकी खबर देंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह रूस और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को रुकवाने के लिए रूस और अमेरिकी सहयोग में बाधा डालने के लिए नेगेटिव रिपोर्टिंग की जाएगी।

---

## सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के भारत के निर्णय से बौखलाया पाकिस्तान

# मुनीर, भुट्टो के बाद पाक प्रधानमंत्री ने दी भारत को परमाणु युद्ध की धमकी

- बोले, एक बूंद पानी भी छीनने नहीं देंगे, अगर भारत ने ऐसा कुछ किया तो उसे ऐसा सबक सिखाएंगे कि वो अपने कान पकड़ लेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की कूटनीतिक स्ट्राइक से उड़े पाकिस्तान के होश अभी भी पूरी तरह से ठिकाने पर नहीं आए हैं। इसलिए उसकी तरफ से किए जाने वाले भारत विरोधी भड़काऊ बयानों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले पाक के सेनाप्रमुख जनरल आसिम मुनीर, पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत को परमाणु युद्ध की धमकी दी तो उसके बाद उनके समर्थन में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी कूद पड़े हैं। बीते मंगलवार को इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि मैं दुश्मन को ये बता देना चाहता हूं कि हम उसे अपने हक की पानी की एक बूंद भी नहीं छीनने देंगे। लेकिन अगर उसने ऐसा करने की कोशिश की तो हम उसे ऐसा सबक सिखाएंगे कि वो अपने कान पकड़ने को मजबूर हो जाएगा। पाकिस्तानी पीएम ने ये भी कहा कि भारत, सिंधु नदी के प्रवाह को रोकने की कोशिश न करे।

### भारत की बांध बनाने की कवायद शुरू



पाकिस्तान की तरफ से दी जा रही इन गीदड़भभकियों के पीछे भारत द्वारा जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बनाया जा रहा नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट है। जिसे सिंधु गांव के निकट बनाया जा रहा है। इसके लिए निविदा प्रक्रिया का आगाज किया जा चुका है। पाकिस्तान भारत के सिंधु समझौते को स्थगित करने के बाद उसके इसी कदम से हक्का-बक्का रह गया है और अब उसे ये डर सता रहा है कि कहीं भारत उसका पानी भी न रोक दे। जिसके चलते वो परमाणु युद्ध की धमकियां देने में लगा हुआ है। पाक प्रधानमंत्री से पहले वहां के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी भारत की सिंधु जल समझौते को स्थगित करने की कार्रवाई को लेकर धमकी देते हुए ये कह चुके हैं कि भारत का ये कदम हमारी सभ्यता और संस्कृति पर हमला है। हम भारत के साथ युद्ध के लिए तैयार हैं। भुट्टो के साथ पाकिस्तानी सेनाप्रमुख जनरल मुनीर ने अमेरिका के टैम्पा में कहा था कि अगर भारत सिंधु नदी पर बांध बनाता है तो हम उसे ऐसा करने देंगे। लेकिन निर्माण पूरा होने के बाद पाक बांध को अपनी दस मिसाइलें मार कर ढहा देगा। हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है। भारत के साथ भविष्य में युद्ध की स्थिति में अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं तो हम आधी दुनिया को लेकर डूबेंगे।

### पाक दूतावास में रोकी पानी की सप्लाई

*वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बीच बीते दिनों ये जानकारी सामने आई थी कि पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में मौजूद भारतीय दूतावास के कर्मियों तक पानी, गैस और समाचार पत्रों की सप्लाई रोक दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने भी मामले में जवाबी कार्रवाई की है। यहां बता दें कि दोनों देशों के बीच वर्ष 1960 में सिंधु जल समझौता हुआ था। जिसे भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के ठीक अगले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति यानी सीसीएस की बैठक में स्थगित करने का निर्णय लिया गया था। इस आतंकी हमले में कुल 26 निर्दोष लोगों की उनका धर्म पूछकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक शामिल था। हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के संबंध पूरी तरह से बेपटरी हो गए हैं।*

# आज शहर के बड़े तालाब की लहरों के बीच दिखेगा देशभक्ति का रंग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

हर घर तिरंगा अभियान के तहत मप्र खेल विभाग द्वारा राजधानी भोपाल के बड़े तालाब में देशभक्ति से ओत-प्रोत विशाल जल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 14 अगस्त सुबह साढ़े नौ बजे प्रारंभ होगा। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में तथा खेल मंत्री विश्वास सारंग विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

तिरंगा यात्रा में 50 से अधिक बोट बड़े तालाब की लहरों पर तिरंगे के साथ देशभक्ति का अद्वितीय संदेश देंगी। 100 से अधिक वॉटर स्पोर्ट्स खिलाड़ी इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे और विभिन्न स्पोर्ट्स एक्टिविटीज के माध्यम से देशभक्ति की अद्भुत मिसाल पेश करेंगे।

### मुख्यमंत्री और खेल मंत्री विश्वास सारंग होंगे शामिल



## हर घर तिरंगा अभियानः हर्षवर्धन नगर में तिरंगा ध्वज वितरण कर निकाली रैली

भोपाल। बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत हर्षवर्धन नगर में सृष्टि शिक्षा एवं जनकल्याण समिति के अध्यक्ष ने एक आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को तिरंगे झंडों का वितरण किया गया और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रैली निकाली गई। रैली में बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ पूरे क्षेत्र में जनजागृति फैलाई। समिति के अध्यक्ष महेंद्र दवे ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में देशप्रेम की भावना को जागृत करना एवं स्वतंत्रता दिवस के प्रति उत्साह बढ़ाना था।



### लोगों की उत्साहजनक भागीदारी

*रैली में स्कूली बच्चों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों की भी उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर हरीश शर्मा, राजेंद्र पुरोहित, रमेश मालवीय, प्रकाश मोटवानी, पंडित बालकृष्ण शर्मा, डॉ. राकेश राय, आशीष शुक्ला एवं समिति के अन्य वरिष्ठ सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम की सफलता में सृष्टि शिक्षा एवं जनकल्याण समिति के समस्त पदाधिकारियों और क्षेत्रीय नागरिकों का सहयोग सराहनीय रहा। इस आयोजन ने न केवल बच्चों में देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ किया, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी प्रसारित किया।*

## नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ के साथ भोपाल रेल मंडल से निकाली तिरंगा बाइक रैली




स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भोपाल मंडल में शुक्रवार को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने सभी शाखा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से समाज को मुक्त करने का संकल्प दिलाया। शपथ के बाद, मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गई, जो कार्यालय परिसर से रेलवे कॉलोनी हबीबगंज तक पहुंची। इसी क्रम में रेल सुरक्षा बल द्वारा उत्साहपूर्ण बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें देशभक्ति और ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। अभियान के तहत भोपाल मंडल के विभिन्न डिपो, रेल कॉलोनियों, चिकित्सालयों और विद्यालयों में व्यापक सफाई एवं जन-जागरुकता गतिविधियां आयोजित हुईं। इसमें स्वच्छता शपथ, श्रमदान, पोस्टर-पंपलेट वितरण, नुक्कड़ नाटक और तिरंगा रैली जैसी पहलें शामिल रहीं। इन कार्यक्रमों ने न केवल स्वच्छता का संदेश दिया, बल्कि राष्ट्रप्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी प्रबल किया।

# सर्वार्थ सिद्धि योग में आज होगी हलषष्ठी की पूजा

## माताएं रखेंगी संतान की दीर्घायु के लिए व्रत





हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

संतान के दीर्घायु व कुटुम्ब की सुख समृद्धि के लिए गुरुवार को महिलाएं व्रत रखकर हलछठ की पूजा करेंगी। इस व्रत की तैयारियों को लेकर महिलाओं द्वारा बुधवार को बाजार में पहुंचकर पूजन सामग्री खासकर महुए का पता, कुश आदि की खरीदारी करना शुरू कर दी है। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि भाद्र मास के कृष्ण पक्ष षष्ठी गुरुवार को हरछठ व्रत सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाया जाएगा। इस दिन माताएं दिनभर उपवास रखने के बाद हलषष्ठी का पूजा कर कथा सुनकर शाम को बिना हल चले अनाज ग्रहण करेंगी।

इसमें पसाई के चावल का विशेष महत्व होता है। महिला व्रत के दौरान इसी की खीर आदि बनाकर खाती है। हलषष्ठी में हल का उपयोग किए बिना लगे अन्न व फलों का उपयोग किया जाता है। इस दिन माताएं भगवान शंकर व माता पर्वती की मूर्ति बनाकर पूजा करती है और माता रानी व भगवान शंकर से यह कामना करती हैं।

### भैंस के दूध से होता है पूजन

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि हलषष्ठी में भैंस के दूध से बने घी और दही का उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही हल की जोताई और बोवाई से उत्पन्न अन्न का त्याग किया जाता है। इस पर्व पर महुवा, आम, पलास की पत्ती, कांसी के फूल, नारियल, मिठाई, रोली-अक्षत, फल, फूल सहित अन्य पूजन सामग्री से विधि-विधान से पूजन करने की परंपरा है। शास्त्रों में संतान की रक्षा के लिए माताओं के लिए यह व्रत श्रेष्ठ बताया गया है।

### बलराम जयंती भी रहेगी

*श्री दुबे ने बताया कि भाद्रपद कृष्ण षष्ठी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था, इसलिए इस तिथि को बलराम जयंती भी कहते हैं। हल षष्ठी के दिन बलराम जी और छठ मैय्या की पूजा करने का विधान है। बलराम का शस्त्र हल था, इसलिए उनको हलधर कहते थे। षष्ठी के दिन जन्म और शस्त्र हल होने से दोनों को मिलाकर हल षष्ठी बना है। हल षष्ठी को हर छठ या हल छठ भी कहते हैं।*

राजधानी के मंदिरों में गूंजेगा हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की

# ध्रुव, श्रीवत्स, ध्वांक्ष, गजलक्ष्मी और बुधादित्य योग में 16 को मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

इस बार भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष तिथि में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दुर्लभ संयोग बन रहा है। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि जन्माष्टमी पर कई सालों बाद छह शुभ योगों वृद्धि ध्रुव, श्रीवत्स, ध्वांक्ष, गजलक्ष्मी और बुधादित्य का दुर्लभ संयोग देखने को मिल रहा है। पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि 15 अगस्त को रात 11:49 बजे शुरू होगी और 16 अगस्त रात 9:35 बजे तक रहेगी। चूंकि यह सूर्योदय व्यापिनी तिथि है, इसलिए पर्व 16 अगस्त, शनिवार को मनाया जाएगा। इसी दिन वृद्धि योग से दिन की शुरुआत होगी, जिसके बाद अन्य पांच योग बनेंगे। इन योगों में विधिपूर्वक पूजन करने से श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण की विशेष कृपा और जीवन में सुख, धन, प्रेम व समृद्धि प्राप्त होती है।



### यह रहेगा शुभ मुहूर्त

अष्टमी तिथि 16 अगस्त को सुबह 03:27 बजे से शुरू होगी। जिसका समापन 17 अगस्त को सुबह 02:45 बजे होगा। इस दौरान निशिता काल (श्रीकृष्ण जन्म का समय): रात 12:00 बजे से 12:45 बजे तक रहेगा।

### मंदिरों में भव्य तैयारियां शुरू

राजधानी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिरों में सबसे पहले ब्रह्मद्ध मुहूर्त से ही विष्णुसहस्त्रनाम के पाठ किया जाएगा। इसके बाद रात 12 बजे के बाद हर्षोल्लास से जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर मंदिरों में भव्य तैयारियां की गई हैं। कई मंदिरों में दूधिया बल्बों की रोशनी में नहाई जगमगाहट दूर से ही देखते बन रही है। मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर झांकियां सजाने का कार्य भी पूर्ण हुआ।

**श्रीजी मंदिर लखेरापुरा : श्रीनाथ जी का होगा विशेष श्रृंगार**

पुराने शहर के लखेरापुरा का श्रीजी मंदिर 265 वर्ष पुराना है। ये पुष्टिमार्ग संप्रदाय के एक मात्र हवेली है, जहां प्रभु की सेवा राग, भोग, श्रृंगार के नियमानुसार की जाती हैं मंदिर में हर तीज-त्योहार मनाने की परंपरा है। मंदिर में हर वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रद्धालु उमड़ते हैं। इस बार जन्माष्टमी पर सुबह छह बजे श्रीनाथ जी का पंचामृत से स्नान सहित विशेष श्रृंगार होगा। मंदिर के पंडित श्रीकांत शर्मा बताते हैं कि जन्माष्टमी के बाद नंदोत्सव भी मनाया जाएगा।

**श्री बांके बिहारी मंदिर**

### प्राचीन मंदिर में बांके बिहारी के दर्शन करने उमड़ते हैं श्रद्धालु

प्राचीन श्री बांके बिहारी मंदिर भी शहर के प्रमुख मंदिरों में आता है। बताया जाता है कि 1748 ईसवी में मंदिर का निर्माण हुआ। मंदिर में हर वर्ष जन्माष्टमी उत्साह व उल्लास के साथ मनाई जाती है। भगवान श्रीकृष्ण के आगमन की तैयारियां इस वर्ष भी चुकी हैं। मंदिर की विद्युत सज्जा सहित भगवान श्रीकृष्ण की पूजन की तैयारी अंतिम चरण में चल रही है।

### ये वो मंदिर जहां दूर-दूर से आते हैं श्रद्धालु

श्रीकृष्ण मंदिर घोड़ा नक्कास, द्वारिकाधीश मंदिर, त्रिभुवनदास मंदिर कायस्थपुरा, यादव समाज मंदिर बरखेड़ी, भेल बरखेड़ा, श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर शिवाजी नगर सहित शहर में कई श्रीकृष्ण मंदिर हैं। इन मंदिरों में प्रभु के दर्शन करने दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। जन्माष्टमी पर देश-विदेश में बैठे श्रद्धालु आनलाइन भी श्रीकृष्ण के दर्शन करते हैं।

## स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर भोपाल स्टेशन पर चलाया विशेष सघन चैकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर सुरक्षा प्रबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने और आपराधिक तत्वों पर नजर रखने के लिए भोपाल स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

यह अभियान प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी, पश्चिम मध्य रेलवे एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी, भोपाल डॉ. अभिषेक के निदेर्शानुसार आयोजित किया गया। इस दौरान स्टेशन परिसर, प्लेटफार्मों, प्रवेश द्वारों एवं आगमन/प्रस्थान क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया। आने-जाने वाले यात्रियों के सामान की गहन जाँच की गई, साथ ही पार्सल बुकिंग केंद्र पर बुक हो रहे पार्सलों की भी विस्तृत जांच की गई। स्टेशन के सभी प्रमुख प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई, ताकि हर आने-जाने वाले व्यक्ति की निगरानी और जांच सुनिश्चित की जा सके। विशेष रूप से, विस्फोटक सामग्री की पहचान और रोकथाम के लिए स्निफर डॉग के माध्यम से तलाशी अभियान भी चलाया गया। इस दौरान यात्रियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत रेल सुरक्षा बल को देने के लिए प्रेरित किया गया। इस चेकिंग अभियान में निरीक्षक भोपाल मनीष कुमार के नेतृत्व में 12 सदस्यीय टीम ने भाग लिया और पूरे स्टेशन क्षेत्र में प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की।

## श्री हिंदू उत्सव समिति के उम्मीदवारों के नामांकन फार्म जांच में पाए गए वैध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

श्री हिंदू उत्सव समिति, भोपाल की चुनाव प्रक्रिया के तहत मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. पीसी कोठारी द्वारा बताया गया कि जो नामांकन फार्म 12 अगस्त को जमा किए गए थे, उनकी जांच की गई। इसमें सभी उम्मीदवारों के सभी नामांकन वैध पाए गए हैं। इन उम्मीदवारों के नामांकन सही पाए गए, हेमंत सिंह कुशवाहा, कैलाश बैगवानी, दीपेश श्रीवास्तव, पयोज जोशी, किशोरीलाल कुशवाहा, चन्द्रशेखर तिवारी, घनश्याम गुप्ता, नारायण सिंह कुशवाहा, हरिनारायण माली, कपिल जाधव है। इनमें जो भी उम्मीदवार नामांकन वापिस लेना चाहते हैं। वह 14 एवं 15 अगस्त को नामांकन वापस ले सकेंगे। 16 अगस्त को अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

रसिक जनों द्वारा नाम संकीर्तन एवं नृत्य किया गया

## फूल डोल हिंडोला महोत्सव में झूला झूले युगल सरकार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

श्री गौड़ीय संप्रदाय के द्वारा श्रावणी तीज से प्रारंभ हुए, फूल डोल हिंडोला महोत्सव के तहत स्थानीय गौर राधा मदन गोपाल मंदिर शांति नगर में ठाकुर जी को फूल हिंडोला में विराजित कर झूला महोत्सव मनाया गया। मंदिर समिति की दीपिका माहेश्वरी एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि श्रावणी तीज से प्रारंभ फूल हिंडोला महोत्सव का समापन श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बाद नंदोत्सव के साथ संपन्न होगा। बुधवार को मनोरथी शांता माहेश्वरी ने फूल डोल बनवाया एवं ठाकुर जी का दिव्य श्रृंगार कर युगल सरकार को झूले में विराजित कर विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग लगाकर महा आरती की, देर रात तक रसिक जनों द्वारा नाम संकीर्तन एवं नृत्य किया गया।

### जिलों के अस्पतालों में स्त्री-शिशु एवं निश्चेतना के रिक्त पदों पर...

# एनएचएम लेगा बांडेड डाक्टरों की सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

जिलों के अस्पतालों में स्त्री-शिशु एवं निश्चेतना के रिक्त पदों पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बांडेड (बंधपत्र) डॉक्टरों की सेवाएं लेने जा रहा है। इस संबंध में मिशन ने आदेश जारी किया है। इच्छुक योग्यताधारी अभ्यार्थियों को 22 अगस्त तक विभाग की वेबसाइट पर अपनी आवेदित जानकारी प्रदर्शित करनी होगी। मिशन के अनुसार फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) में रिक्त स्त्री रोग के 35, निश्चेतना 23 तथा शिशु रोग के 23 पदों पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बंधपत्र स्नात्कोत्तर चिकित्सकों का चयन करेगा। बांडेड डाक्टरों को एनएचएम की ऑनलाइन विकेंसी में पृथक से केवल अनुमोदित रिक्त संस्थाओं में च्वाइस फिलिंग की पात्रता होगी। 10 दिवस की समयावधि में बांडेड डॉक्टरों को अपनी उपस्थिति जिले के सीएमएचओ व स्वास्थ्य अधिकारी के अधीनर देना अनिवार्य होगा। फिर संबंधित जिला चिकित्सालय में 15 दिस का प्रशिक्षण लेना होगा।

समय-सीमा में ज्वायनिंग नहीं देने पर माना जाएगा कि डॉक्टर ने बंध पत्र का पालन नहीं किया है। एनएचएम इस संबंध में उचित एवं आवश्यक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा। इन चिकित्सकों को एक आकस्मिक अवकाश की प्रतिमाह पात्रता होगी। मातृत्व अवकाश भी मिलेगा। चिकित्सक को दैनिक कार्य की जानकारी माह के अंत में संस्था प्रमुख के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी। इन डाक्टरों को संस्था प्रमुख के अधीन कार्य करना होगा।

## डॉक्टरों ने मनाया गांधी मेडिकल कॉलेज का 70वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में बुधवार को 70 वर्ष पूरे होने पर डॉक्टरों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में मौजूद जीएमसी डीन डॉ कविता एन सिंह, मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ राकेश मालवीया, डॉ गुरूदत्त तिवारी, डॉ अजय मेहता, ललित श्रीवास्तव, डॉ धीरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ रमेश माधव, डॉ रिनी मलिक, डॉ अरुण गुप्ता, डॉ अविनाश ठाकुर, डॉ जीवन मीणा सहित मेडिकल स्टाफ ने जीमएसी के 70वें स्थापना दिवस पर केक काटा और सामूहिक संवाद का आयोजन किया।

डॉ राकेश मालवीया ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ डॉक्टरों ने जीएमसी की गौरवपूर्ण परंपरा और सेवाभाव की 70 वर्षों की यात्रा को स्मरण किया। वरिष्ठ चिकित्स डॉ आईके चुघ ने बताया कि वर्ष 1955 में स्थापित जीएमसी संस्थान, गैस त्रासदी, दंगों, महामारी, कोविड-19 सहित हर संकट की घड़ी में समाज की सेवा में अग्रणी रहा है। कार्यक्रम में मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन, जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन और अलुम्नाई एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए।

### प्लेटिनम जुबली वर्ष की तैयारियों का हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का समापन 'गांधी मेडिकल कॉलेज जिंदाबाद' के नारों और प्लैटिनम जुबली वर्ष (2025-26) में उत्कृष्ट कार्यों की प्रतिबद्धता के साथ किया गया। सभी चिकित्सकों ने संस्थान की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने और सामाजिक व चिकित्सा सेवा के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर प्लैटिनम जुबली वर्ष के तहत 20 एवं 21 दिसंबर 2025 में होने वाले 'महाकुंभ' कार्यक्रम की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं, जिसमें देश-विदेश से लगभग ढाई हजार डॉक्टरों के शामिल होने की संभावना है।

**रावण अपराधी था और उसका दहन आवश्यक है**

## रावण दहन करने वाली संस्थाएं प्रमाणित करें: ब्राह्मण समाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उज्जैन

रावण त्रिकालदर्शी थे भगवान शिव के परम भक्त थे और भक्ति से भगवान शिव को रावण ने प्रसन्न किया, पुराणों के अनुसार भगवान विष्णु के द्वारपाल जय विजय थे, जिन्होंने श्राप के कारण राक्षस योनि में जन्म लिया, उनका उद्धार करने के लिए भगवान विष्णु को तीन अवतार लेकर उन्हें राक्षस योनि से मुक्ति दिलाई एक वराह, दूसरा नृसिंह ओर तीसरा राम। भगवान राम ने स्वयं, रावण के उद्धार के लिए वनवास ग्रहण किया।

इसलिए रावण दहन करना, अनैतिक है वह ना तो शास्त्रोक्त है और ना ही सामाजिक रूप से उचित है। अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज संस्थापक अध्यक्ष महेश पुजारी ने उज्जैन नगर की सभी रावण दहन संस्थाओं के प्रमुखों को पत्र भेजकर तीन ज्वलंत प्रश्न किए हैं जिनके उत्तर नहीं देने पर रावण दहन बंद करने की बात कहीं है। रावण दहन करने वाली संस्थाएं उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर शास्त्रोक्त रूप से देते हैं तो रावण दहन जारी रखें। लेकिन यदि ऐसा नहीं कर पाते हैं,तो उन्हें रावण दहन को बंद कर देना चाहिए।

### पत्र में यह कहा

- रावण कौन था? उसने समाज के लिए क्या कार्य किए थे? यह समाज को बताएं।
- यदि कोई व्यक्ति आपकी बहन, बेटी, मां या पत्नी के नाक, कान काट देगा तो आप क्या करेंगे? सहन करेंगे या बदला लेंगे?
- रावण की एक गलती के कारण उसे हजारों वर्षों से जलाया जा रहा है लेकिन एक धोबी जिसने माता सीता के सतीत्व पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया था जिसके कारण श्री राम ने माता सीता का त्याग कर दिया था उसके विषय में आप क्या कहेंगे। क्या वह सही था?

दुष्यंत संग्रहालय में 'प्रणाम पराक्रम' कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में बोले ब्रिगेडियर आर विनायक

# देश की आजादी में नौसैना विद्रोह की भी प्रमुख भूमिका, ढाई लाख भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश सरकार की उड़ाई थी नींद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भारत की आजादी में 1946 का नौसेना विद्रोह की प्रमुख भूमिका रही है, इस विद्रोह में ढाई लाख भारतीय जवानों ने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला के रख दी थी। नौ सेना विद्रोह में भारतीय सैनिकों ने यह कहते हुए विद्रोह किया कि हम उस ब्रिटिश मुल्क के लिए नहीं लड़ेंगे, जिसने आजाद हिंद फौज के बंदियों को बंदी बनाया है और उन पर अत्याचार किया जा रहा है। तो ऐसे में ब्रिटिश शासन को भारत से अपनी जड़े हिलाने पर मजबूर होना पड़ा। इसलिए मात्र यह कहना कि दे दी हमें आजादी बिना खडक बिना ढाल... पूरी तरह सही नहीं है, क्योंकि इसमें उन सैनिकों की भी अहम भूमिका है, जिन्होंने खड़क और ढाल के प्रयोग से ब्रिटिश अधिकारियों के सपने नेस्तनाबूद कर दिए और उन्हें भारत छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा... यह कहना है ब्रिग्रेडियर आर विनायक का, जो बुधवार को दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित 'प्रणाम पराक्रम' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं में कर्नल डॉ. गिरिजेश सक्सेना, कर्नल राजीव सूद, ब्रिग्रेडियर आर विनायक, कैप्टन विनोद बख्शी, एयर वाइस मार्शल प्रमोद श्रीवास्तव ने भाग लिया और भारतीय सैना के शौर्य और पराक्रम की कहानियों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विशाखा राजुरकर ने किया।

### दे दी हमें आजादी बिना खडग बिना ढाल... कहना पूरी तरह सही नहीं




## पाकिस्तान ने भारत के समक्ष रखा सीजफायर का प्रस्ताव

वहीं कर्नल राजीव सूद ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर स्वदेशी हथियारों की बड़ी जीत थी। इसमें सरकार ने सैना को फ्री हैंड दिया था। इसमें सैना ने पाकिस्तान के 9 में से 7 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, साथ ही करीब 150 आतंकियों का खात्मा भी किया। इसी से आतंकित होकर पाकिस्तान ने सीज फायर का प्रस्ताव भारत के समक्ष रखा, जिसे भारत ने स्वीकार लिया, क्योंकि इन दो दिनों में भारत ने पाकिस्तान के बड़े-बड़े आतंकी ठिकानों का खात्मा किया, साथ ही सैकड़ों आतंकियों को भी खत्म किया। इससे ऑपरेशन सिंदूर के रूप में आतंकवाद के खात्मे के रूप में भारत का एक उद्देश्य कुछ हद तक पूरा हुआ और इसमें भारत की स्वदेशी तकनीकि के साथ एयर डिफेंस सिस्टम ने भी कमाल कर दिया।




### युद्ध का इतिहास उतना ही पुराना, जितना मानव के सभ्य होने का इतिहास

कर्नल डॉ. गिरिजेश सक्सेना ने मिनट बीज वक्तव्य देते हुए कहा कि युद्ध का इतिहास उतना ही पुराना है, जितना मानव के सभ्य होने का इतिहास। युद्ध कबीलाई पद्धति से शुरू हो गए थे, जो अभी तक जारी हैं। सेना को शासक का आदेश और जनता का भरोसा जीतना होता है। राजा का आदेश कितना महत्वपूर्ण होता है कि महाभारत युद्ध में राजा कृष्ण के आदेश से यादवों की सेना कौरवों की तरफ से लड़ रही थी। सैनिक सवाल नहीं करते, राजा के आदेश का सम्मान करते हैं।

### फौजियों में वही जुनून होता है, जो भगत सिंह जैसे शहीदों में होता था

एयर वाइस मार्शल प्रमोद श्रीवास्तव, विशिष्ट सेवा मेडल ने कहा कि जो फौज में जाते हैं, उनमें वही जुनून होता है, जो भगत सिंह जैसे शहीदों में होता था। हम शहादत की कामना से सेना की सेवा ग्रहण करते हैं। वही एक सैनिक की सबसे बड़ी पूंजी होती है। सैनिकों को मानसिक मजबूती और भावनात्मक स्थिरता के साथ हथियार संचालन सिखाया जाता है। सैनिक किसी से नहीं हारता भले ही जीवन हार जाए।

---

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राजधानी में जगह-जगह निकाली गई साइकिल व बाइक रैली

# 200 से ज्यादा साइक्लिस्ट ने हाथों में तिरंगा थामे गर्व के साथ मारे पैडल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर राजधानी भोपाल में जहां एक ओर अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, वहीं इस दिवस की गरिमा को बढ़ाते हुए फिटनेस लवर द्वारा साइकिल व बाइक रैली का भी आयोजन किया गया। हाथों में तिरंगा थामे गर्व से पैडल मारकर वंदे मातरम का नारा लगाया। 79वें स्वतंत्रता दिवस से पहले भोपाल में बुधवार की सुबह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा देशभक्ति सायक्लोथॉन आयोजित किया गया। सुबह 6:30 बजे से शुरू होकर यह सायक्लोथॉन 12 किमी का सफर करते हुए मानव संग्रहालय पर ही खत्म हुआ, जिसमें साइकिलिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु मनोज झा, मालती इंदौरिया, कौस्तव भटनागर, ऋषभ अग्रवाल, मयूर कुंडल एवं अरविंद श्रीवास्तव को संग्रहालय के कलाकार द्वारा हैंडमेड लैंप अवॉर्ड दिया गया, जिसमें 200 से ज्यादा साइक्लिस्ट में बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक शामिल हुए और उन्होंने हाथों में तिरंगा थामे गर्व के साथ पैडल मारे। शहर की सड़कों पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के बीच तिरंगे की लहर ने भोपाल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

### तिरंगे का सैलाब

'हर घर तिरंगा' सायक्लोथॉन में गूंजा देशभक्ति का जुनून



### भोपाल बने फिटनेस और देशभक्ति की राजधानी

रास्ते में कई स्थानों पर नागरिकों, दुकानदारों और बच्चों ने तिरंगे लहराकर साइक्लिस्टों का स्वागत किया। उगते सूरज की सुनहरी किरणों में लहराता तिरंगा एक अद्भुत नजारा पेश कर रहा था। यह सायक्लोथॉन प्रधानमंत्री के 'हर घर तिरंगा-हर दिल में तिरंगा' संदेश को साकार करता हुआ, देशभक्ति और फिटनेस का संगम बन गया। आयोजकों ने संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में इस आयोजन को और बड़े स्तर पर किया जाएगा, ताकि भोपाल की पहचान सिर्फ झीलों का शहर ही नहीं, बल्कि फिटनेस और देशभक्ति की राजधानी भी बने।

### हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बुधवार को बागसेवनिया में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान अन्तर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमे परिसर के छात्र छात्राओं सहित प्राध्यापकों ने भागीदारी की। यात्रा में छात्र छात्राओं ने स्वच्छता एवं देश भक्ति से ओत प्रोत नारे लगाए।

### एमएलबी कॉलेज में हर घर तिरंगा और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगाई

महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा हर घर तिरंगा और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ महापौर मालती राय ने किया। इस अवसर पर पीआईबी भोपाल के निदेशक मनीष गौतम और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय अग्रवाल ने तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की मनभावन प्रस्तुति दी और सभागार को संगीतमय बना दिया। साथ ही देशभक्ति पर आधारित चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।




### मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड का आयोजन पारंपरिक परिधान में हुए सम्मिलित



## राजधानी की सड़कों पर देशभक्ति का जुनून, सुपर बाइक्स का रोमांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भारत की स्वतंत्रता के अमृत काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में बुधवार, 13 अगस्त को रोमांचक बाइकर्स रैली का आयोजन किया गया। प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति शिवशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार इस बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक महिला और पुरुष बाइकर्स सम्मिलित हुए। बाइकर्स, सुपर बाइक्स पर सवार होकर, हाथों में तिरंगा लहराते हुए राजधानी की सड़कों पर निकले और एकता का संदेश दिया। सुबह 7 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर से शुरू हुई इस रैली को ज्वाइंट डायरेक्टर (एडवेंचर) एस. के. श्रीवास्तव ने झंडी दिखाकर रवाना किया।



### देशभक्ति की लहर

बाइक रैली को भोपाल के उन स्थानों से निकाला गया, जो हमारी सम्प्रभुता और आजादी का प्रतीक हैं जैसे शौर्य स्मारक, वल्लभ भवन, विधानसभा, रोशनपुरा, गौहर महल, इकबाल मैदान, कोहेफिजा, वीआईपी रोड, रविंद्र भवन, राजभवन से होती हुई पुनः कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर पहुंची। हाथों में लहराते तिरंगों, आसमान में छोड़े गए रंग-बिरंगे गुब्बारों और वंदे मातरम, भारत माता की जय जैसे जोशीले नारों ने हर नागरिक को देशभक्ति के रंग से सराबोर कर दिया।

---

## 'इत्ती सी खुशी' में अपने परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी दिखेंगी अन्विता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



18 अगस्त को शुरू होने वाला शो सोनी सब पर होगा प्रसारित

सोनी सब, अपने नए शो 'इत्ती सी खुशी' को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो 21 वर्षीय अन्विता की कहानी है, जो छह भाई-बहनों में सबसे बड़ी है और अपने टूटते परिवार की अनपेक्षित आधारशिला बन जाती है। शो में शराब की लत से जूझते पिता और परिवार छोड़ चुकी मां के बीच, अन्विता अपने परिवार को संभालने नजर आएंगी। वह अपनी पढ़ाई और सपनों की बलि देकर सबके बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष करती है।

रोजमर्रा के संघर्ष, मौन त्याग और प्रेम व धैर्य की जीत को हास्य और कोमल भावनाओं के साथ प्रस्तुत करती शो की कहानी दिखती है। वरुण बडोला 6 साल बाद टीवी पर वापसी कर रहे हैं और शो में पिता सुहास का किरदार निभा रहे हैं। अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर उनकी बेटी अन्विता और अभिनेता रजत वर्मा उनके प्रेमी विराट की भूमिका में नजर आएंगे। निर्देशक राजेश मापुस्कर भी शो के क्रिएटिव पक्ष से जुड़े हैं।

### अनुभवी कलाकार से मिलता है अनुभव

सुंबुल ने बताया कि जिस तरह हम जब भी कोई काम करें तो हमें अनुभव की जरूरत पड़ती है और खासकर जब आप अनुभवी कलाकार के साथ काम करो क्योंकि जैसे कि इस शो में हमारे सीनियर और अनुभवी कलाकार वरुण बडोला की है उन्होंने शो में मेरे पिता का किरदार निभाया है इतनी सी खुशी में उनसे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला।

### इत्ती सी खुशी से हो रही टीवी पर वापसी

सुंबुल ने बताया की टीवी पर 'इत्ती सी खुशी' शो के माध्यम से दोबारा वापसी कर रही हूं। यह शो जब मुझे मिला तब मेरे चेहरे की मुस्कान ही अलग थी, क्योंकि इस शो की कहानी बेहद शानदार है।

## मप्र लेखक संघ की काव्य गोष्ठी आज, 79 रचनाकार करेंगे राष्ट्र आराधना

**भोपाल।** मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम राष्ट्र आराधन का आयोजन शुक्रवार, 14 अगस्त को अपराह्न 3 बजे से दुष्यन्त कुमार संग्रहालय, शिवाजी नगर में आयोजित किया गया है।

संघ के अध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी ने बताया कि 79वें स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में भोपाल की समस्त साहित्यिक संस्थाओं से जुड़े 79 साहित्यकार अपनी काव्य प्रस्तुति देंगे। इन साहित्यकारों में उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी, वरिष्ठ गीतकार यतीन्द्र नाथ राही, डॉ. राम वल्लभ आचार्य, राजेन्द्र शर्मा अक्षर, ऋषि श्रृंगारी, शायर डॉ. अंजुम बाराबंकवी, डॉ. आजम, माहताब आलम, महेश अग्रवाल, किशन तिवारी, मनीष बादल, रमेश नन्द, गौरी शंकर गौरीश, मोहन तिवारी सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार अपनी देशप्रेम से भरी रचनाओं का काव्य पाठ करेंगे।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में हुआ आयोजन

## लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किए गए लेफ्टिनेंट कर्नल एनवी देशपांडे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल के सुरक्षा प्रभारी लेफ्टिनेंट कर्नल एन. वी. देशपांडे को मुंबई के निजी होटल में आयोजित सेफ-टेक अवॉर्ड्स एवं कॉन्फ्रेंस 2025 के दौरान लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सैन्य एवं नागरिक जीवन में सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उनके चार दशक से अधिक के असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया गया।



लेफ्टिनेंट कर्नल देशपांडे ने 37 वर्षों का अनुभव अर्जित किया है, जिसमें 25 वर्षों की सेवा टेरिटोरियल आर्मी में शामिल है। उन्होंने महार रेजिमेंट, मराठा लाइट इन्फैंट्री और राष्ट्रीय राइफल्स जैसी अग्रणी सैन्य इकाइयों में कार्य किया तथा ऑपरेशन विजय (कारगिल युद्ध), ऑपरेशन रक्षक और ऑपरेशन पराक्रम जैसे अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई।

## वरिष्ठ इतिहासविद् रघुवेंद्र तंवर का भारत विभाजन विभीषिका दिवस पर व्याख्यान आज

**भोपाल।** भारत विभाजन विभीषिका दिवस पर स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा 14 अगस्त, दोपहर 12 बजे नूतन कॉलेज में व्याख्यान आयोजित किया गया है। इस अवसर पर भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ इतिहासविद् रघुवेंद्र तंवर भारत का विभाजन 1947 एक त्रासदी का रहस्योद्घाटन विषय पर व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी करेंगे। इसी अवसर पर भारत विभाजन विभीषिका दिवस की स्मृति में भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद द्वारा निर्मित चित्र प्रदर्शनी भी प्रदर्शित की जाएगी।



## नुपुर सोंधिया को राष्ट्र सेवा के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवक नुपुर सोंधिया को राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनका चयन समाज सेवा, जन कल्याण, कुशल नेतृत्व एवं सामाजिक उत्थान में समर्पित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए किया गया है। इनका चयन सत्र 2020-21 के लिए हुआ है।



## ग्लैमर ग्रुप की सखी-सहेलियों ने गाए आजादी के तराने, तिरंगा थीम पर कराया फोटोशूट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

शहर में जश्ने आजादी की खुशियों का माहौल देखने को मिला। इस पर्व पर उल्लास उमंग और उत्साह के साथ ग्लैमर ग्रुप की सखी सहेलियो ने स्वतंत्रता दिवस के पूर्व जश्ने आजादी की मनाई खुशियां। आजादी के तराने के साथ सभी सखी सहेलियां देश भक्ति के रंग में नजर आईं और सभी ने मिलकर राष्ट्रगीत गाया और आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राष्ट्र पुरुषों और शहीदों को नमन किया। ग्रुप की प्रमुख निशिता सिंह ने बताया सभी ने मिलकर स्वच्छता के साथ प्रदूषण मुक्त भोपाल का अभियान चलाने का संकल्प भी लिया।








# अक्षय-अरशद का क्लाइंट पकड़ने में बुरा हाल

**मुंबई।** जब से जॉली एलएलबी 3 का टीजर आउट हुआ है, फैंस की एक्साइटमेंट दोगुनी हो गई है। मेकर्स भी इस एक्साइटमेंट को और बढ़ाने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। अब, टीजर के बाद एक नया बीटीएस वीडियो शेयर किया है। इसे देख यूजर्स की हंसी छूट रही है। लाखों बार इसे देखा जा चुका है और फैंस इसे एकदम बवाल बता रहे हैं। जॉली एलएलबी 3 का यह बीटीएस वीडियो दरअसल मोशन पोस्टर के शूट का है। इस दौरान अक्षय कुमार और अरशद वारसी ने जो किया, उसे देख यूजर्स मजेदार कमेंट्स कर रहे हैं। वीडियो में अरशद वारसी और अक्षय लकड़ी के एक फ्रेम में एक ही साथ घुसने की कोशिश कर रहे हैं।

लाइफ Style

# अदिति

## हिंसक फिल्मों का पड़ता है मानसिक प्रभाव

डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की 'एनिमल' साल 2023 में रिलीज हुई थी। इसमें दिखाई जाने वाली हिंसा को लेकर तब चर्चा छिड़ गई थी। अब एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस और मनोवैज्ञानिक अदिति गोवित्रिकर ने इस बात पर चिंता जताई है कि फिल्मों में हिंसा का मेंटल हेल्थ पर निगेटिव असर पड़ता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अदिति गोवित्रिकर ने 'कबीर सिंह' फिल्म का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'इन फिल्मों का मानसिक प्रभाव पड़ता है। हिंसक फिल्में निश्चित रूप से किसी व्यक्ति के दिमाग पर असर डालती है और उसे गलत फैसले लेने पर मजबूर कर सकती है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि इंसान के विचार हर उस चीज से प्रभावित होते हैं, जिसे वो ग्रहण करते हैं। फिर चाहे वो भोजन के जरिए हो या हम जो देखते सुनते हैं उससे। इसलिए ये जरूरी है कि हम मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को क्या खिलाते हैं, इस पर ध्यान दें, क्योंकि ये हमारी सोच और बिहेवियर को प्रभावित करता है।' एक्ट्रेस ने बताया कि नियमित रूप से हिंसक फिल्में या कॉन्टेंट देखने से मन पर सीधे तौर पर असर पड़ता है। इस तरह के संपर्क से हिंसक सपने आ सकते हैं या नींद में क्रोध या अग्रेसिव होने की भावनाएं आ सकती हैं। साथ ही चिड़चिड़ापन या परेशन लोगों के आसपास रहने से इंसान की खुशी और मनोदशा प्रभावित हो सकती है। इससे खुश रहना मुश्किल हो जाता है। हालांकि, अदिति ने शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी की कबीर सिंह पर फोकस किया, लेकिन कई अन्य इंडियन फिल्में वॉयलेंस सीन्स के कारण चर्चा में रहीं।



हॉलीवुड मसाला




# जॉनी जैक स्पैरो के किरदार में लौट रहे

**लॉस एंजिल्स।** जॉनी डेप एक बार फिर 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' में कैप्टन जैक स्पैरो की भूमिका निभा सकते हैं। डिज्नी से अलगाव के बावजूद, प्रड्यूसर जेरी ब्रुकहाइमर ने हिंट दिया है कि डेप को फिल्म में लेने के लिए उत्साहित हैं और उन्होंने डेप के साथ इस बारे में बातचीत भी की है। ब्रुकहाइमर ने बताया कि जॉनी डेप जैक स्पैरो की भूमिका फिर से निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'अगर उन्हें इस किरदार की कहानी पसंद आती है तो मुझे लगता है कि वो इसे जरूर करेंगे।



# पार्टी में पहुंचे लियोनार्डो को नहीं पहचान पाई पुलिस

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। वो सिनेमा जगत की एक जानी-मानी हस्ती हैं। लेकिन, स्पेन के इबीसा शहर में पुलिस अधिकारी लियोनार्डो डिकैप्रियो को नहीं पहचान पाए। जिसके चलते सुपरस्टार को शर्मिंदा होना पड़ा और जांच की एक पूरी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। लियोनार्डो डिकैप्रियो इबीसा में एक टकीला पार्टी में शामिल होने पहुंचे। लेकिन, इस दौरान स्पेनिश पुलिस के अधिकारी उन्हें नहीं पहचान पाए। स्पेनिश पुलिस ने उन्हें शराब पार्टी में शामिल होने वाला एक स्थानीय व्यक्ति समझ लिया। जिसके बाद अभिनेता और उनके दोस्तों को नियमित जांच के लिए पार्टी के बाहर ही रोक लिया गया। लियोनार्डो अक्सर पब्लिक अपना चेहरा ढककर ही सार्वजनिक स्थानों पर नजर आते हैं। लेकिन इस बार टकीला पार्टी में शामिल होने के लिए वो बिना मास्क के निकले।



# आलिया और शरवरी का लुक होगा नया

**मुंबई।** कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस यशराज फिल्म्स की अपकमिंग फिल्म अल्फा को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ एक साथ नजर आएंगी। कोरियोग्राफर का कहना है कि फिल्म में एक्शन होगा। फिल्म में स्टाइल और बेहतरीन डांस मूव्स भी हो सकते हैं। बॉस्को ने फिल्म की अभिनेत्रियों द्वारा किए गए काम की तारफी की है। उन्होंने कहा 'मुझे लगता है कि फिल्म में सभी का काम एकदम अलग होने वाला है। मुझे लगता है कि फिल्म में दोनों का काम काफी बड़ा होगा। उनका लुक बेहतरीन होगा। फिल्म में आपको आलिया और शरवरी वाघ एकदम अलग लुक में दिखेंगी। उनके लुक में जो बदलाव होगा वह एकदम नया होगा। मैं ज्यादा कुछ तो नहीं कहूंगा, लेकिन इतना जरूर है कि दोनों ने फिल्म में बहुत अच्छा काम किया है।'



# दिव्या की चालाकी में फंसेंगे नील...

**मुंबई।** दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश की आगामी फिल्म एक चतुर नार का टाइटल और फर्स्ट लुक बुधवार को जारी किया गया है। टाइटल और मोशन पोस्टर से फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा मालूम पड़ता है। फिल्म के पहले लुक के सामने आने के बाद अब दर्शक फिल्म को लेकर उत्साहित हैं। मेकर्स ने फिल्म के दो मोशन पोस्टर जारी किए हैं। एक पोस्टर में दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश एक टेबल के पास खड़े हैं। टेबल पर टमाटर और शिमला मिर्च समेत कुछ सब्जियां रखी हुई हैं। दिव्या गाजर को चाकू से काटते हुए कैमरे की तरफ चालाकी भरी नजरों से देख रही हैं। बगल में नील नितिन मुकेश थ्री पीस पहने हाथों में बंदूक लिए खड़े हैं। इस मोशन पोस्टर में पीछे कैलाश खेर की आवाज में कुछ लाइन्स भी फिल्म के टाइटल से जुड़ी सुनाई दे रही हैं।

टीवी मसाला



# अमिताभ बच्चन जब पहली बार पेरेंट्स को लेकर गए रेस्टोरेंट

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने 'केबीसी 17' के सेट पर पेरेंट्स को पहली बार रेस्टोरेंट लेकर जाने का किस्सा एक कंटेस्टेंट्स और ऑडियंस के साथ शेयर किया। अमिताभ हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट से कहते हैं, 'ये जो शख्स आपके सामने बैठा है उसका भी ऐसा ही एक दिन था जब उसने पहली बार रेस्टोरेंट में खाना खाया था। मोती महल एक बहुत बढ़िया रेस्टोरेंट है दिल्ली का, और मैं अपनी जिंदगी में पहली बार वहां गया। और वो भी तब जब कॉलेज सब पार कर चुके थे। और माता-पिता के साथ गए थे, वो अवसर मैं अभी तक नहीं भूला हूं जिस तरह आप नहीं भूले हैं। अमिताभ बच्चन आगे कहते, थोड़ी सी कमाई हो गई थी, तो ले गया उनको वहां। बड़ा डर लये बड़ा रेस्टोरेंट है, यहां बड़े लोग जाते हैं, हम लोग नहीं जा पाएंगे। अगर जाएंगे तो लोग कैसे हमको देखेंगे, क्या होगा, कपड़े हमारे कैसे होंगे? कौन क्या कहेगा, ये सब मन में चलता है, तो हम आपकी अवस्था को समझ सकते हैं। अमिताभ बच्चन ने मां की बर्थ एनिवर्सरी पर याद करने वाले और उन्हें बधाई देने वाला का आभार जताया है। अमिताभ इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा, 'उन सभी लोगों का दिल से आभार, जिन्होंने मेरी मां जी को उनके बर्थडे पर विश किया। मैं आपमें से किसी का भी पर्सनली आभार नहीं जता सकता। इसलिए मैं यहां आभार जता रहा हूं। अमिताभ बच्चन ने अपने इस पोस्ट के साथ के दिल और हाथ जोड़ने वाला इमोजी भी शामिल किया. इसके अलावा, अमिताभ ने और पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने जलसा को मां का घर बताया है। अमिताभ ने इस पोस्ट में मां की बर्थ एनिवर्सरी वाले पोस्टर के साथ जलसा की नेमप्लेट शेयर की है।

## अभिजीत ने पहली बार टीवी शो के लिए गाया गाना

**नई दिल्ली।** संगीत की दुनिया में अपनी एक खास पहचान बना चुके इंडियन आइडल के पहले विजेता अभिजीत सावंत ने अपने कॅरियर के 20 साल पूरे होने के बाद अब नए रास्ते को अपनाया है। लंबा सफर तय करने के बाद अब पहली बार सिंगर ने किसी टीवी सीरियल का टाइटल ट्रैक रिकॉर्ड किया है। अभिजीत ने शो 'वीन डोंघंटली तुटेना' के लिए गाना रिकॉर्ड किया है। अपने इस एक्सपीरियंस को लेकर अभिजीत ने कहा है कि उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है टीवी शो के लिए गाना गाकर। उन्होंने ये भी कहा कि हमेशा पहला अनुभव बहुत खास होता है।



इस टाइटल ट्रैक के साथ-साथ अभिजीत का एक और गाना इन दिनों काफी सुर्खियां बटोर रहा है- 'पैसा थेंबा थेंबा गळा'। इस गाने में पुराने जमाने की क्लासिक धुनों को आज के दौर के संगीत के साथ जोड़ा गया है। खास बात यह है कि इस गाने में दादा कोंडके की फेमस मराठी धुन 'धगला लागली कळा' को आधुनिक अंदाज में पेश किया गया है।

# वॉर 2 और कुली की टक्कर से पहले ऋतिक ने रजनीकांत को बताया अपना गुरु

**मुंबई।** आज 14 अगस्त को बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्मों का क्लैश होने वाला है। इसमें एक फिल्म है रजनीकांत की कुली और दूसरी है ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की वॉर 2। दोनों ही फिल्मों को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। अब इस क्लैश से एक दिन पहले ऋतिक रोशन ने सुपरस्टार रजनीकांत के लिए एक खास पोस्ट किया है और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।



***50 साल पूरे होने पर ऋतिक ने दी बधाई :*** वॉर 2 और कुली के रिलीज से पहले ऋतिक रोशन ने बुधवार कोरजनीकांत के कॅरियर के 50 साल पूरे होने पर एक्स पर उनके लिए एक खास पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में ऋतिक ने रजनीकांत को अपना बेस्ट टीचर और प्रेरणा बताया है। ऋतिक ने लिखा, एक अभिनेता के रूप में आपके साथ मैंने अपनी शुरुआत की। आप मेरे पहले शिक्षकों में से एक थे। आज भी आप एक प्रेरणा हैं। आपने एक स्टैंडर्ड सेट किया है। पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के 50 साल पूरे होने पर आपको बधाई।

### 12 साल की उम्र में रजनीकांत के साथ फिल्म में नजर आए थे ऋतिक

ऋतिक रोशन ने साल 1986 में आई फिल्म भगवान दादा में रजनीकांत के साथ अभिनय किया था। उस वक्त ऋतिक सिर्फ 12 साल के थे। यही वजह है कि ऋतिक ने रजनीकांत को अपना गुरु को बताया है। हालांकि, भगवान दादा बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी।

### बॉक्स ऑफिस का सबसे बड़ा क्लैश

वॉर 2 और कुली ये दोनों ही फिल्में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं। इन दोनों फिल्मों को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। इसे इस साल का सबसे बड़ा बॉक्स ऑफिस क्लैश माना जा रहा है। हालांकि, एडवांस बुकिंग में कुली, वॉर 2 पर भारी पड़ती दिख रही है। ऐसे में इस क्लैश से पहले ऋतिक द्वारा रजनीकांत के लिए पोस्ट करने और उन्हें बधाई देने पर यूजर्स ऋतिक की तारीफ कर रहे हैं।

# दुनिया की टॉप 10 खूबसूरत एक्ट्रेसेस की लिस्ट में कृति ने बनाई जगह


**मुंबई।** आईएमडीबी ने एक लिस्ट जारी की है, इस लिस्ट में दुनिया की 10 सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस के नाम शामिल किए हैं। दिलचस्प बात ये है कि इस लिस्ट में हर देश की एक चर्चित एक्ट्रेस को जगह मिली है, जो सिर्फ खूबसूरस नहीं, बल्कि अपने कॅरियर में भी अच्छा कर रही हैं। भारत का प्रतिनिधित्व इस लिस्ट में केवल एक ही बॉलीवुड एक्ट्रेस कर रही हैं, उनका नाम है कृति सेनन। कृति का नाम इस लिस्ट में चौथे नंबर पर है। बता दें, हाल ही में कृति सेनन को कॉमेडी-ड्रामा फिल्म मिमी (2021) में एक सरोगेट मां की भूमिका में अपना बेस्ट देने के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था। इस लिस्ट में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर का भी नाम है। हैरानी वाली बात ये है कि उनका नाम कृति सेनन से पहले है। जहां कृति चौथे नंबर पर हैं, वहीं हानिया तीसरे नंबर पर। 2025 की टॉप 10 खूबसूरत एक्ट्रेसेस के नाम इस प्रकार हैं। 1. मैकेना ग्रेस – अमेरिका, 2. जूलिया बटर्स – अमेरिका, 3. हानिया आमिर – पाकिस्तान, 4. कृति सेनन – भारत, 5. नैन्सी मैकडोनी - अमेरिका/दक्षिण कोरिया, 6. दिलराबा दिलमुरात – चीन, 7. शैलेन वुडली – अमेरिका, 8. मार्गोट रोबी – ऑस्ट्रेलिया, 9. एना डे अर्मास - क्यूबा/स्पेन, 10. एम्मा वाटसन – यूके।



## 13 साल की उम्र तक स्टेज पर देने लगीं डांस परफॉर्मेंस

# खूबसूरती और अभिनय का बेजोड़ संगम रहीं वैजयंती माला

**नई दिल्ली।** 50 से लेकर 70 के दशक तक बड़े पर्दे पर वैजयंती माला ने राज किया। वह बॉलीवुड से लेकर साउथ की फिल्मों तक में अपनी उम्दा अदाकारी, नृत्य और असीम सुंदरता के लिए जानी गईं। वैजयंती माला एक फिल्मी परिवार से आती हैं, उनकी मां तमिल सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री थीं। वैजयंती माला का जन्मद चेन्नई के त्रिपलीकेन में हुआ। बचपन से ही भारतनाट्यम नृत्य सीखने लगीं। 13 साल की उम्र तक वह स्टेज पर डांस परफॉर्मेंस देने लगीं। जल्द ही उन्हें फिल्मों में भी मौका मिला। फिल्मी दुनिया में आकर वैजयंती माला ने हर तरह किरदार निभाए।



### जब फिल्म फेयर अवार्ड लेने से किया इंकार

वैजयंती माला को तीन बार बेस्ट एक्ट्रेस का फिल्म फेयर अवॉर्ड मिला। लेकिन, साल 1955 में देवदास के लिए जब उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला तो उन्होंने लेने से मना कर दिया। यह अवॉर्ड उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के लिए मिला था। जबकि वैजयंती माला का कहना था कि देवदास में उनका रोल चंद्रमुखी सपोर्टिंग नहीं है, यह पारो यानी सुचित्रा सेन के बराबर का रोल है। 1996 में फिल्मफेयर ने उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट्स अवॉर्ड भी दिया। भारत सरकार ने भी उन्हें साल 1968 में भी पद्मश्री और 2024 में पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया।

### राजकूपर संग अफेयर की बात को कहा पब्लिसिटी स्टंट

राज कपूर के साथ हिट फिल्में करनी वाली वैजयंती माला का नाम भी उनके साथ जुड़ा था। कहा जाता है कि इस वजह से राज कपूर की शादी टूटने के कगार पर आ गई थी। लेकिन, वैजयंती माला ने इन बातों को सिरे से नकार दिया। अपनी आत्मकथा में उन्होंने बताया कि कभी भी किसी अखबार ने उनका पक्ष जानने की कोशिश नहीं की। वैजयंती माला ने बताया कि नॉर्थ इंडिया में कुछ अखबारों में यह खबर छपी, जो कि एक पब्लिसिटी स्टंट था। लेकिन, राज कपूर के बेटे ऋषि कपूर ने अपनी आत्मकथा में पिता और वैजयंती माला के रिश्ते का जिक्र किया था। आगे चलकर वैजयंती माला ने चमनलाल बाली से शादी की। 1968 में शादी करने के बाद वह फिल्मों से दूर हो गईं। वह स्टेज पर भारतनाट्यम जरूर करती रहीं। 90 साल की उम्र में भी उन्हें भारतनाट्यम करते हुए देखा जा सकता है।

### 16 बरस की उम्र में फिल्मी दुनिया में रखा कदम

वैजयंती माला ने अपने करियर की शुरुआत साल 1949 में एक तमिल फिल्म वाजकाई से की। कुछ फिल्में और दक्षिण भारत में करने के बाद वह हिंदी फिल्म बहार के जरिए बॉलीवुड में शामिल हुईं। पहली ही फिल्म से वैजयंती माला बॉलीवुड में छा गईं। आगे चलकर उन्होंने नागिन, लड़की, देवदास, मधुमती, संगम और नया दौर जैसी कई हिट फिल्में कीं। वैजयंती माला ने 50 से लेकर 70 के दशक तक बॉलीवुड के नामी एक्टर्स के साथ काम किया। दिलीप कुमार, राज कपूर, सुनील दत्त, राजेंद्र कुमार, जॉय मुखर्जी जैसे कई नामी कलाकारों के साथ अभिनय किया। हर एक्टर के साथ उनकी जोड़ी को दर्शकों ने पसंद किया। वह हिंदी के अलावा दक्षिण भारतीय और बंगाली फिल्मों में भी सक्रिय रहीं। फिल्म गंवार(1970) वैजयंती माला की आखिरी हिंदी फिल्म थी।

**संगम में पहना स्विम सूट :** एक तरफ वैजयंती माला ने भारतीय रंग में रंगे किरदार किए, वहीं वह फिल्म संगम में स्विम सूट पहने भी नजर आईं। इसके लिए राज कपूर को वैजयंती माला नहीं, उनकी दादी से परमिशन लेनी पड़ी। मिन्नतों के बाद राज कपूर को यह परमिशन मिली कि वह वैजयंती माला पर स्विम सूट वाला सीन फिल्मा सकते हैं।

### अभिनय के बाद राजनीति में हुई सक्रिय

अभिनय को अलविदा कहने के बाद वैयजंती माला ने राजनीति में जाने का फैसला लिया। उन्होंने 1984 लोकसभा चुनाव लड़ा और जीता। आगे चलकर वह राज्यसभा के लिए मनोनीत भी हुईं। राजनीति में रहते हुए उन्होंने कला, सिनेमा के लिए काम किया।



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बढ़ती उम्र में जब हो अपच की समस्या



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मुझे खाना ठीक से नहीं पचता। साथ ही कभी कब्ज, तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। मेरे पेट की समस्या का स्थाई उपचार बताने का कष्ट करें।**

**-रामदेव, बहादुरगढ़**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो गई है। बढ़ती उम्र में कई लोगों को यह समस्या आती है। इसके लिए आपको खान-पान में खास ध्यान देना पड़ेगा। खाने में सलाद और दही जरूर शामिल करें, कोशिश करें कि अधिक तेल वाला खाना बिल्कुल ना खाएं। शाम को हल्का खाना खाएं और सोने से तीन-चार घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह बदलाव करने से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। मेरे चेहरे पर झाइयां हैं। कई प्रोडक्ट्स यूज करने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ। इन झाइयों को कैसे ठीक किया जाए? कृपया इसका समाधान बताएं।**

**-पंकज, रायपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपने झाइयों के लिए बहुत सारे प्रोडक्ट्स यूज किए। आपने यह नहीं बताया कि यह प्रोडक्ट आपने अपनी मर्जी से इस्तेमाल किए या डॉक्टर की सलाह से? क्योंकि त्वचा में कोई भी क्रीम या लोशन बगैर डॉक्टर के सलाह के नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वही इसका ट्रीटमेंट बताएंगे, फिलहाल आप पानी का सेवन खूब करें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। बारिश के मौसम में कुछ भी ठंडा खाने पर मुझे छींकें आने लगती हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-साकेत, बिलासपुर**

इस मौसम में गर्मी के मुकाबले तापमान में बदलाव आता है। कुछ लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, जिसकी वजह से ठंडा या गरम खाने से तुरंत प्रभाव पड़ता है और उसके इफेक्ट सामने आते हैं। इसलिए कोशिश करें कि आप फ्रिज में रखी या ठंडी चीज ना खाएं। साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन सी वाले फल खाएं।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मेरे तलवों में कभी-कभी सुई की चुभन जैसा तेज दर्द होता है। ऐसा क्यों होता है, यह किसी गंभीर बीमारी के लक्षण तो नहीं?**

**-दुर्गेश, भोपाल**

बगैर जांच किए आपकी समस्या के बारे में कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। बेहतर होगा कि एक बार आप न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लें। क्योंकि कई बार मसल्स या न्यूरो से संबंधित समस्या भी हो जाती है। इसलिए लापरवाही न करें और डॉक्टर से संपर्क कर लें तो हर शंका का समाधान हो जाएगा।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। बरसात के मौसम में भीगने पर मेरे पैर की अंगुलियों के बीच फफोले पड़ जाते हैं। कृपया बताएं कि इस समस्या से कैसे निजात पाया जाए?**

**-देवेंद्र, रायगढ़**

आप बारिश के पानी से बचें क्योंकि सड़क में भरे पानी में कई बार नाली का पानी मिल जाता है, जो संक्रमण का कारण बनता है। इसलिए आप बारिश में सड़कों पर पानी में न जाएं। अगर जाना जरूरी भी हो तो पैरों में नारियल का तेल लगाकर ही जाएं, वापस आने पर गर्म पानी से पैरों को धोएं और ठीक से सुखा लें और फिर से नारियल तेल लगा लें। इस तरह राहत मिल सकती है। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**


**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

अगर आप भी इन दिनों यानी मानसून के दौरान डलनेस फील करते हैं तो परेशान ना हों। अपनी नियमित दिनचर्या में कुछ योगासनों को शामिल कर लें। इनके अभ्यास से आपका मूड हैप्पी रहेगा और आप एनर्जेटिक भी फील करेंगे। योगासन किस तरह से मूड को करता है बूस्ट, बता रहे हैं डिटेल में।

# बारिश के मौसम में करें ये योगासन मूड रहेगा हैप्पी-एनर्जेटिक







बारिश के दिनों में जब मन आलस से भरा या बुझा सा रहता है, तो उस दौरान योग, नेचुरल मूड बूस्टर की भूमिका निभाता है। इसके पीछे गहरे वैज्ञानिक कारण जिम्मेदार होते हैं। दरअसल, बारिश के दिनों में कई बार वातावरण, मन-मिजाज पर भारी पड़ता है। लगातार बादलों का घिरा रहना, सूरज की गैरमौजूदगी, घर से बाहर निकलने में असुविधा और थकी हुई दिनचर्या, लोगों को मानसून ब्लूज या टेंपरेरी डिप्रेशन के घेरे में पहुंचा देता है। ऐसी स्थितियों में कुछ योगासन, बेहद असरकारी मूड बूस्टर का रोल निभा सकते हैं, जो ना केवल शरीर को सक्रिय रखते हैं बल्कि मन को भी स्फूर्तिदायक बनाते हैं। क्योंकि योगासन, ना केवल शरीर को स्ट्रेच करते हैं बल्कि दिमाग को भी रिफ्रेश करते हैं। ये हमारे शरीर के जरूरी हार्मोनों को सक्रिय करते हैं और इस तरह बारिश के मौसम में मूड को बढ़िया रखते हैं।

## रिलीज होते हैं सेरोटोनिन-एंडोर्फिन

सेरोटोनिन और एंडोर्फिन हार्मोंस, फील गुड हार्मोन कहलाते हैं और कई ऐसे योगासन हैं, जिनके करने से ये हार्मोन तेजी से रिलीज होते हैं। जैसे, धुंधले-धुंधले बारिश के दिनों में सूर्य नमस्कार करने से शरीर को गर्मी मिलती है और थकावट दूर भागती है। इसे करने से फील गुड हार्मोन पैदा होते हैं, जो हमारे मूड को खुशनुमा बनाते हैं। व्रजासन भी मानसून के दिनों के सुस्ती भगाने का महत्वपूर्ण योगासन है। इसके अलावा अन्य जो आसन बारिश के दिनों में फील गुड हार्मोन का स्राव बढ़ाकर हमारे मन-मस्तिष्क को सक्रिय और ऊर्जावान बनाते हैं, उनमें हैं- बालासन यानी चाइल्ड पोज और शवासन। बालासन करने से मन शांत और प्रसन्न होता है। इसी तरह शवासन भी बहुत फायदेमंद योगासन होता है, क्योंकि यह थकावट और चिड़चिड़ेपन दोनों में लाभकारी होता है। थकावट और चिड़चिड़ापन बारिश के दिनों में अकसर ही हमें अपनी गिरफ्त में ले लेता है। ऐसे में इन दिनों अगर नियमित रूप से ये आसन किए जाएं तो हमारे शरीर से कोर्टिसोल नामक हार्मोन का स्तर घटता है। कोर्टिसोल, तनाव पैदा करने वाला हार्मोन है, जो उन लोगों में बहुत कम रिलीज होता है, जो बारिश के दिनों में नियमित रूप से सक्रिय रहते हैं और जो सक्रिय नहीं रहते, उन्हें ये दिन बेहद थकान और तनाव से भरे लगते हैं। कोर्टिसोल कम बनने से शरीर को ऊर्जा मिलती है और तनाव से मुक्ति मिलती है। गौरतलब है कि कोर्टिसोल हार्मोन हमारी अनिद्रा, बेचैनी और डिप्रेशन के लिए भी जिम्मेदार होता है। जब कोर्टिसोल बनता ही नहीं तो या बहुत मामूली बनता है, तो हमें बारिश के दिनों में योग करने से विशेषकर बालासन और शवासन से तनाव से मुक्ति मिलती है।

## योग इसलिए जरूरी है

वास्तव में योग कोई दवा या लत नहीं है, यह बिना किसी साइड इफेक्ट के एक ऐसा अभ्यास होता है, जो हमारे शरीर को वही फायदे देता है, जो कई जड़ी-बूटियों और दवाओं से मिलता है। इसलिए बारिश के दिनों में बाकी किसी मौसम के मुकाबले कहीं ज्यादा योगासन करने की जरूरत होती है। इसके लिए घर पर मैट बिछाकर या खुले कमरे में चादर बिछाकर आराम से आधे से एक घंटे तक योगासन करना चाहिए। ऐसा करने से शरीर का बाहरी आवरण तो स्वस्थ और सुंदर बनता ही है, मन का भीतरी आवरण यानी मानसिक भावनाएं भी ऊर्जा से लबरेज हो जाती हैं, क्योंकि इन दिनों सूरज कम दिखता है, जिससे हमारे शरीर को जरूरी विटामिन डी और हैप्पी हार्मोन जैसे सेरोटोनिन मिलने कम हो जाते हैं। ऐसे में पूरा शरीर डल, थका-थका सा महसूस करता है। लेकिन योग इन्हीं दिनों अपने नियमित अभ्यास के कारण आपको न केवल थकान और डलनेस से बचाता है बल्कि इसी के कारण इन दिनों आप अस्वस्थ होने और संक्रमण से भी बचे रहते हैं।



### इन बातों का ध्यान रखें



बारिश के दिनों में योगासन करने से मूड बूस्ट होता है, लेकिन भूल करके भी इन दिनों नमी वाले फर्श पर योगासन नहीं करें। जिम में पहने जाने वाले टाइट-फिटेड ड्रेस पहन कर भी कभी योगासन नहीं करें। हल्के, कॉटन ड्रेस पहनकर ही योगासन करें। भोजन के कम से कम ढाई से तीन घंटे बाद ही मानसून के दिनों में आसन करें वर्ना पाचन की समस्या हो सकती है। इन दिनों अपने योगासनों में ध्यान को भी जरूर शामिल कर लें। इससे मन को ऊर्जा और शांति मिलती है।

## इसलिए कहते हैं मूड बूस्टर

योग को नेचुरल मूड बूस्टर इसलिए माना जाता है क्योंकि इसकी कुछ विशेष क्रियाएं शरीर के हार्मोनल बदलाव में बड़ी भूमिका निभाती हैं। इससे मन शांत, स्फूर्तिवान तथा मूड ऊर्जावान बनता है। बारिश के दिनों में योग करने से शरीर से एंडोर्फिन और सेरोटोनिन का जो स्राव होता है, ये दोनो वही हार्मोन हैं, जो हमारे दोस्तों के साथ खिलखिलाकर हंसने से पैदा होते हैं या फिर व्यायाम करने से पैदा होते हैं। इन दिनों नियमित तौर पर योगासन करने से हम अपनी सांसों पर नियंत्रण कर सकते हैं। विशेषकर अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और उज्जाई तकनीकों से मस्तिष्क को ताजगी और शांति मिलती है।

## ऊब-अकेलापन भी करता है दूर

बारिश के दिनों में ऊब और अकेलापन भी एक बड़ी समस्या होती है। घर से जाकर मनोरंजन करने या मूड बदलने की हिम्मत नहीं होती और घर में पड़े-पड़े डिप्रेशन की गिरफ्त में हम आ सकते हैं। ऐसे में बारिश के दिनों में घर से बाहर निकलें, प्रकृति के बीच विचरण करें और योग करें तो इस तरह के सारे अकेलेपन के भाव दूर हो जाते हैं।

## ये आसन हैं कारगर

सूर्य नमस्कार करने से शरीर का रक्त संचार बेहतर होता है और पूरे शरीर में ऊर्जा का प्रवाह महसूस होता है। बालासन करने से मन को शांति मिलती है, जो कई रसायनिक प्रक्रियाओं के साथ मन को स्फूर्तिदायक चेतना प्रदान करता है। सेतुबंध आसन, अनुलोम-विलोम, व्रजासन तथा भ्रामरी प्राणायाम बारिश के दिनों में मन की सुस्ती और थकान को दूर करके दिल-दिमाग को ऊर्जा से लबरेज करते हैं। इन्हें भी अपने रूटीन में शामिल कर सकते हैं। *







हर्बल जोन / रेखा देशराज

# फंगल इंफेक्शन-एलर्जी से बचाए एलोवेरा

बारिश के मौसम में एलोवेरा हमें फंगल इंफेक्शन और एलर्जी से बचाने के लिए एक इफेक्टिव नेचुरल प्लांट है। यह न केवल शरीर के बाहरी संक्रमण से हमें बचाता है बल्कि हमें भीतरी तौर पर भी मजबूती देता है। बारिश के दिनों में एलोवेरा के इस्तेमाल से हमारा पाचन दुरुस्त रहता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता हममें बरकरार रहती है। त्वचा विभिन्न तरह के मौसमी संक्रमण से बची रहती है और बाल जो इन दिनों बारिश के पानी आदि से खराब हो जाते हैं, उससे भी एलोवेरा हमारा बचाव करता है। इसका कारण यह है कि एलोवेरा में प्राकृतिक एंटी फंगल, एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं।



**फंगल संक्रमण से बचाव:** चूंकि बारिश के दिनों में वातावरण में नमी बहुत अधिक होती है, जो फंगल यानी फफूंदी के पनपने के लिए सबसे आदर्श स्थिति होती है। इस मौसम में शरीर के पसीने वाले हिस्सों जैसे पैर, बगल, गर्दन, पीठ पर फंगल इंफेक्शन का खतरा रहता है। इस संक्रमण से खुजली होती है, जलन महसूस होती है, लाल चकत्ते पड़ जाते हैं या बदूबदार दाने निकल आते हैं।

**एलर्जी से बचाव:** मानसून के दिनों में कई लोगों को त्वचा की एलर्जी बहुत परेशान करती है। जैसे पसीने से रैशेज, गंदे पानी से खुजली, मच्छरों के काटने से सूजन आदि का होना। ऐसे में एलोवेरा त्वचा की सभी समस्याओं से राहत दिलाता है। एलोवेरा जैल का इस्तेमाल करने से त्वचा में आई सूजन भी समाप्त हो जाती है। दरअसल, एलोवेरा में ग्लूकोमैनन और जिबरेलिन जैसे तत्व मौजूद होते हैं, जो त्वचा में किसी भी तरह से आई सूजन को कम करते हैं। इसके साथ ही एलोवेरा त्वचा को नमी देता है, जिससे इसकी ड्राइनेस और जलन खत्म होती है। इसका एंटी ऑक्सीडेंट गुण बारिश के दिनों में त्वचा को होने वाली विभिन्न नुकसानों की भरपाई करता है। इसका इस्तेमाल बहुत सरल है। एलोवेरा के जैल को एलर्जी वाली जगहों पर हल्के हाथों से लगाएं और जगह को बिना धोए ही छोड़ दे। मच्छर के काटने या खुजली में यह प्राकृतिक कूलिंग जैल की तरह का काम करता है।

**बरतें सावधानी:** एलोवेरा के इस्तेमाल के पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आप जिस एलोवेरा जैल का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह सौ प्रतिशत शुद्ध है, इसमें किसी तरह की कोई सुगंध या रसायन की मिलावट न की गई हो। गर्भवती महिलाओं को विशेष तौर पर इसके इस्तेमाल से सावधान रहना चाहिए और यदि कोई विशेष दवा ले रहा है, तो उसे एलोवेरा का सेवन करने के पहले डॉक्टर की सलाह ले लेना चाहिए। *



# सिनसिनाटी ओपन : अल्काराज ने मेडजेडोविक को दी शिकस्त, दर्ज की 2025 की 50वीं जीत

एजेंसी ▶▶| सिनसिनाटी

सिनसिनाटी ओपन में कार्लोस अल्काराज ने हमद मेडजेडोविक को हराकर 2025 की अपनी 50वीं जीत दर्ज की। अल्काराज ने मेडजेडोविक को 6-4, 6-4 से हराया। अल्काराज ने इस जीत के साथ ही लगातार 13वीं मास्टर्स 1000 जीत दर्ज की और एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया।

अल्काराज और मेडजेडोविक के बीच जब मैच की शुरुआत हुई तो कड़ी टक्कर देखने को मिली। लेकिन, कार्लोस ने मैच को धीरे-धीरे अपने पक्ष में किया। मेडजेडोविक ने 3-3 की बराबरी पर सर्विस की। सर्बिया के मेडजेडोविक ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, लेकिन चौथे ब्रेक पॉइंट पर दबाव का असर दिखा। इसका फायदा कार्लोस को हुआ।

## एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे दौर में किया प्रवेश



## 95 मिनट तक चला कड़ा मुकाबला

अल्काराज ने 95 मिनट तक चले मैच को 6-4, 6-4 से जीता। जीत के बाद अल्काराज ने कहा, मुझे पता है कि वह वाकई एक जबरदस्त खिलाड़ी है। उसके शॉट्स को रिटर्न करना बेहद मुश्किल होता है। उसकी सर्विस भी जबरदस्त है। मुझे पता है कि उसे इधर-उधर ज्यादा दौड़ना पसंद नहीं है, इसलिए मेरी योजना उसे जितना हो सके उतना दौड़ाने की थी। अल्काराज का सामना चौथे दौर में लुका नार्डी से होगा, क्योंकि जैकब मेन्सिक के मैच के बीच में ही रिटायर होने के बाद इस इतालवी खिलाड़ी को फ्री पास मिल गया था।



## आठवें मास्टर्स 1000 खिताब की तलाश में

*22 वर्षीय अल्काराज अपने आठवें मास्टर्स 1000 खिताब की तलाश में हैं। इस बेजोड़ जीत के सिलसिले के दौरान वे मोंटे कार्लो और रोम पर कब्जा कर चुके हैं। साल के अंत में नंबर 1 की दौड़ में जैनिक सिनर पर 1,500 अंकों की बढ़त के साथ वह काफी आगे हैं। सिनसिनाटी ओपन में जहां एक तरफ सभी खिलाड़ी गर्मी से परेशान हैं, परिस्थितियों से जूझ रहे हैं और हार मान रहे हैं। वहीं अल्काराज आराम से जीत दर्ज कर रहे हैं। कहीं न कहीं सिनसिनाटी ओपन को वे यूएस ओपन की तैयारी के तौर पर ले रहे हैं।*

## 'बार्बी डॉल' बनेगी वीनस



**न्यूयॉर्क।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स जल्द ही 'बार्बी डॉल' के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर 'बार्बी डॉल' बनाई है, जिसे जल्द जारी किया जाएगा। इस गुड़िया को उसी तरह की पोशाक पहनाई गई है, जो वीनस ने 2007 में विंबलडन चैंपियन बनने के दौरान पहनी थी। यह वही वर्ष था जब पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में महिलाओं को पुरुषों के बराबर पुरस्कार राशि मिली थी। इस गुड़िया की खुदरा कीमत 38 डॉलर बताई गई है, जिसमें वीनस पूरी तरह सफेद पोशाक में होंगी। उनके गले में हरे रंग का रत्न का हार, कलाई का बैंड हाथों में रैकेट और टेनिस बॉल होगी।


### वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से की अपने नाम

# वेस्टइंडीज ने खत्म किया 34 साल का सूखा, पाक को 202 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| तारूबा

कप्तान शाई होप के शतक और तेज गेंदबाज जेडन सील्स की घातक गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 202 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 अपने नाम की। होप ने 94 गेंद पर नाबाद 120 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और पांच छक्के शामिल हैं। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 294 रन बनाए।

पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में 29.2 ओवर में 92 रन पर ढेर हो गई। उसके केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें सलमान आगा ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। जेडन सील्स ने 7.2 ओवर में 18 रन देकर छह विकेट लिए। इस तरह से वेस्टइंडीज 1991 के बाद पाकिस्तान के खिलाफ पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला जीतने में सफल रहा। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट और ट्वेंटी-20 प्रारुपों में घरेलू श्रृंखलाओं में हार का सिलसिला



## पाकिस्तान के 3 बल्लेबाज नहीं खोल पाए खाता

लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के शीर्ष तीन बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब पारी की तीसरी गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। अब्दुल्ला शफीक भी रन नहीं बना पाए और तीसरे ओवर में कप्तान मोहम्मद रिजवान के शून्य पर आउट होने से पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर आठ रन हो गया। सील्स ने बाबर आजम (09) को एलबीडब्ल्यू आउट करके अपना चौथा विकेट लिया। हसन नवाज़ (13) गुडाकेश मोती की गेंद पर स्टंप आउट हो गए, जबकि रोस्टन चेज ने हुसैन तलत (01) को बोल्ड कर दिया।

## ऑस्ट्रेलिया से लगातार 8 मैच हारी कैरेबियाई टीम

यह बड़ी जीत कैरेबियाई क्रिकेट के लिए आयोजित दो दिवसीय आपातकालीन सम्मेलन के बाद आई। होप ने ब्रायन लारा और क्लाइव लॉयड जैसे महान खिलाड़ियों के साथ इस सम्मेलन में हिस्सा लिया और वेस्टइंडीज को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से शीर्ष पर लाने के लिए रणनीति बनाने में मदद की। ऑस्ट्रेलिया से लगातार आठ मैच हारने और फिर फ्लोरिडा में पाकिस्तान से टी-20 श्रृंखला 2-1 से हारने के बाद वेस्टइंडीज ने पिछले सप्ताह पाकिस्तान से एकदिवसीय श्रृंखला का पहला मैच पांच विकेट से गंवा दिया था।

## फिदेल कास्त्रो सेंटेनरी फुटबॉल कप...



**नई दिल्ली।** फिदेल कास्त्रो सेंटेनरी फुटबॉल कप में सॉलिडेरिटी कमेटी XI और एंबेसडर XI के बीच एक प्रदर्शनी मैच के दौरान पूर्व भारतीय फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया।

## 3 हजार मीटर में गुलवीर सिंह ने बनाया नया रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारत के गुलवीर सिंह ने बुडापेस्ट में ग्युलाई इस्तवान मेमोरियल हंगेरियन एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ की गैर ओलंपिक स्पर्धा में अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया और पांचवें स्थान पर रहे। गुलवीर ने सात मिनट 34.49 सेकंड का समय लेकर इस वर्ष फरवरी में बोस्टन विश्वविद्यालय डेविड हेमरी वैलेंटाइन आमंत्रण प्रतियोगिता में बनाए गए अपने ही पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 7.38.26 सेकंड में सुधार किया। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी यूरोप में अपनी पहली ट्रैक रेस में भाग ले रहा था। यह विश्व एथलेटिक्स की कॉन्टिनेंटल टूर स्वर्ण स्तर की प्रतियोगिता है।

## रोहित का जलवा, बाबर आजम को पछाड़ा, दूसरे स्थान पर पहुंचे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के वनडे फॉर्मेट के कप्तान रोहित शर्मा बढ़ती उम्र के साथ बेहतर होते गए हैं।



कप्तानी हो या फिर बल्लेबाजी, दोनों किरदारों में रोहित ने अपनी श्रेष्ठता साबित की है। आईसीसी की हालिया वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर चले गए हैं।

आईसीसी ने बुधवार को वनडे रैंकिंग जारी की। इस रैंकिंग में रोहित शर्मा एक स्थान ऊपर बढ़ते हुए दूसरे स्थान पर चले गए हैं। रोहित ने बाबर आजम को हटाकर दूसरा स्थान हासिल किया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में बाबर आजम फ्लॉप रहे। इस वजह से उन्हें आईसीसी रैंकिंग में नुकसान उठाना पड़ा है। शीर्ष दस बल्लेबाजों में बाबर आजम तीसरे नंबर पर चले गए हैं।

## महिला वनडे सीरीज : भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

यास्तिका भाटिया के अर्धशतक और कप्तान राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ए ने बुधवार को पहले महिला एकदिवसीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलियाई टीम को 48 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत से भारत अब तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है।बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 47.5 ओवर में 214 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम ने इसके बाद भाटिया (70 गेंदों पर 59 रन) की अगुवाई में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन से 42 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।



### यास्तिका और शेफाली ने की 77 रनों की साझेदारी

भाटिया ने शेफाली वर्मा (31 गेंदों पर 36 रन) के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए केवल 10.4 ओवर में 77 रन जोड़े। शेफाली के सियाना जिंजर की गेंद पर आउट होने के बाद भाटिया ने धारा गुज्जर (53 गेंदों पर 31 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े, जिससे भारत ने 23.3 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बना लिए। लेकिन गुज्जर और भाटिया जल्दी-जल्दी आउट हो गई, जिससे भारत ए का स्कोर तीन विकेट पर 157 रन हो गया।

### जीता अल्माटी मास्टर्स कोनाएव कप

# 20 वर्षीय रोहित कृष्णा बने भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय शतरंज खिलाड़ी रोहित कृष्णा एस भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर बने। उन्होंने कजाकिस्तान में हुई अल्माटी मास्टर्स कोनाएव कप को



जीत कर ये उपलब्धि अपने नाम की। 20 वर्षीय रोहित ने आखिरी राउंड में अर्मेनियाई आईएम आर्टुर दावत्यान को हराया और नौ में से 6 अंक हासिल किए, जिससे उनका तीसरा और अंतिम जीएम नॉर्म बना।

विश्वेश्वरन के प्रशिक्षित रोहित ने इस साल मार्च में होटल स्टॉकहोम नॉर्थ जीएम राउंडर-रॉबिन टूर्नामेंट जीतकर अपना पहला जीएम मानदंड हासिल किया। वहीं अब उनका दूसरा जीएम नॉर्म जून में दुबई ओपन में आया। बता दें कि, भारत को 1988 में विश्वनाथन आनंद के रूप में पहला ग्रैंडमास्टर मिला था। जबकि दिव्या देशमुख पिछले महीने फिडे वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत के साथ देश की 88वीं ग्रैंडमास्टर बनीं।

### रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट

## गुकेश पांचवें स्थान पर खिसके कारुआना ने की बढ़त हासिल

सेंट लुई (अमेरिका)। विश्व चैंपियन डी. गुकेश के लिए ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सेंट लुई रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट



का दूसरा दिन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्हें एक बाजी में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजियां उन्होंने ड्रॉ खेली, जिससे वह 10 खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में छह अंकों के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गए। गुकेश ने चौथे दौर में अमेरिका के अंतिम स्थान पर काबिज सैम शंकलैंड के हाथों मिली करारी हार के बाद फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ अगले दो मुकाबले ड्रॉ खेले।

## अरोनियन ने खेली दो बाजी ड्रॉ

इस बीच अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन को दिन की आखिरी बाजी में हराकर दो अंकों की बढ़त ले ली। गुकेश की तरह अरोनियन भी केवल दो बाजी ड्रॉ करा पाए और एक हार गए।

रैपिड में अब जबकि केवल तीन दौर का खेल बचा हुआ है तब कारुआना संभावित 12 में से 10 अंक लेकर इस वर्ग में जीत की स्थिति में दिख रहे हैं। अरोनियन अभी भी आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं और अमेरिका के ही वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

बाक्स


**कार्यालय कलेक्टर जिला विदिशा एवं पदेन उपसचिव**
**मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**

**क्र./क्यू/भू-अर्जन/2025/11829** **विदिशा, दिनांक : 12.08.2025**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(देखिए धारा 11)**

समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची-1 में वर्णित भूमि की राज्य शासन के विभाग लोक निर्माण विभाग (मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम) भोपाल के अरिहंत नगर से बंटी नगर ओवर ब्रिज हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की सम्भावना है, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम भोपाल द्वारा यह प्रमाणित किया गया है कि परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग के पत्र क्र.एफ/17/2023/19/यो/2540 भोपाल दिनांक 25.05.2024 द्वारा प्रदाय की गई, परियोजना के निर्माण से विदिशा जिले में अरिहंत नगर से बंटी नगर तक ओवर ब्रिज बन जाने से आवागमन सुगम होगा एवं परियोजना के निर्माण से व्यापक लोकहित निहित है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इस सार्वजनिक सूचना के जरिये सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि इसके द्वारा उक्त परियोजना हेतु निम्नानुसार भूमि का अर्जन किया जाता है।

(1) **परियोजना का नाम :-** अरिहंत नगर से बंटी नगर ओवर ब्रिज
(2) **भूमि का विवरण :-**
1. जिला :- विदिशा
2. तहसील :- विदिशा
3. ग्राम/नगर :- विदिशा
4. पटवारी हल्का :- कस्बा विदिशा
5. अर्जित भूमि का क्षेत्रफल :- 0.600 हेक्टेयर

**अनुसूची- 01**

| क्र. | भूमि स्वामी का नाम | स्वामित का प्रकार | खसरा नंबर | कुल रकबा | अर्जित रकबा | शेष रकबा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परीश जैन पुत्र प्रमोद कुमार जैन श्रीमती ज्योत्सना जैन पत्नी श्री सौरभ जैन | भूमि स्वामी | 1523 | 0.125 | 0.105 | 0.020 |
| 2. | श्रीमती सविता दुवे पत्नी अशोक दुवे, श्री प्रदीप चौकसे पुत्र श्री भागीरथ चौकसे, शैलेश अग्रवाल पुत्र स्व. सुरेशचंद अग्रवाल, सीमा अग्रवाल पत्नी श्री संजय अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल पत्नी श्री राकेश अग्रवाल पुत्री स्व. सुरेशचंद अग्रवाल | भूमि स्वामी | 1526/3/2/2 | 0.418 | 0.025 | 0.393 |
| 3. | महीपभानु पुत्र कृष्णगोपाल शर्मा, राजा रावत, रजत रावत, राहुल रावत, सत्यम रावत पुत्रगण मंगलसिंह रावत, दीपक जैन पुत्र अशोक कुमार जैन, अब्दुलसलाम पुत्र नजर मोहम्मद, मोहनलाल पुत्र सुन्दरलाल जैन, अनिल पुत्र रज्जनलाल जैन, मुकेश पुत्र कन्हैयालाल तलरेजा, श्रीमति रानीबाई पत्नी रवि सेन, छायाअवंति पत्नी राजेश जैन, अभि जैन साहिलगोमसी जैन पुत्र राजेश जैन अंजलि पत्नी राजेश जैन | भूमि स्वामी | 1526/2 | 1.823 | 0.050 | 1.773 |
| 4. | महीपभानु पुत्र कृष्णगोपाल शर्मा, राजा रावत, रजत रावत, राहुल रावत, सत्यम रावत पुत्रगण मंगलसिंह रावत दीपक, जैन पुत्र अशोक कुमार जैन, अब्दुलसलाम पुत्र नजर मोहम्मद, मोहनलाल पुत्र सुन्दरलाल जैन, अनिल पुत्र रज्जनलाल जैन, मुकेश पुत्र कन्हैयालाल तलरेजा, श्रीमति रानीबाई पत्नी रवि सेन, छायाअवंति पत्नी राजेश जैन, अभि जैन साहिलगोमसी जैन पुत्र राजेश जैन अंजलि पत्नी राजेश जैन | भूमि स्वामी | 1526/4 | 0.418 | 0.048 | 0.370 |
| 5. | डॉ राधेश्याम पुत्र चिरोंजीलाल | भूमि स्वामी | 1492/1 | 1.254 | 0.230 | 1.024 |
| 6. | रमेशचन्द पुत्र चिरोंजीलाल | भूमि स्वामी | 1492/2 | 2.090 | 0.142 | 1.948 |

**अनुसूची-02**

| जिला | तहसील | ग्राम | निजी भूमि का लगभग क्षेत्रफल (हे.में) | शासकीय भूमि का क्षेत्रफल (हे.में) | धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्डन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विदिशा | विदिशा | विदिशा | 0.600 | 0.285 | अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी राजस्व विदिशा/जिला विदिशा | रेल ओवर ब्रिज विदिशा |

राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ 16-15-(7) 2014 सात-शा, 2 ए भोपाल दिनांक 29.09.2014 जिसका मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 03.10.2014 के पृष्ठ क्रमांक 2895 पर प्रकाशन किया गया है के द्वारा प्रत्येक जिले में कलेक्टर कार्यालय की भू-अर्जन शाखा के प्रभारी अधिकारी को, जो डिप्टी कलेक्टर के अनिम्न श्रेणी का होगा और उसके सेवकों, कर्मकारों या उसके निर्देशों के अधीन कार्य करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को उस जिले के भीतर अधिनियम की धारा 12 के उपबंधों को क्रियान्वित करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। अतः उक्त अधिसूचना के परिचालन में प्रभारी अधिकारी भू-अर्जन शाखा विदिशा को अधिनियम की धारा 12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया जाता है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम भोपाल प्रभारी अधिकारी, भू-अर्जन शाखा जिला विदिशा के निर्देशन में कार्य करते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा।
अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात, क्रय विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लगम सृजित नहीं करेगा।
अधिनियम की धारा 15(1) के अधीन यथा उपबंधित इस सूचना के **प्रकाशन की तारीख से 60 (साठ) दिनों के भीतर** किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भू-अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष (कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विदिशा में) आक्षेप यदि कोई हो फाइल किए जा सकेंगे।
भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विदिशा एवं संभागीय प्रबंधक सड़क विकास निगम भोपाल कार्यालय में किया जा सकता है।
मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार।

**(विक्रम ठाकुर)** सहायक महाप्रबन्धक एमपीआरडीसी, भोपाल
**(सोनल सिन्हा)** संभागीय प्रबंधक एमपीआरडीसी, भोपाल
**(क्षितिज शर्मा)** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विदिशा (म.प्र.)
**(अंशुल गुप्ता)** कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला - विदिशा (म.प्र.)

म.प्र. माध्यम/121561/2025

Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets
गैस एसिडिटी कब्ज
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्याओं से परेशान हैं तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।
24x7 Helpline: 91197 88888 | Website: www.petsaffa.com | Available at all leading medical stores
20% EXTRA
TABLETS
Divisa
www.divisastore.com
Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
UIN-A08-AY-PB-2025

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज करेंगे डायल-112 का फ्लैग ऑफ, कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में होगा आयोजन

# मप्र में डायल-100 अब हुआ डायल-112, लोगों को मिलेगी एक साथ कई सुविधाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मप्र पुलिस की ओर से प्रदेश की नवीन आपातकालीन सेवा डायल 112 का शुभारंभ गुरूवार, 14 अगस्त को दोपहर 12.20 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में करेंगे। इसके साथ ही साथ डायल-112 नई तकनीकों डेटा एनालिटिक्स, रीयल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग के साथ अब सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि खतरे का पूर्वानुमान कर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी सक्षम है। कार्यक्रम में डीजीपी कैलाश मकवाना मौजूद रहेंगे।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रेडियो, दूरसंचार संजीव शमी ने बताया कि जन-सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक बदलाव लाते हुए, मप्र में डायल-100 की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाते हुए डायल-112 को एकीकृत, स्मार्ट और बहु-एजेंसी आपातकालीन प्रतिक्रिया सेवा के रूप में स्थापित किया जा रहा है। बढ़ती आवश्यकताओं और बहु-एजेंसी समन्वय को देखते हुए, डायल-112 सेवा शुरू की जा रही है। तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य और सेवा गुणवत्ता की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, डायल-112 को अधिक कुशल, बुद्धिमान और नागरिक-जागरूक प्रणाली के रूप में पुनः डिज़ाइन किया गया है। अब पुलिस (100), स्वास्थ्य, एम्बुलेंस (108), अग्निशमन (101), महिला हेल्पलाइन (1090), साइबर क्राइम (1930), रेल मदद (139), हाईवे एक्सिडेंट रिस्पॉन्स (1099), प्राकृतिक आपदा (1079) और महिला एवं चाइल्ड हेल्पलाइन (181, 1098) जैसी सभी सेवाएं एक ही नंबर 112 से उपलब्ध होंगी।

### नई डायल-112 प्रणाली की प्रमुख विशेषताएं

प्रत्येक शिफ्ट में 100 एजेंट की क्षमता वाला नया कॉन्टैक्ट सेंटर, जिसमें 40 सीटों का डिस्पैच यूनिट है। पीआरआई लाइनों से एसआईपी आधारित ट्रंक लाइन पर माइग्रेशन, जिससे 112 पर कॉल एक्सेस अधिक सहज हो। उन्नत बिज़नेस इंटेलिजेंस (बीआई) और एमआईएस रिपोर्टिंग टूल्स। नागरिकों और एफआरवी के बीच संपर्क को बेहतर बनाते हुए गोपनीयता बनाए रखने के लिए नंबर मास्किंग समाधान। एफआरवी के रख-रखाव को ट्रैक करने हेतु समग्र फ्लीट मैनेजमेंट सॉफ़्टवेयर। चैटबॉट जैसे नॉन-वॉयस माध्यमों से नागरिकों से संवाद और शिकायतों की ट्रैकिंग।

### खास बातें

- प्रयासों और उन्नत तकनीक से होगा सशक्त समाज का निर्माण: मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री के निर्देशों और सुझावों का अनुसरण करते हुए पुलिस विभाग द्वारा डायल 112 को अब तक की सबसे हाईटेक पुलिस सेवा के रूप में विकसित किया गया है
- डायल 112, आपराधिक मामलों के अलावा, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को तत्काल मदद करेगी
- कार्यक्रम में डीजीपी कैलाश मकवाना मौजूद रहेंगे
- चैटबॉट नॉन-वॉयस से नागरिकों से संवाद में आसानी होगी

### 1 नवम्बर 2015 को शुरू हुई थी डायल-100 की केंद्रीकृत, राज्य-व्यापी पुलिस आपातकालीन सेवा



मप्र में 1 नवम्बर 2015 को शुरू हुई डायल-100 भारत की पहली केंद्रीकृत, राज्य-व्यापी पुलिस आपातकालीन प्रतिक्रिया सेवा थी। इसने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में त्वरित, तकनीक-सक्षम सहायता उपलब्ध कराते हुए जन-सुरक्षा में नया मानक स्थापित किया। इस प्रणाली का संचालन भोपाल स्थित अत्याधुनिक सेंट्रल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से किया गया। नागरिक टोल-फ्री नंबर 100 पर कॉल करते थे, जहां प्रशिक्षित कॉल-टेकर कंप्यूटर-सहायता प्राप्त डिस्पैच सॉफ़्टवेयर के माध्यम से निकटतम उपलब्ध डायल-100 (एफआरवी) की पहचान कर तुरंत रवाना करते थे। इसमें 1,000 जीपीएस-सक्षम चार-पहिया एफआरवी और 150 दो-पहिया इकाइयाँ शामिल थीं, जिन्हें मोबाइल फोन और मोबाइल डेटा टर्मिनल (एमडीटी) से लैस किया गया था।

### डायल-100 में अब तक 8 करोड़ 99 लाख 4 हजार 390 कॉल प्राप्त

डायल-100 सेवा के आरंभ होने से लेकर जून-2025 तक कुल 8 करोड़ 99 लाख 4 हजार 390 कॉल प्राप्त हुए, जिनमें से 2 करोड़ 07 लाख 91 हजार 177 कार्रवाई लायक कॉल थे। इनमें से 1 करोड़ 97 लाख 02 हजार 536 पर डायल 100 से जनता को मदद पहुंचाई गई। डायल- 100 कॉल सेंटर में आपात स्थिति में कॉलर की लोकेशन ट्रेस करने के लिए लोकेशन बेस्ड सिस्टम (एलबीएस) स्थापित है। पुलिस के ये इमरजेंसी वाहन अतिशीघ्र सहायता स्थल तक पहुंचते हैं, जिससे न्याय को जन-जन के द्वार तक पहुंचाने का संकल्प डायल-100/112 के माध्यम से सार्थक हो रहा है।

### अब डायल 112 में यह रहेगी खूबियां

- डायल 112 में एडवांस तकनीकी उपकरणों से लैस 1200 नए फर्स्ट रेस्पॉन्स वाहन संचालित होंगे. ये प्रदेश के हर जिले, शहर, गांव, मोहल्ले तक अपनी सेवायें प्रदान करेंगे।
- सभी डायल 112 वाहनों में प्रशिक्षित, कुशल चालक और पुलिसकर्मी 24x7 आम जन की सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगे।
- डायल 112, आपराधिक मामलों के अलावा, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को तत्काल मदद करेगी।
- डायल 112 में सड़क दुर्घटनाओं, गुमशुदा बच्चों, आत्महत्या, बाल विवाह जैसे मामलों में पूर्व की तरह सहायता प्रदान करेगी।
- मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा डायल 112 सेवा हेतु एक नया, अत्याधुनिक कंट्रोल एवं कमांड सेंटर स्थापित किया गया है। डायल 112 सेवा, आधुनिक तकनीक से लैस, तेज, डिजिटल रूप से एकीकृत तथा बहु-सेवा आधारित होगी, जिससे आमजन किसी भी आपात स्थिती में 112 नंबर पर कॉल कर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकेंगे।

# अपैरल-टैक्सटाइल के वैश्विक ब्रांड्स के उद्योगपतियों से निवेश संवाद करेंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*14 को समत्व भवन में निवेश के संबंध में होगी राउंड टेबल मीटिंग*

*'मेड इन एमपी' को वैश्विक बाजार में मिलेगी पहचान, होगा एमओयू*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश अपैरल और टैक्सटाइल सेक्टर में निवेश और वैश्विक बाजार तक पहुंच के नए द्वार खोलने जा रहा है। डॉ. यादव 14 अगस्त को देश और दुनिया के 15 से अधिक शीर्ष अपैरल एवं टेक्सटाइल ब्रांड्स के प्रतिनिधि एवं उद्योगपति मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में निवेश के संबंध में राउंड टेबल मीटिंग में संवाद करेंगे। बैठक में पीएम मित्रा पार्क सहित राज्य की अत्याधुनिक औद्योगिक अवसंरचना, कुशल श्रमशक्ति और रणनीतिक भौगोलिक स्थिति का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। डॉ यादव वस्त्र नीति, निवेश अवसर और 'मेड इन एमपी - वियर एक्रॉस द वर्ल्ड' विज़न को प्रस्तुत करते हुए इस क्षेत्र में राज्य के भविष्य की स्पष्ट रूपरेखा रखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन से स्थानीय उत्पादकों और वैश्विक ब्रांड्स के बीच प्रत्यक्ष संवाद से निर्यात में वृद्धि होगी, नए रोजगार अवसर भी पैदा होंगे, जिससे राज्य के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

### राउंड टेबल मीटिंग में ये उद्योगपति होंगे शामिल

राउंड टेबल मीटिंग में केयर ट्रेडिंग एशिया लिमिटेड के रीजनल कंट्री हेड वामशी माधव, पूमा ग्रुप के शाखा प्रबंधक आंशुल वी ग्रोवर, पीवीएच के वरिष्ठ निदेशक तेजस संपत, हेंसब्रेंड्स इनक्लूसिव के कंट्री मैनेजर जितेन बेल्लानी, बीएसएल एण्ड एआई ग्लोकल के संस्थापक रमन दत्ता, मदरकेयर के निदेशक तपन बंसल, ग्रेपवाइन डिजाइन्स के प्रबंध निदेशक रोहित अनेजा, वाइल्डक्राफ्ट के मुख्य उत्पादक अधिकारी भूपिंदर सिंह, जिवामे के एवीपीएवं हेड कैटेगरी एंड सोर्सिंग डॉ किरुबा देवी, रेमंड लाइफस्टाइल लिमिटेड के मुख्य व्यवसाय अधिकारी नीरज नागपाल, सेंट्रिक ब्राण्डस की कंट्री निदेशक सुश्री अन्निका पासी, न्यूटाइम्स ग्रुप ऑफ़ कंपनीज़ की वरिष्ठ सोर्सिंग निदेशक सुश्री जसवीन कौर, ट्रिबर्ग के ग्रुप लीडर कपिल काक, पैरागॉन अपैरल्स के प्रबंध निदेशक रोशन बैंड और लक्ष्मीपति ग्रुप के प्रबंध निदेशक राकेश सरावगी के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### बीएसएल एसोसिएशन के साथ होगा एमओयू

दिल्ली में हाल ही में आयोजित बीएसएल ग्लोबल आउटरीच समिट-2025 में मुख्यमंत्री डॉ यादव की भागीदारी ने अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों का ध्यान मध्यप्रदेश की ओर खींचा। बैठक में बीएसएल एसोसिएशन और मध्यप्रदेश सरकार के बीच एमओयू होगा, जो निवेश संवर्धन, सोर्सिंग सुविधा और क्षमता निर्माण के तीन प्रमुख क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहयोग सुनिश्चित करेगा। इस समझौते के माध्यम से मध्यप्रदेश अंतर्राष्ट्रीय खरीददारों के लिए प्राथमिकता प्राप्त विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरेगा और 'मेड इन एमपी' को वैश्विक पहचान मिलेगी। उल्लेखनीय है कि ब्रांड एंड सोर्सिंग लीडर्स (बीएसएल) एसोसिएशन 55 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के वैश्विक टैक्सटाइल और अपैरल व्यापार का नेतृत्व करती है और 250 से ज्यादा प्रमुख खरीददार व सोर्सिंग संगठनों से जुड़ी है।

## पात्रता से 20 गुना अधिक भुगतान करने पर सीधी ब्लॉक बीएमओ डॉ. वर्मा निलंबित

**भोपाल।** सीधी जिले में पदस्थ विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके वर्मा को वास्तविक कार्य से 20 गुना अधिक भुगतान करने पर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्यवाही करते हुए निलंबित कर दिया है। भुगतान दस्तावेजों के सही ढंग से सत्यापन न कर पात्रता से अधिक भुगतान करने पर स्वास्थ्य आयुक्त तरुण राठी द्वारा संबंधित चिकित्सक का निलंबन कर क्षेत्रीय संचालक रीवा में पदस्थ किया गया है। एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच इन सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को 30 साल से अधिक उम्र के लोगों की असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग के लिए 32 हजार 250 रुपए की राशि प्रदान की जानी थी। डॉ वर्मा द्वारा वास्तविक कार्य एवं दस्तावेजों का ठीक ढंग से सत्यापन न करते हुए छह लाख 95 हजार 250 रुपए का भुगतान कर दिया गया। प्रकरण के परीक्षण उपरांत डॉ आरके वर्मा को पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना, स्वेच्छाचारिता से शासकीय कार्य संपादित करने, आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित करने, कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरतने, गंभीर वित्तीय अनियमितता पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा के नियमों के तहत निलंबित किया गया है।

# पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा की मौजूदगी में हुई स्वतंत्रता दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल

सलामी के बाद परेड का निरीक्षण कर संदेश का वाचन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय स्वाधीनता की 78वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह मुख्यमंत्री मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 15 अगस्त को लाल परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। बुधवार को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा की मौजूदगी में स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस परेड एवं फाइनल रिहर्सल यहां लाल परेड ग्राउंड में हुई।



डीजीपी सहित अन्य अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक चंचल शेखर, पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणचारी मिश्रा, डिप्टी कमिश्नर भोपाल सुश्री किरण गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। फुल ड्रेस परेड के फाइनल अभ्यास के दौरान 23वीं बटालियन के सहायक उप निरीक्षक हीरा लाल यादव ने प्रतीक स्वरूप मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और ध्वजारोहण, राष्ट्रीय धुन एवं परेड द्वारा सलामी के बाद परेड का निरीक्षण कर संदेश का वाचन किया। उसके बाद परेड का विसर्जन कर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### अभ्यास परेड में पुलिस बैंड सहित कुल 18 टुकड़ियों ने लिया भाग

फाइनल अभ्यास परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के सहायक पुलिस आयुक्त इंदौर आदित्य पटले ने किया। सहायक परेड कमांडर की भूमिका सहायक पुलिस आयुक्त दिव्या झारिया ने निभाई। संयुक्त अभ्यास परेड में पुलिस बैंड सहित कुल 18 टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें गुजरात पुलिस बल, सशस्त्र सीमा बल, महिलाओं का विशेष सशस्त्र बल, जिला बल एवं रेल की संयुक्त टुकड़ी, विशेष सशस्त्र बल (उत्तरी जोन), हॉकफोर्स, एसटीएफ, जिला पुलिस बल, जेल विभाग (महिला), विशेष सशस्त्र बल (दक्षिणी जोन), आदि शामिल होंगे।

### पदक अलंकरण प्राप्त करने का अभ्यास

प्रतीक स्वरूप संदेश वाचन के बाद राष्ट्रपति पदक प्राप्त 65 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी मुख्य अतिथि से पदक अलंकरण प्राप्त करने का अभ्यास किया। अंत में परेड कमाण्डर और परेड में शामिल सभी दलों के प्लाटून कमांडरों ने मुख्य अतिथि को अपना परिचय देने का अभ्यास भी किया। स्टेडियम में नागरिकों के आने-जाने बारीकी से जांच की गई।

## प्रभारी अफसरों को पूर्णकालिक पदनाम दिलाने मुख्यमंत्री से मिला राज्य प्रशासनिक संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रभारी डिप्टी कलेक्टर को पूर्णकालिक डिप्टी कलेक्टर पदनाम और सुविधाएं देने, आईएएस पदोन्नति डीपीसी प्रतिवर्ष नियमित रूप से करने सहित अन्य मांगों को लेकर बुधवार को राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारी मुख्यमंत्री से मिले। सीएम ने अफसरों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि सीएम को कैडर से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कैडर पदों पर केवल कैडर के अधिकारियों की पदस्थापना, विभिन्न श्रेणियों के पद जो समय-सीमा की पात्रता पूर्ण न होने से रिक्त हैं, उनमें एक वर्ष की छूट देकर पदोन्नति देने और लंबित कैडर रिव्यू को शीघ्र संपन्न करने की जरूरत बताई। संघ की महासचिव टीना यादव ने बताया कि सीएम ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## गैस पीड़ितों के मुआवजे की सुनवाई 22 सितंबर को, मुआवजे की उम्मीद जगी

**भोपाल।** यूनियन कार्बाइड हादसे के पीड़ितों के मुआवजे को लेकर हाईकोर्ट में 22 सितंबर को सुनवाई होगी। गैस संगठनों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इसके बाद केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस भेजे गए हैं। नोटिस के बाद पीड़ितों को पर्याप्त मुआवजे की उम्मीद जागी है। यह जानकारी गैस पीड़ितों के चार संगठन के पदाधिकारियों ने बुधवार को दी। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में उनकी जनहित याचिका उन पीड़ितों को पर्याप्त मुआवजा दिलाने में सफल होगी। राज्य और केंद्र सरकार को हाईकोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 22 सितंबर तक जवाब देने को कहा है।

प्रमुख याचिकाकर्ता संगठन भोपाल गैस पीड़ित महिला पुरुष संघर्ष मोर्चा की सदस्य नसरीन खान ने बताया कि हमारी याचिका में आधिकारिक जानकारी दी है।

## यात्रा के प्रारंभ स्थल से लेकर संपूर्ण कोलार सिक्स लेन को कर्तव्यपथ की तरह सजाया

# आज कोलार से निकलेगी भारत की विशाल तिरंगा यात्रा, मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित भारत की विशाल तिरंगा यात्रा गुरुवार सुबह 10 बजे मुखर्जी नगर कोलार से निकलेगी। तिरंगा यात्रा के लिए मुखर्जी नगर कोलार सहित भोपाल को तिरंगे के तीन रंग में रंग दिया गया है। मुखर्जी नगर कोलार में यात्रा के प्रारंभ स्थल से लेकर संपूर्ण कोलार सिक्स लेन को कर्तव्यपथ की तरह सजाया गया है। तिरंगा यात्रा के आयोजक कर्मश्री के अध्यक्ष एवं विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया की तिरंगा यात्रा में 50 हजार वाहनों पर एक लाख देश भक्त शामिल होंगे। यात्रा का 11 सौ मंचों पर लगभग पांच लाख नागरिक यात्रा का अभिवादन करेंगे। विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि 14 अगस्त को सुबह 10 बजे कोलार के मदर टेरेसा से यह यात्रा प्रारंभ होगी। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल उपस्थित रहेंगे।




**सेल्फी पॉइंट बना आकर्षण का केंद्र**

हर घर तिरंगा अभियान एवं ऑपरेशन सिंदूर के पराक्रम को प्रदर्शित करते सेल्फी पॉइंट आकर्षण का केंद्र बने हुए। बंदी संख्या में नागरिक बंधु, स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं यहां सेल्फी लेने पहुंच रहें है।

## आज तिरंगा यात्रा के चलते बदली रहेगी राजधानी की यातायात व्यवस्था

कोलार से भैसाखेड़ी तक निकाली जाएगी यात्रा

**भोपाल।** सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्था कर्मश्री के तत्वावधान में अखंड भारत स्मृति दिवस के अवसर पर विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन गुरुवार 14 अगस्त को सुबह 10.00 बजे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर कोलार से संत हिरदाराम नगर तक किया जाएगा, जोकि कोलार के मदर टेरेसा स्कूल के सामने से प्रारंभ होकर, डीमार्ट चौराहा, ललिता नगर, कोलार थाना, बीमाकुंज, नयापुरा, सर्वधर्म पुलिया, चूनाभटटी चौराहा, कोलार गेस्ट हाउस तिराहा, मैनिट चौराहा, माता मंदिर, न्यू मार्केट, रोशनुपरा चौराहा, बाणगंगा चौराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा, कमलापार्क, रेतघाट चौराहा, व्हीआईपी रोड होते हुए, खानूगांव चौराहा, लालघाटी चौराहा से हलालपुरा बस स्टेण्ड से बैरागढ चंचल चौराहा, कालीमंदिर तिराहा, आकाश गार्डन होते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय कृषि उपज मंडी भैसाखेडी पर समाप्त होगी। तिरंगा यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

### यह रहेगी यातायात व्यवस्था

कोलार डेम से डी-मार्ट चौराहा, चूनाभटटी की ओर आने वाले बडे/मध्यम/यात्रीयान वाहन प्रातः 8 बजे से परिवर्तित रहेंगे। ये वाहन गोलजोड चौराहा से गोलगांव, अमरावद कला, सेमराकला गांव, मानरोवर डेंटल कॉलेज तिराहा, दानिश कुंज चौराहा, जबाबानगर होते हुए मनीषा मार्केट से आगे की ओर आ-जा सकेंगे। इसी प्रकार कोलार गेस्ट हाउस तिराहा, चार इमली, 5 नम्बर, राजीव गांधी चौराहा की ओर से आने वाले बड़े, मध्यम, यात्रीयान वाहन जो कोलार रोड़ अथवा चूनाभट्टी से कोलार डैम की ओर जाना चाहते है, वे प्रशासन अकादमी, मनीषा मार्केट, दानिश कुंज चौराहा, सेमराकला गांव से गोल जोड जाने वाले मार्ग का प्रयोग कर सकेगें।

IES COLLEGE OF TECHNOLOGY® BHOPAL
(UGC Autonomous Institute, Affiliated to RGPV, Bhopal)
Approved by AICTE, New Delhi & UG Courses Accredited by NBA
ADMISSIONS THROUGH COLLEGE LEVEL COUNSELING
B.Tech (CSE) Specialization in • AIML • Cyber Security • Data Science • AI & DS

| B.Tech. | CSE | ME | CE | EC | EX |
|---|---|---|---|---|---|
| Branch / Seats Left | 12 | 17 | 14 | 9 | 14 |

Polytechnic (CSE, CE), M.Tech., D.Pharm, B.Pharm, M.Pharm & MBA
Record Placements for 2024 & 25 Batch
1650+ OFFERS 120+ MULTIPLE OFFERS FROM 2-5 COMPANIES
175+ COMPANIES VISITED 5.15 LPA AVERAGE PACKAGE
Package 21 LPA JUSPAY Saanvi Shukla B.Tech (CSE) 2025 Batch
IES UNIVERSITY 105+ COURSES OFFERED
• Engineering • Ayurveda • Journalism & Mass Comm. • Nursing
• Pharmacy • Basic Sciences • BBA (Logistic) • Paramedical
• Management • B.Com., M.Com. • BCA, BCA (AIML) • Law • Arts
• Hotel Mgmt. • Agriculture Sci. • MCA, MCA (AIML) • Ph.D.
IES Campus, Ratibad Main Road, Bhopal.
Call : 8516064444, 9229251422/78/60

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930